www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 25 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 104 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नई दिल्ली की लोकसभा सीटों का चुनाव प्रचार थमते ही दो जिगरी दोस्त अब पंजाब का किला फतह करने के लिए जानी दुश्मन बनकर एक दूसरे पर तलवार भांजेंगे। इसकी शुरूआत कांग्रेस ने कर भी दी है। उसके नेता ने सीधे सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवालिया निशान लगाते हुए विवादास्पद बयान दिया है कि एक सीएम को अंतरिम जमानत मिल गई लेकिन दूसरे सीएम हेमंत सोरेन को इसलिए जमानत नहीं मिली कि वे आदिवासी हैं। इसे ही कहते हैं कहीं पर निगाहें कहीं पर निशाना। अब देखना दिलचस्प होगा कि झाड़ू वाले पंजाब में कैसे पंजा झाड़कर उनके पीछे पड़ते हैं?

19 आदिवासियों की मौत: हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी से मांगा जवाब

- कहा- शपथ पत्र में बताएं हादसे रोकने क्या कर रही सरकार
- 26 जून तक सभी पक्षकारों को जवाब देने कहा गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में तेंदूपत्ता तोड़कर लौटने के दौरान पिकअप पलटने से 19 आदिवासियों की मौत हुई थी। इस पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की गई।

राज्य सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी से सड़क हादसे रोकने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कितना अमल हुआ, इसकी रिपोर्ट मांगा गया है। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच में हुई। 26 जून तक सभी पक्षकारों को जवाब देने कहा गया है। कवर्धा में हुए सड़क हादसे में 19 आदिवासियों की मौत पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। आज मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व नेशनल हाईवे अथॉरिटी से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा, शपथ पत्र में बताएं कि राज्य सरकार सड़क हादसे रोकने क्या कर रही है। मामले में अब 26 जून को सुनवाई होगी। कबीरधाम जिले के बाहपानी गांव में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी। सभी मृतक सेमरहा गांव के थे। आज एक साथ 19 मजदूरों की अर्थी उठी. ग्रामीणों ने नम आखों से अंतिम विदाई दी. अंतिम संस्कार कार्यक्रम में डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा- घटना की बारीकी से होगी जांच

घटना को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा है कि सरकार इस दुख की घड़ी में जो मृतक के परिवार वाले हैं उनके साथ है. हर संभव मदद के लिए सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी हुई है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने तमाम मांगों पर विचार करते हुए आगे कार्रवाई के साथ ही इस पूरे घटना की सघनता के साथ जांच कराने की बात भी कही है।

छठे चरण में 58 सीटों पर 889 उम्मीदवार, आज होगा मतदान

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के चुनाव का प्रचार गुरुवार शाम (23 मई) समाप्त हो गया। छठे दौर में आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों के लिए 25 मई को वोटिंग होनी है। इन प्रदेशों से कुल 889 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 15 है। जिन उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है उनमें मेनका गांधी, मनोहर लाल खट्टर, महबूबा मुफ्ती, राज बब्बर, दिनेश लाल निरहुआ, धर्मेंद्र यादव, मनोज तिवारी समेत कई हाई-प्रोफाइल चेहरे शामिल हैं।

चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 लोगों की मौत

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बदरीनाथ में 14, केदारनाथ में 23, गंगोत्री में 03 और यमुनोत्री में 12 श्रद्धालुओं की जान गई है। केदारनाथ में बीते 10 वर्ष में 350 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जिसका प्रमुख कारण सीने में दर्द, बेचैनी और दिल का दौरा पड़ना रहा है। बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आए केरल के एक श्रद्धालु की गुरुवार को हृदयगति रुकने से मौत हो गई।

लाल आतंक को डिप्टी सीएम की सलाह मुख्यधारा से जुड़ने में सबकी बेहतरी

- कहा- लक्ष्य उन्नति है, तो रास्ता एक हो सकता है

जगदलपुर/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अबूझमाड़ के नक्सल मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के ढेर होने के बाद नक्सलियों के राष्ट्रीय संगठन को मुख्यधारा से जुड़ने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, नारायणपुर-बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में 8 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। जवानों के शौर्यवान भुजाओं का यह आधार है।

वहीं नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी से सरकार को लिखे गए पत्र पर डिप्टी सीएम व गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, ऑपरेशन जहां जरूरी हो जाए वहां करना होता है। चाणक्य की बात करते हुए उन्होंने कहा कि, वही राग अलापने से कुछ नहीं होने वाला।

नक्सलियों से आग्रह है कि आप वार्ता करें। उन्होंने आगे कहा, कि अगर नक्सली भी विकास चाहते हैं, उन्नति चाहते हैं, तो वे मुख्य मार्ग में आ जाएं। क्योंकि सरकार भी राज्य का विकास चाहती है। इसलिये अगर सरकार और नक्सलियों का लक्ष्य एक है, तो रास्ता भी एक हो सकता है। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1 महिला सहित 3 नक्सलियों ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 3 नक्सलियों ने सरेंडर किया है, जिनमें 1 महिला नक्सली भी शामिल हैं। तीनों नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित तीन नक्सली रोड खोदने, नक्सली बैनर-पोस्टर लगाने जैसे कामों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लौट रही टीम से फिर हुई मुठभेड़ एक और नक्सली हलाक

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई है। अबूझमाड़ के इलाके में नक्सलियों ने पुलिस टीम पर उस वक्त हमला बोल दिया जब पुलिस मुठभेड़ में मारे गए सातों नक्सलियों के शव लेकर लौट रही थी। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगलों में 23 मई को पुलिस के जवानों ने धावा बोला था। उन्हें सूचना मिली थी की जंगल के भीतर बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इस सूचना के बाद नारायणपुर एसपी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनता की समस्या का त्वरित निराकरण ही हमारा मकसद : विष्णुदेव साय

- नियुक्त किये जाएंगे नोडल अधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। जन समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अब अफसरों की जिम्मेदारी तय करने जा रही है। मंत्रालय से लेकर जिला स्तर तक नोडल एवं अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति होगी। जो पंद्रह दिन के अंदर आवेदनों का निराकरण करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार का स्लोगन विष्णु का सुशासन को चरितार्थ करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

आम तौर पर बेहद शांत और सरल माने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने अभी पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था कि सामान्यतः वे बेहद शांत हैं, मगर जनता की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर उन्हें गुस्सा आता है। संभवतः इसी परिप्रेक्ष्य में सीएम साय ने मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल में मिले समस्याओं के त्वरित और उचित निदान के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत नोडल अधिकारी और अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति की जानी है। मंत्रालय स्तर पर अवर सचिव नोडल अधिकारी होंगे जबकि उपसचिव अपीलीय अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर अथवा संयुक्त कलेक्टर नोडल अफसर होंगे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईओडब्ल्यू की टीम ने रानू साहू के भाई को किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कोयला घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष साहू को ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार 24 मई की शाम साढ़े पांच बजे गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गरियाबंद जिले के पांडुका स्थित उनके निवास से ईओडब्ल्यू की टीम ने की है। जानकार बताते हैं कि पिछले 4 दिनों से ईओडब्ल्यू पीयूष पर नजर रखे हुए थी। इसकी भनक पीयूष को लग गई थी, लेकिन आज जैसे ही पीयूष अपने घर पहुंचा तो करीबन शाम साढ़े 5 बजे ईओडब्ल्यू की टीम आ धमकी। ईओडब्ल्यू की टीम ने रानू साहू घर को घेरा तो पीयूष दीवार फांद कर घर के पीछे भाग खड़ा हुआ।

वोटिंग परसेंटेज को लेकर निर्देश का 'सुप्रीम' इंकार

- याचिका पर सुनवाई स्थगित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वेबसाइट पर आकंड़े अपडेट करने के लिए कर्मचारियों को लगाना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक एनजीओ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग प्रत्येक चरण की वोटिंग के 48 घंटे के भीतर मतदान का डाटा वेबसाइट पर अपलोड करे। साथ में याचिका में यह भी मांग की गई थी कि इस बारे में शीर्ष अदालत चुनाव आयोग को निर्देश दे।

अवकाश पीठ ने की सुनवाई

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अदालत ने मांगा था जवाब

कोर्ट ने 17 मई को चुनाव आयोग से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि याचिका पर जवाब देने के लिए चुनाव आयोग को कुछ समय दिया जाना चाहिए। इसके बाद आयोग ने एक हलफनामा दायर किया। आयोग ने अदालत से एडीआर के हलफनामे को खारिज करने की मांग की और कहा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व कामकाज को बदनाम करने के लिए उस पर झूठे आरोप लगाते रहते हैं।

अगर भारत की सीमाएं अधिक सुरक्षित होती तो और तेजी से विकास होता : अजीत डोभाल

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का 21वां अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम रुस्तमजी मेमोरियल में हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर भारत की सीमाएं अधिक सुरक्षित और परिभाषित होती तो भारत बहुत तेजी से प्रगति करता। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारे देश की शक्ति में भारी वृद्धि हुई है।

कार्यक्रम में एनएसए ने आगे कहा कि हमारी सीमाएं निकट भविष्य में उतनी सुरक्षित नहीं होंगी, जितनी तेज हमें आर्थिक विकास के लिए चाहिए। इसलिए बीएसएफ पर यह जिम्मेदारी बहुत अधिक हो गई है कि वे 24 घंटे सतर्क रहें। उन्हें देश की सुरक्षा के लिए और अधिक चौकन्ना होना होगा। किसी भी देश के लिए सीमाएं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट, एनआईए ने एक और आरोपी किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार (24 मई) को रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में चार राज्यों में कार्रवाई करने के बाद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी की पहचान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकी के रूप में हुई है। आरोपी का नाम शोएब अहमद मिर्जा उर्फ छोटू (35 साल) है जो कर्नाटक के हुबली शहर का रहने वाला है। इस मामले में गिरफ्तार होने वाला वह पांचवां आरोपी है, जो एलईटी आतंकी साजिश मामले में पहले से भी अपराधी है।

जालंधर में पीएम ने कांग्रेस को घेरा कहा-पंजाब की प्रगति मेरी गारंटी

चंडीगढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जालंधर के पीएपी मैदान में पहुंचे। उनके आते ही पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। केसरिया पगड़ी पहनकर आए मोदी ने पंजाबी में अपना संबोधन शुरू किया।

दीनानगर की ही तरह जालंधर में भी मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चहेते इतिहासकारों से जो इतिहास की किताबें लिखवाईं, उसमें दो परिवारों का जिक्र रहा- एक अपने परिवार का और दूसरा मुगल परिवारों का... नतीजा ये हुआ है कि देश की कितनी ही पीढ़ियां हमारे साहिबजादों के बलिदान से सही से परिचित ही नहीं हो पाईं। कांग्रेस को लगता था कि साहिबजादों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बच्चों को सोशल मीडिया से हर हाल में रखें दूर: एलन मस्क

नई दिल्ली। अरबपति और दुनिया की सबसे बड़ी माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा है कि सोशल मीडिया बच्चों के लिए बहुत ही खतरनाक है। सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखना जरूरी है। लंबे समय तक सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बच्चों के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे सीमित करने की जरूरत है।

एक कॉन्फ्रेंस में एलन मस्क ने बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर बातें की। उन्होंने कहा, मैं सभी पैरेंट्स से आग्रह करता हूं कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें। बच्चे एआई एल्गोरिदम के प्रति संवेदनशील होते हैं, जो डोपामाइन के स्तर को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

20 साल पुराने मानहानि मामले में मेधा पाटकर दोषी करार

नई दिल्ली। साकेत कोर्ट ने शुक्रवार (24 मई) को सामाजिक कार्यकर्ता और नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को मानहानि मामले में दोषी ठहराया है। उनके खिलाफ तत्कालीन केवीआईसी अध्यक्ष वीके सक्सेना (अब दिल्ली एलजी) की ओर से याचिका दायर की गई थी। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, साकेत कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया. कानून के मुताबिक, उन्हें सजा के तौर पर दो साल की जेल या जुर्माना या फिर दोनों मिल सकते हैं. पाटकर और दिल्ली एलजी दोनों 2000 से कानूनी लड़ाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

खबरदार... 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी

चक्रवाती तूफान 'रेमल' ये है टाइमलाइन, यहां करेगा लैंडफॉल

- गहरे दबाव में और 26 मई को गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। देश के एक बड़े हिस्से में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जबकि केरल में भारी बारिश हो रही है। इस बीच, बंगाल की खाड़ी में सीजन का पहला चक्रवाती तूफान भी उठा है। इसे रेमल नाम दिया गया है। इसका सबसे ज्यादा असर पश्चिम बंगाल पर पड़ेगा। मौसम विभाग ने बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग अनुसार, बंगाल की खाड़ी में उठ रहा यह चक्रवाती तूफान 26 मई (रविवार) को एक गंभीर चक्रवात के रूप में पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश बांग्लादेश के तटों से टकरा सकता है। शनिवार को ही बंगाल में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ सीटों पर मतदान होना है। आशंका है कि चक्रवाती तूफान रेमल के कारण मतदान में बाधा आ सकती है।

सौ किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवात के कारण 25 मई को पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से और बांग्लादेश में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

बंगाल के साथ ही ओडिशा के तट से टकरा सकता है

हालांकि मौसम विभाग ने अभी चक्रवात के लैंडफॉल से संबंधित कोई भी आधिकारिक रूप से जानकारी उपलब्ध नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में असर

छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक तेज गर्मी से राहत रहेगी। तेज अंधड़, बारिश और बादलों के कारण दिन का तापमान कम रहेगा। बस्तर संभाग के ज्यादातर जिलों में बारिश की गतिविधियां जारी रहेगी। रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में आज भी गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। प्रदेश में समुद्र की ओर से बड़ी मात्रा में नमी आ रही है। नमी के कारण ही शाम और रात में तेज हवा के साथ कहीं-कहीं अच्छी बारिश भी हो रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान कवर्धा में सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश दर्ज की गई।

अलीपुर में बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। दिल्ली के अलीपुर में उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब यहां अचानक कार्निवल रिसॉर्ट में आग लग गई। देखते हुए देखते रिसॉर्ट से आग की ऊंची-ऊंची लपटे उठने लगी और आसमान में काला धुआं छा गया। रिसॉर्ट से आग की लपटें सड़क तक आ रही हैं। आग की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

7 राज्यों की 57 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार, आज होगा मतदान

नई दिल्ली वार्ता। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में 7 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान 25 मई को होना है. जिन 7 राज्यों में चुनाव होना है, उसमें बिहार, झारखंड, हरियाणा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली शामिल हैं।

सुलतानपुर में मेनका गांधी का भीम निषाद और उदयराज वर्मा से कड़ी टक्कर

सुलतानपुर में भाजपा उम्मीदवार मेनका गांधी का सपा के भीम निषाद और बहुजन समाज पार्टी बसपा के उदयराज वर्मा से कड़ा

मुकाबला है. इलाहाबाद सीट पर पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी का मुकाबला कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह से है।

निरहुआ का मुकाबला धर्मेंद्र यादव में टक्कर

वर्ष 2019 में सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा जीती गई आजमगढ़ सीट पर

निवर्तमान भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ का मुकाबला सपा के धर्मेंद्र यादव से है. धर्मेंद्र यादव वर्ष 2002 के लोकसभा उपचुनाव में निरहुआ हार गए थे।

बिहार की 8 सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में बिहार की 8 सीटों पर 25 मई को मतदान होना है. बिहार की जिन आठ सीटों पर मतदान होना है, उसमें महाराजगंज, सिवान, गोपालगंज, वैशाली, शिवहर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और वाल्मिकीनगर शामिल हैं।

झारखंड की 4 सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनाव 2024 के 6ठे चरण में झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर मतदान होना है. जिन चार सीटों पर वोटिंग होना है, उसमें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर शामिल हैं. झठे चरण में झारखंड में चार सीटों पर कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं. जिसमें रांची से 27, जमशेदपुर से 25, गिरिडीह से 16 और धनबाद से 25 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं.

उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान

आम चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य की 14 लोकसभा सीट पर प्रचार अभियान गुरुवार को समाप्त हो गया। राज्य में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 25 मई को मतदान होना है. 14 लोकसभा सीट पर 146 पुरुष और 16 महिलाओं सहित कुल 162 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि गैसड़ी विधानसभा सीट पर सात उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. जिन सीट पर मतदान होना है उनमें सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, आंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित) और भदोही लोकसभा सीट शामिल हैं।

दिल्ली की सभी 7 सीटों पर मतदान

दिल्ली की सभी 7 सीटों पर मतदान 25 मई को होना है. सभी सीटों पर गुरुवार की शाम चुनाव प्रचार थम गया. जिन सीटों पर चुनाव होना है, उसमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली शामिल हैं. दिल्ली में कुल 162 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं. जिसमें चांदनी चौक से 25, उत्तर पूर्वी दिल्ली 28, पूर्वी दिल्ली 20, उत्तर पश्चिम दिल्ली 26, नई दिल्ली 17, दक्षिणी दिल्ली 22 और पश्चिमी दिल्ली 24 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

पवन सिंह, राजा राम और उपेन्द्र कुशवाहा में कांटे का मुकाबला...... एनडीए की बड़ी रणनीति

रोहतास। काराकाट में एनडीए उम्मीदवार के तौर पर उपेन्द्र कुशवाहा मैदान में हैं, जिन्हें सीपीआई एमएल के राजा राम सिंह टक्कर तो दे ही रहे हैं, इस लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है पवन सिंह ने जो निर्दलीय मैदान में हैं. वहीं, उपेन्द्र कुशवाहा ने पूरी ताकत झोंक रखी है, लेकिन राजा राम सिंह और पवन सिंह ने उनकी चिंता बढ़ा दी है।

एक तरफ राजा राम सिंह हैं जो कुशवाहा जाति से ही आते हैं. वह माले के कैडर वोटर के साथ साथ आरजेडी के रूढ़ समीकरण और कुशवाहा जाति के वोट काट मैदान में हैं. वहीं, दूसरी ओर निर्दलीय पवन सिंह उस राजपूत जाति से आते हैं, जो एनडीए का स्वाभाविक वोटर माने जाते हैं. पवन सिंह इस वोट बैंक को अपने पाले में करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. वहीं भोजपुरी फिल्मों से मिले स्टारडम की वजह

टफफाइट में बिछ रही जीत की बिसात

से तमाम जातियों के प्रशंसक वोटर पर भी पैनी निगाह बनाए हुए हैं और मुकाबले में खुद को बनाए हुए हैं।

उपेन्द्र कुशवाहा भी कुशवाहा जाति से आते हैं और इस जाति के वोटर के साथ-साथ एनडीए के वोट बैंक के सहारे मैदान मारने की कोशिश कर रहे हैं. लेकिन, उनके सामने समस्या ये है कि माले उम्मीदवार कुशवाहा जाति से ही हैं. वहीं, एनडीए के वोटर राजपूत जाति से पवन सिंह हैं जो समस्या बढ़ा रहे हैं. यही वजह है कि उपेन्द्र कुशवाह के जीत के लिए एनडीए के तमाम बड़े नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है और कई दिग्गज नेता प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं.

उपेन्द्र कुशवाहा के लिए शुक्रवार को नीतीश कुमार चुनावी सभा कर रहे हैं तो 25 मई को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने वाले हैं. वहीं, काराकाट में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपेन्द्र कुशवाहा के लिए चुनावी सभा करने वाले हैं।

यही नहीं बिहार एनडीए के कई बड़े नेता लगातार काराकाट में रहकर उपेन्द्र कुशवाहा के लिए दिन रात चुनावी प्रचार में लगे हुए हैं. एनडीए ने काराकाट सीट को प्रतिष्ठा की सीट बना लिया है और बीजेपी के सदस्य रह चुके पवन सिंह को पार्टी से बाहर निकाल कर बड़ा मैसेज देने की कोशिश भी की है।

दिल्ली में बीजेपी लगाएगी हैट्रिक या 'हाथी' बिगाड़ेगा 'गठबंधन' का सियासी खेल

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को दिल्ली में भी मतदान होना है. यहां पर इस बार सियासी समीकरण बदले हुए हैं. आम आदमी पार्टी और कांग्रेस जहां मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं वहीं, बसपा अकेले दम पर ताल ठोंके हुए है. यही नहीं झाड़ू वाले कई नेता इस बार हाथी पर सवार होकर मैदान में हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हाथी इस बार इंडी गठबंधन की चाल बिगाड़ सकता है. साथ ही ज्यादातर सीटों पर नए चेहरे उतारकर बीजेपी फिर से हैट्रिक लगाने की जुगत में है।

दिल्ली में 7 सीटों पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे. इस बार यहां बीजेपी से मुकाबला करने के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में गठबंधन हुआ है. इसमें दिल्ली की 4 सीटों पर आम आदमी पार्टी और 3 सीटों पर कांग्रेस मैदान में है. वहीं बीजेपी सभी सात सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है. बीजेपी ने क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए 6 सीटों पर नए चेहरों पर दांव लगाया है, जबकि एक सीट पर निवर्तमान सांसद मनोज तिवारी पर भरोसा जताया है। उधर, बहुजन समाज पार्टी-बीएसपी भी सातों सीटों पर अकेले दम पर मैदान में है. उसने दो सीटों पर आम आदमी पार्टी के बागियों पर दांव लगाया है. इससे इंडी गठबन्धन को एक बड़ा झटका माना जा रहा है. बसपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह का दावा है कि पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ रही है. आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन से बसपा को कोई नहीं नुकसान नहीं है, बल्कि फायदा ही साबित होगा।

दिल्ली सरकार के मंत्री रहे राजकुमार आनंद आम आदमी पार्टी छोड़कर बसपा के टिकट से नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं 'आप' से ही बगावत कर पूर्वी दिल्ली से मोहम्मद वकार चौधरी मैदान में है. बसपा इन प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में उतरने से बेहतर प्रदर्शन के दावे कर रही है। दिल्ली में 1.52 करोड़ से अधिक मतदाता हैं. इसमें करीब 15 फीसद अनुसूचित जाति के वोटर हैं. ऐसे में बहुजन समाज पार्टी की नजर इन वोटों के साथ ही मुस्लिम मतदाताओं पर भी हा.

बसपा का सियासी ट्रैक

दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी वर्ष 1989 से लोकसभा और विधानसभा के साथ ही नगर निगम चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारती रही है. बीएसपी को अब तक लोकसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली है, परंतु विधानसभा और निगम चुनाव में कुछ सीट जीतने में वह सफल रही है. दिल्ली नगर निगम की 250 और दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर बीएसपी हर चुनाव लड़ती है. 2008 में दिल्ली विधानसभा लड़ने पर बीएसपी के 2 विधायक जीते थे. 2002 दिल्ली नगर निगम में 1 पार्षद जीता, 2007 दिल्ली नगर निगम में 17 पार्षद जीते, 2012 एमसीडी में 15 पार्षदों को विजयी मिली थी और 2017 दिल्ली नगर निगम में 3 पार्षद जीते।

लोकसभा चुनावी वॉच

दिल्ली में वोटगि से पहले 'बुर्के वाली वोटर' पर बवाल!

नई दिल्ली। वैसे तो चुनावों के दौरान तमाम तरह के विवाद, आरोप-प्रत्योप सामने आते ही रहते हैं, लेकिन दिल्ली में वोटिंग से ठीक पर बुर्के पर तकरार छिड़ी हुई है. दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली चुनाव आयोग से मुलाकात करके मतदान के लिए आने वाली बुर्काधारी मतदाताओं के सही तरीके से वेरिफिकेशन की मांग की है. बीजेपी द्वारा मुस्लिम महिला मतदाताओं की पहचान की मांग उठाने से राजनीति में अलग ही तूफान उठ खड़ा हुआ है. अब इस मामले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कड़ी आपत्ति जताई है।

दिल्ली भाजपा का एक प्रतिनिधमंडल में विधायक अजय महावर, जितेन्द्र महाजन और मोहन सिंह विष्ट, वकील नीरज गुप्ता ने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन देते हुए निवेदन किया है कि वोटिंग वाले दिन जो भी बुर्का पहने हुए हो या फिर किसी ने मास्क लगाया हो, उनका पूरी तरह से चेहरा खुला होना चाहिए ताकि किसी भी तरह की गलत वोटिंग ना हो सके. इसके पीछे का कारण दिल्ली भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्य से किसी भी प्रकार का कोई फेड वोटिंग ना हो। चुनाव आयोग ने भरोसा दिया है कि इस मामले में कानूनी तौर पर जो भी बेहतर विकल्प होगा उस पर वह काम करेंगे और कोशिश करेंगे कि किसी भी प्रकार की गलत वोटिंग को समाप्त कर दिया जाए। बीजेपी द्वारा उठाए इस मामले पर एआईएमआईएम प्रमुख ने कड़ी आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि बीजेपी बिना वजह से विवाद खड़ा कर रही है।

असदुद्दीन ओवैसी ने अपने एक्स पर लिखा-



तेलंगाना में पिछले दिनों हुए लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान इनके (बीजेपी) उम्मीदवार ने मुस्लिम खूवातीन की सरेआम बेइज़्ज़ती की और परेशान करने का काम किया. हर चुनाव में भाजपा कोई न कोई बहाना ढूंढ कर मुस्लिम खूवातीन को परेशान करती है और निशाना बनाती है। असदुद्दीन ओवैसी लिखते हैं- परदा-नशीन औरतों को लेकर निर्वाचन सदन के साफकवाईद और ज़ाबते हैं, चाहे वो बुर्के में हों या घूंघट में हों या मास्क में, बिना तस्दीक/जांच के किसी को भी वोट देने नहीं दिया जाता है तो फिर भाजपा को ऐसी ख़ास मांग क्यों करनी पड़ी?

दोस्त बनकर जीत के लिए मांगता था दुआ, आज दुश्मन बनकर खोदी खाई, कौन मारेगा बाजी?

जमशेदपुर। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 25 मई को होनेवाली वोटिंग में 25 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं. पर मुख्य मुकाबला है बीजेपी उम्मीदवार विद्युत वरण महतो और झारखंड मुक्ति मोर्चा उम्मीदवार समीर मोहंती के बीच देखने को मिल रहा है. 2019 के लोकसभा चुनाव में ये दोनों नेता साथ-साथ थे पर 5 साल बाद सजे चुनावी रण में ये दोनों दोस्त एक-दूसरे के दुश्मन बन कर कर जनता की अदालत में गुहार लगा रहे हैं.

जमशेदपुर की पहचान औद्योगिक नगरी की रही है. टाटा स्टील प्लांट और टाटा मोटर्स जैसे कई छोटे-बड़े उद्योगों की वजह से यहां मजदूरों की आबादी सबसे ज्यादा है. कई दिग्गज मजदूर नेताओं की ये कर्मस्थली भी रही है. पर जमशेदपुर लोकसभा सीट पर अब तक सिर्फ एक बार 1984 में मजदूर नेता और टेल्को वर्कर्स यूनियन के महासचिव गोपेश्वर को जीत मिली थी. 2008 में उनकी मृत्य हो गई. तब से कोई भी मजदूर नेता जमशेदपुर से लोकसभा नहीं जा सका.

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा सीट आती हैं- जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिम, घाटशिला, बहरागोड़ा, पोटका और जुगसलाई. इनमें से घाटशिला, बहरागोड़ा, पोटका और जुगसलाई झारखंड मुक्ति मोर्चा-जेएमएम के कब्जे में हैं. जबकि जमशेदपुर पश्चिम सीट कांग्रेस और जमशेदपुर पूर्वी पर निर्दलीय विधायक का कब्जा है. इस लिहाज से यहां इंडिया गठबंधन का दबदबा दिख रहा है. पर जमशेदपुर में अब तक 18 बार हुए लोकसभा चुनाव में से सबसे ज्यादा 6 बार भारतीय जनता पार्टी, 4 बार कांग्रेस और 3 बार जेएमएम को जीत मिली है. यहां भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो 2 बार जीत की हैट्रिक लगा चुकी है.

कौन हैं विद्युत वरण महतो?

जमशेदपुर के मौजूदा बीजेपी सांसद विद्युत वरण महतो ने जेएमएम से सियासी सफर शुरू किया था. महतो 2009 में बहरागोड़ा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर विधायक चुने गए. पर 2014 में जेएमएम छोड़ कर बीजेपी में शामिल हुए और लोकसभा चुनाव जीत कर जमशेदपुर से सांसद बन गए. उस समय उन्होंने झारखण्ड विकास मोर्चा- जेवीएम उम्मीदवार डॉ. अजय कुमार को 99,876 मतों से हरा दिया था.

2019 के लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो ने तत्कालीन झारखंड के मौजूदा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को 3,02,090 मतों के बड़े अंतर से पछाड़ा था. तब बीजेपी को 6,79,632 यानी 59.39 फीसदी वोट मिले थे. जबकि जेएमएम को 3,77,542 यानी 32.99 फीसदी वोट ही मिले थे. यही नहीं इन दोनों के अलावा बचे अन्य 19 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी.

सीएम बनर्जी का एलान, हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हाल ही में वर्ष 2010 से राज्य में जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया था। इस फैसले से नाराज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एलान किया कि उनकी सरकार हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगी।

गर्मी की छुट्टियों के बाद ऊपरी अदालत जाएंगेदक्षिण चौबीस परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद ऊपरी अदालत का दरवाजा

खटखटाएगी। उन्होंने कहा, हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के आदेश को स्वीकार नहीं करते हैं। हम गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत जाएंगे।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद्द कर दिया था। इससे लोकसभा चुनाव के बीच में राजनीतिक बहस छिड़ गई। अदालत ने कहा था कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी की सूची में शामिल करना उनके साथ वोट बैंक की तरह बर्ताव करना है। बनर्जी ने चुनावी रैली में अपने संबोधन में मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा या किसी अन्य पार्टी को एक भी वोट न दें।

मेनका गांधी, निरहुआ और ललितेश त्रिपाठी समेत 162 उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में शनिवार, 25 मई को 7 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग होगी. इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर भी मतदान होगा. यूपी के चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी और भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ समेत 162 उम्मीदवारों की तकदीर का फैसला होगा.

शनिवार को ही उत्तर प्रदेश की 14 सीट पर लोकसभा चुनाव के साथ-साथ बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे.

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठे चरण में प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही और विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मतदान होगा. 14 लोकसभा सीट पर 146 पुरुष और 16 महिलाओं सहित कुल 162 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि गैसड़ी विधानसभा सीट पर सात उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं.

सुलतानपुर में बीजेपी उम्मीदवार मेनका गांधी का समाजवादी पार्टी के रामभुआल निषाद और बहुजन समाज पार्टी के उदयराज वर्मा से मुकाबला है. इलाहाबाद सीट पर पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी के बेटे भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी का मुकाबला 'इंडिया' गठबंधन से कांग्रेस कोटे के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह से है. आजमगढ़ सीट पर निवर्तमान भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ का मुकाबला समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव से है. धर्मेंद्र यादव 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में निरहुआ से हार गए थे . जौनपुर सीट पर बहुजन समाज पार्टी के मौजूदा सांसद श?याम सिंह यादव को पार्टी ने फिर चुनाव मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला सपा उम्मीदवार तथा पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और भाजपा के कृपाशंकर सिंह से है.

भदोही में भाजपा ने अपने निवर्तमान सांसद रमेश बिंद की जगह विधायक विनोद कुमार बिंद को मैदान में उतारा है जिनके मुकाबले विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन ने तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है. कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की चौथी पीढ़ी के ललितेश मिर्जापुर जिले में कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं.

डुमरियागंज में बीजेपी सांसद और पार्टी प्रत्याशी जगदंबिका पाल का मुकाबला सपा के भीष्मशंकर तिवारी उर्फकुशल तिवारी से होगा. अंबेडकरनगर में बीजेपी के रितेश पांडेय और सपा के पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है. संतकबीरनगर में भाजपा के मौजूदा सांसद प्रवीण निषाद और सपा के लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद मुकाबले में हैं.

कमल विहार में मिली अज्ञात महिला की लाश की शिनाख्त

■ लालपुर निवासी केवरा बाई 18 तारीख से थी लापता, शराब की थी आदि, बेटे ने 21 तारीख को दर्ज कराई गुम होने की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। गुरूवार की दोपहर रायपुर के कमल विहार के सेक्टर 4 में अज्ञात महिला की बदहाल अवस्था में मिली लाश की शिनाख्त लालपुर निवासी केवरा बाई के रूप में हुई है। महिला की उम्र लगभग 45 साल बताई जा रही है जिसके दो बच्चे हैं और पति की मृत्यु बोहोत पहले हो चुकी है। उसने गले में कोई मंगलसूत्र नहीं बलकि आर्टिफिशियल माला पहने थी। बताते हैं कि मृतका केवरा शराब भी पीती थी।

जानकारी के मुताबिक जामुल का रहने वाला एक शख्स जब कमल विहार की झाड़ियों में टॉयलेट करने गया तब उसे वहां पड़े सीवरेज के बड़े से पाइप तेज दुर्गन्ध आई, उसने जाकर देखा तो पाइप के अंदर एक महिला की लाश दिखी जिसकी सुचना उसने तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुँच कर टिकरापारा थाना पुलिस ने लाश को तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात लाश की शिनाख्त करने में जुट गई और 24 घंटे के अंदर महिला की पहचान केवरा बाई लालपुर निवासी के रूप में की गई है।

मोबाइल घर में छोड़ लापता थी केवरा बाई

पुलिस के अनुसार मृत महिला केवरा बाई 18 मई की रात 9 बजे से अपना मोबाइल फ़ोन घर में छोड़ कर कहीं चली गई थी जिसकी शिकायत मृतिका के बेटे ने लापता होने के 2 दिन बाद 21 मई को टिकरापारा थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुम इंसान की शिकायत दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन मृतिका के लापता होने के बाद भी पुलिस मृतिका की तलाश करने में नाकाम थी , जबकि जिस जगह केवरा बाई की लाश मिली है वो इलाका संवेदनशील माना जाता है और वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा कमल विहार में लगातार गश्त करने के निर्देश भी निरंतर दिए जाते रहे हैं।

गले की माला और कानो की बाली से शिनाख्त

पुरानीबस्ती सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया की महिला की लाश मिलने के बाद पुलिस उसकी पहचान में जुटी हुई थी तभी 21 मई को टिकरापारा थाने दर्ज हुए गुम इंसान के मामले को खंगालते हुए मृतिका के बेटों को लाश की शिनाख्त करने बुलाया गया जहाँ केवरा बाई के बेटे ने लाश के गले में पड़ी माला और कानों की बाली से मृतिका की पहचान की। सीएसपी राजेश देवांगन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

बेटे ने बताया पहले भी ऐसे ही चली जाती थी मां

मृतका केवरा बाई के पुत्र ने अपने बयान में पुलिस को बताया है की उसकी माँ पहले भी अचानक इसी तरह से घर से कुछ दिनों के लिए निकल जाती थी। लेकिन हमेशा 2 दिन में लौट आया करती थी जिसकी वजह से मृतिका के परिवार वाले परेशान भी थे और इसी वजह से इस दफा भी केवरा बाई के लापता होने के बाद 2 दिनों तक परिजनों ने उसकी राह देखते रहे, लेकिन उसके घर न लौटने के बाद 21 मई को रायपुर के टिकरापारा थाने में शिकायत की।

कातिल की तलाश में जुटी पुलिस

फ़िलहाल पुलिस ने इस मामले में केवरा बाई के हत्यारों की तलाश में जुट गई है , साथ ही यह भी आशंका जताई जा रही है की मृतिका जिस दिन लापता हुई उसी दिन उसकी हत्या की जा चुकी थी और लाश को सीवरेज पाइप में छुपा कर हत्यारे फरार हो गए थे।

नक्सली मुठभेड़ : जवानों की भुजाओं के ताकत के कारण हुआ सम्भव-शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ के दौरान सात नक्सली मारे गए और उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जवानों के भुजाओ के ताकत के कारण यह सम्भव हो पाया है। बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमा क्षेत्रों में आज सुबह 11 बजे से ही बस्तर फाइटर, एस.टी.एफ और डीआरजी के जवानों की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन सर्चिंग शुरू की थी और उसके अंतर्गत मुठभेड़ हुआ है, जिसमें वर्दी धारी 7 नक्सली मारे गए हैं, उन सभी के पास से हथियार भी बरामद हुए हैं और ये सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता है। पुनः क्षेत्र में सुरक्षा बलों की भुजाओं की ताकत पर ये संभव हो सका है। मैं मावोवादियों से फिर भी अपील करता हूँ। माओवादियों से की आप समर्पण करे, मुख्य धारा में वापस आए पुनर्वास करे और आपकी पुनर्वास के लिए जो आवश्यकता है, वो आप बताए सरकार उसे पूरा करेगी। सरकार वार्ता करने के लिए हर समय तैयार है।

गौरतलब है कि सुरक्षाबलों की एक टुकड़ी नक्सल सर्च अभियान पर निकली थी। आज सुबह 11 बजे नारायणपुर-बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में जवानों ने मुस्तैदी से मोर्चा संभाला जिसमें सात नक्सलियों के मारे जाने की खबर है और कई नक्सलियों के घायल होने की प्रबल संभावना है। घटनास्थल पर भारी मात्रा में हथियार और नक्सल साहित्य बरामद होने की भी सूचना है।

न्यूज गैलरी

पूर्व सीएम भूपेश बघेल शिव महापुराण के लिए आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शिव महापुराण के लिए आमंत्रित किया गया. आयोजक उन्हें आमंत्रित करने भिलाई 3 स्थित उनके निवास पहुंचे और आमंत्रण पत्र सौपे. पूर्व सीएम ने कार्यक्रम मे पहुंचने का भरोसा दिलाया है। वही इस दौरान आयोजक पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, वंदना खंडेलवाल, सागर खंडेलवाल और मोनू साहू उपस्थित रहे. पूर्व सीएम नि कार्यक्रम की पूरी जानकारी आयोजकों से ली और चुनावी दौरो के बीच पहुंचने का भरोसा दिलाया है. साथ ही चर्चा करते हुए कहा-अच्छा आयोजन है। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए. उन्होने पूरी आयोजन मण्डल को ढेर सारी शुभकामनाएं भी दी।

सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर स्थित मारूति होम के फ्लैट नंबर 501 के ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील कुमार गुप्ता 29 वर्ष मारूति होम फ्लैट नंबर 501 का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी 17 मई को अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गया था। जब 20 मई को वापस आया तो देखा की उसके फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 7 हजार रुपए गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 15 हजार 601 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बच्ची को बनाया हवस का शिकार : गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्त्तन राठौर सर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में नाबालिग बालिका पर घटित अपराध में गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार है कि नाबालिग बालिका प्रार्थिया/ पीड़िता के द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर आरोपी भोलू उर्फ रितेश गोस्वामी द्वारा पीड़िता के मना करने के बाद भी जबरदस्ती पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया।

राज्य में गुंडे अपराधी बेलगाम हो गये है

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में एक पिता पुत्र को 6 अपराधियों द्वारा दौड़ा-दौड़ाकर पीटने की घटना राज्य के कानून व्यवस्था का आईना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाये बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरे सामने आ रही। पांच माह में प्रदेश में 46 से अधिक हत्याओं की घटना हो गयी है। राजधानी रायपुर में तीन गोलीकांड हो गया, लूट, चाकूबाजी, चैन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज के पांच महिने में ही छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। भाजपा राज में अपराधी बेलगाम हो गये। प्रदेश में आम आदमी का जीवन सुरक्षित नहीं है। दुर्ग में 16 वर्ष की एक मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश किया गया। पांच महिने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की तीन घटनायें हो गयी। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ इसी हफ्ते बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिक बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटती है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गयी। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गये है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरो में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी है। राजधानी में सरे आम चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गयी। एक दूसरी घटना में राजधानी में ही अपराधियों ने दौड़ा-दौड़ा कर युवक की हत्या कर दिया। जोरा में एक व्यक्ति को गोली मार दी गयी। कांकेर के पखांजूर में भाजपा नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। प्रदेश के हर शहर में चाकूबाजी, लूट की वारदाते आम हो गयी है। सरकार बदलते ही ऐसा लगने लगा है जैसे कानून का राज समाप्त हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद नागरिकों को भयमुक्त जीवन जीने का वातावरण देने में भाजपा सरकार विफल साबित हो गयी है।

डीडी नगर का हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी रूद्रदेव कुमार ने थाना डी.डी. नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अग्रोहा कालोनी रायपुरा में रहता है तथा कैनरा बैंक में काम करता हैं। प्रार्थी दिनांक 16.01.2024 को सुबह करीबन 05.00 बजे उसकी भतीजी आकर बताई कि घर में कोई चोर घुसा है, तथा उसके कमरे में रखा हुआ आलमारी खुला था तथा सामान बिखरा हुआ था। सामान चेक किया तो पाया कि कमरे में रखे मोबाईल फोन, नगदी रकम, स्मार्ट वॉच, चांदी के सिक्के तथा घर के पोर्च में खड़ी दोपहिया वाहन नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के पीछे की ओर से खिड़की के रास्ते घर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डी.डी. नगर में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

मीटर गड़बड़ी की समय पर शिकायत नही करना उपभोक्ताओं पर पड़ेगा भारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत वितरण में निष्पादन संबंधी मानक विनिमय-2020 में किए गए बदलाव पर अब अमल करते हुए एक्शन लेने की तैयारी कर ली है। अब बिजली मीटर से संबंधित गड़बड़ी की शिकायत समय पर नहीं करने पर उपभोक्ताओं को जेब से भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि मीटर संबंधी शिकायत आने पर जैसे मीटर जलने पर शहरों में 24 घंटे और गांव में 72 घंटे में बदलकर नया मीटर लगवाना अनिवार्य होगा।

भाजपा सरकार में प्रदेश में बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या बढ़ी

■ भाजपा सरकार आम जनता को मांग के अनुसार बिजली सप्लाई करने में असमर्थ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 23 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 23 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निशुल्क मिलता था।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में चार माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रमन सरकार के दौरान भी बिजली एक बड़ी समस्या थी गांव में बिजली गुल होना आम बात हो गई थी और चार माह में वही स्थिति फिर निर्मित हो गई है शहर में ही बिजली दो-दो, तीन-तीन घंटा बंद रहती है ग्रामीण क्षेत्र की हालत तो बेहद खराब है। मुख्यमंत्री के गृह जिला के नागरिक भी बिजली के आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं ।

गुजरात में भाजपा की सरकारों ने मुस्लिम संप्रदाय के 70 जातियों को ओबीसी आरक्षण का लाभ दिया

■ छत्तीसगढ़ में आरक्षण बाधित करने वाले भाजपाई किस नैतिकता से कलकत्ता हाईकोर्ट के मामले में गाल बजा रहे हैं?

रायपुर/नवप्रदेश। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित तमाम भाजपा नेताओं के आरक्षण को लेकर दिए जा रहे बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में स्वंय ही स्वीकार किया है कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मुस्लिम संप्रदाय के लगभग 70 जातियों को ओबीसी आरक्षण का लाभ दिया, अब चुनावी लाभ के लिये भाजपाईयों के सुर बदल गये। विष्णुदेव साय की सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता ने चुना है, अन्य प्रदेशों के मामले में उछल-उछलकर बयानबाजी करने के बजाय यह बताएं की छत्तीसगढ़ के सर्वहारा वर्ग का अधिकार कब तक राजभवन में कैद रहेगा? भारतीय जनता पार्टी की बदनियती के चलते ही पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के द्वारा पारित 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक विगत डेढ़ साल से राजभवन में लंबित है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के षडयंत्रों के चलते ही छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक अबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सामान्य वर्ग के गरीबों को उनके शिक्षा और रोजगार के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले प्रावधान के 76 प्रतिशत आरक्षण से वंचित रखा गया है। तमाम संवैधानिक संस्थानों सहित राजभवन को भी अपनी पार्टी कार्यालय के रूप में संचालित करने का कुत्सित प्रयास करने वाले भाजपाइयों को छत्तीसगढ़ के नवीन आरक्षण विधेयक पर अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलतः आरक्षण विरोधी है। केंद्र में मोदी की सरकार ने विगत 10 वर्षों में आरक्षित वर्ग के युवाओं को बड़ा नुकसान पहुंचा है। सार्वजनिक उपक्रमों और देश के संसाधनों को बेचकर युवाओं के सरकारी नौकरी के रोजगार के अवसर को खत्म करने का काम केंद्र की मोदी सरकार ने किया है।

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : 250 लोगों ने किए योगासन और प्राणायाम अभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। द योग इंस्टीट्यूट ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 250 से अधिक लोगों ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।

शिविर का शुभारंभ गुरु माँ हँसा जी के मार्गदर्शन एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस शिविर में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से योग का अभ्यास करें। इंस्टीट्यूट के रायपुर शाखा के संचालक योगाचार्य मंजीत स्थापक ने लोगों को कॉमन योग प्रोटोकाल के तहत 1 घंटे में सुखआसन, हस्तपादासन, वृक्षासन, पश्चिमोत्तानासन, शशांक आसन, मकरासन, शलभासन, भुजंगासन के साथ ही शवासन कराया। आसन के बाद गर्मी से बचाव के लिए शीतलीएवं शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। योगाचार्य मनजीत स्थापक ने बताया, ÷योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है। यह मानसिक अनुशासन और आध्यात्मिक विकास का भी एक मार्ग है। योग शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखने में मदद करती है। योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करें। आज के शिविर में 250 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, उनकी उर्जा को इनमें से ऐसे कई लोग थे जो पहली बार योग कर रहे थे और उन्होंने योग को अपनी जीवनशैली में अपनाने

बैज के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधि पंडरिया हादसे के प्रभावितों से मिला

■ शासन तंत्र की लापरवाही से पंडरिया में 19 लोगों की जान गयी - दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा जिले के पंडरिया में हुये सड़क हादसे में मृत हुये लोगों के परिजनों और घायलों से मिलने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रभावितों के गांव सेमरहा गये थे। प्रभावितों से मिलने के बाद पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह घटना बहुत हृदय विदारक है। शासन तंत्र की लापरवाही के कारण इतने आदिवासियों की जानें चली गयी। प्रदेश का मुख्यमंत्री आदिवासी है लेकिन उसकी नजर में आदिवासियों के जान की कोई कीमत नहीं है। एक पिकअप में 35 लोग रोज हफ्तो से भर-भरकर आते जाते थे, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और वन अमले के लोगों ने कभी रोका क्यों नहीं? यदि सरकार सही समय पर कदम उठाई होती तो इतने आदिवासियों की जान नहीं जाती। परिवहन विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास है अतः उनकी खुद की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। गृहमंत्री के गृह जिले में मालवाहक वाहन में सवारी ढोई जा रही थी उनकी पुलिस कहां थी?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का इस घटना के बाद रवैय्या बेहद ही आपत्तिजनक रहा सिर्फशोक व्यक्त करके पल्ला झाड़ लिये, पीड़ितो को दी गयी सहायता राशि 5 लाख भी अपर्याप्त है। मृतकों के परिजनों को 20 लाख रू. तथा घायलों को 5 लाख रू. की सहायता राशि सरकार तत्काल जारी करे। इस घटना में शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता श्रमिक बीमा योजना के तहत सभी को लाभ दिया जाना चाहिये। जानकारी आई है कि केवल दो लोगों को ही बीमा योजना का लाभ मिला है।

साहित्यिक व सामाजिक संस्था ऋचा की बैठक में लिए अनेक निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। स्व.शांति यदु द्वारा स्थापित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक बैठक ईरा पंत जी द्वारा वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित की गई ! इस बैठक का मुख्य ध्येय पिछले माह 21अप्रैल को ऋचा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा के रूप में था जिसमें सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और अगले कार्यक्रम की बेहतरी के लिए अनेक निर्णय लिए गए ! यही ऋचा परिवार की खासियत भी है कि कार्यकारिणी के अतिरिक्त भी हरेक सदस्य को ऋचा की फिक्र और जिम्मेदारी महसूस होती है !

शुरुआत में आयोजक ईरा पंत द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए सचिव नीता श्रीवास्तव को मंच सौंपा गया ।

नीता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन के साथ मां शारदे और मां शांति यदु के माल्यार्पण हेतु आयोजक के साथ संरक्षक प्रदीप यदु, अध्यक्ष लतिका भावे तथा कल्पना यादव जी को आमंत्रित किया ! ईरा जी ने अपनी समधुर आवाज में सरस्वती वंदना गा कर मां का आव्हान किया !

मीडिया प्रभारी मीना शर्मा की अनुपस्थिति में ईरा जी द्वारा पिछले कार्यक्रम की रिपोर्ट पढ़ी गई ।

संरक्षक प्रदीप यदु जी ने अपने उद्बोधन में नए सदस्यों के स्वागत के साथ कई नए परिवर्तनों की घोषणा की तथा प्रत्येक सदस्य से सुझाव देने का आग्रह किया ।

हर्ष का विषय यह भी है इस बार ऋचा में अंचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा सुरेश तिवारी, डा सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं डा कमल वर्मा तथा गजल के सशक्त हस्ताक्षर शायर सुखनवर हुसैन जी एवं आलिम नकवी जी नए सदस्य के रूप में शामिल हुए जिनका अध्यक्ष लतिका भावे जी द्वारा पुष्प से स्वागत किया गया !

नीता श्रीवास्तव द्वारा ऋचा की नियमावली पढ़कर नए सदस्यों को ऋचा के अनुशासन ,एवं कार्यक्रम संबंधी नियमों से अवगत कराया गया । कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन कार्यकारिणी में भी किए गए जिसके अनुसार अध्यक्ष लतिका जी ने दो वर्ष उपरांत अपना पद भार सक्रिय एवं वरिष्ठ सदस्य डा मंजुला हर्ष श्रीवास्तव को ढेर सारे स्नेह और पुष्पगुच्छ के साथ ससम्मान सौंप दिया ! साथ ही वरिष्ठ कवयित्री शकुंतला तरार एवं मधु सक्सेना जी को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद के लिए नियुक्त किया गया ।

सभी नए पदस्थ सदस्यों का जोरदार तालियों से स्वागत हुआ ।

तत्पश्चात नए सदस्यों ने अपनी रचनाओं से हम सबको मुग्ध कर दिया । कल्पना यादव जी द्वारा आभार ज्ञापन और अंत में ग्रुप फोटो, गर्म चाय और स्नेक्स के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

उक्त बैठक में संरक्षक प्रदीप यदु, मंजू यदु, कल्पना यादव, नीता श्रीवास्तव, ईरा पंत , किरण वैद्य ,अमृता शुक्ला ,आशा मानव, चंद्रकांता अग्रवाल, कमल वर्मा, चंद्रकला त्रिपाठी ,जे के डागर, दिलीप वर्वंडकर के पी सक्सेना, साधना सक्सेना चितरंजन कर , माधुरी,आलिम नकवी, सुखनवर, मंजुला हर्ष, शकुंतला तरार सुनीता वर्मा, सुरेंद्र रावल,सिद्धार्थ श्रीवास्तव,लतिका भावे, अमरनाथ त्यागी, अंजू यदु, सुरेश तिवारी, शामिल हुए !

सुविचार

कुछ नादान लोगों से भी दोस्ती बनाए रखना जरूरी है क्योंकि कठिन समय में समझदार दोस्त व्यस्त पाए जाते हैं। नादान दोस्त ही काम आते हैं। - अज्ञात

बंगाल की सियासत का रक्त चरित्र

बंगाल की सियासत का रक्त चरित्र एक बार फिर सामने आया है। बंगाल में छठवें चरण के मतदान से दो दिन पहले फिर हिंसक घटना हो गई। नंदीग्राम में सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने घर में घुसकर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया। धारदार हथियारों से हमला कर उन्होंने एक भाजपा महिला कार्यकर्ता की हत्या कर दी। वहीं अन्य सात लोगों को घायल कर दिया। टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हिंसा का जो तांडव किया उससे वहां तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। टीएमसी के गुंडों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर लोग सड़क पर उतर आए और भाजपा समर्थकों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस ने उन पर लाठियां बरसाई। नतीजतन वहां की स्थिति और खराब होने लगी। भाजपा ने इस हिंसा के लिए वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी नंदीग्राम से ही चुनाव लड़ी थी। जहां उन्हें भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने पराजित कर दिया था। इसके बाद भी वे मुख्यमंत्री बन गई। और एक अन्य सीट से चुनाव जीतने में सफल हुई। नंदीग्राम से पराजित होने की पीड़ा ममता बनर्जी नहीं भूल पाई हैं। एक सप्ताह पहले ही उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि वे नंदीग्राम में हुई अपनी हार का बदला जरूर लेगी। उनके इस भड़काऊ बयान को लेकर ही भाजपा ममता बनर्जी पर निशाना साध रही है। और यह आरोप लगा रही है कि ममता बनर्जी ने हिंसा करवाकर नंदीग्राम में राजनीतिक बदले की कार्यवाही की है। वहीं दूसरी ओर टीएमसी के नेता इस हिंसा के लिए भाजपा को ही जिम्मेदार ठहराकर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा होना कोई नई बात नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भी वहां जमकर हिंसा हुई थी। टीएमसी के गुंडों ने ऐसा आतंक मचाया था कि हजारों की संख्या में भाजपा समर्थकों को बंगाल से पलायन करना पड़ा था। इसी तरह पंचायत चुनाव के दौरान भी वहां हिंसा का नंगा नाच हुआ था। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दिन भी वहां जमकर बवाल हुआ था। अब छठवें चरण के मतदान के पहले हुई हिंसा को देखते हुए मतदान के दिन भी वहां भारी हिंसा की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। इसलिए वहां केन्द्रीय सुरक्षाबलों की और ज्यादा तैनाती करने पर चुनाव आयोग को विचार करना चाहिए।

केजरीवाल पर स्वाति मालीवाल के आरोप

नई दिल्ली में लोकसभा की सात सीटों पर मतदान के दो दिन पहले ही स्वाति मालीवाल ने मीडिया के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। स्वाति मालीवाल ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री निवास में जब अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार उनकी बुरी तरह से पिटाई कर रहे थे और वो चीख रही थी तो भी उन्हें बचाने के लिए कोई नहीं आया जबकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद वहां मौजूद थे। गौरतलब है कि इसके पूर्व आम आदमी पार्टी के नेताओं ने यह बयान दिया था कि घटना के समय अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री निवास में नहीं थे। स्वाति मालीवाल ने इस झूठ का पर्दाफाश करते हुए यह भी आरोप लगाया है कि पहले उनका सीएम हाउस में चीर हरण हुआ और अब आम आदमी पार्टी के नेताओं को उनके चरित्र हनन के काम पर लगा दिया गया है। जिनके साथ उन्होंने कई सालों तक मिलकर आम आदमी पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया है आज उन्हीं के साथी रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनके चरित्र पर कीचड़ उछाल रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आजतक उनसे बात करना भी जरूरी नहीं समझा है। वे विभव कुमार को बचाने में लगे हैं। स्वाति मालीवाल का कहना है कि जब मनीष सिसोदिया जेल गए और संजय सिंह जेल गए तब भी अरविंद केजरीवाल ने उनकी गिरफ्तारी का ऐसा विरोध नहीं किया था। अपने पीए विभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद वे खुद सड़क पर उतर आए और पूरी पार्टी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसका मतलब साफ है कि विभव कुमार अरविंद केजरीवाल का सबसे बड़ा राजदार है इसीलिए वे उसे बचाना चाहते हैं। स्वाति मालीवाल के इन आरोपों के बाद अब आम आदमी पार्टी की और खासतौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। इसका सीधा असर नई दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों के चुनाव परिणामों पर भी पड़ सकता है। जहां आम आदमी पार्टी 4 सीटों पर और कांग्रेस पार्टी तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। स्वाति मालीवाल के इन आरोपों का अभी तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोई जवाब नहीं दिया है। वैसे भी इस मामले में उन्होंने लंबी चुप्पी साध रखी थी जब बार बार उनसे स्वाति मालीवाल पिटाई प्रकरण को लेकर मीडिया सवाल करती रही तो आखिर में उन्होंने यह कहकर अपना पिंड छुड़ा लिया कि इस मामले की पुलिस जांच कर रही है इसलिए वे इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। उनका कहना है कि उनके इस बारे में टिप्पणी करने से जांच प्रभावित हो सकती है। जाहिर है अरविंद केजरीवाल अभी भी कुतर्क देकर सवाल से बचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन दिल्ली की जनता तो इस मामले की हकीकत से वाकिफ हो चुकी है। जो इस लोकसभा चुनाव में उन्हें जवाब देगी।

प्रेरक प्रसंग

प्रतिदान

गौतम बुद्ध राजगृह के बेलुवन नामक स्थान में ठहरे हुए थे। एक दिन एक ब्राह्मण, जिसका कोई संबंधी बौद्ध भिक्षु संघ में शामिल हो गया था, वहाँ आकर उनके प्रति कटु शब्द बोलने लगा। गौतम बुद्ध शांत चित्त से सुनते रहे, फिर बोले, बंधु, तुम्हारे यहाँ कोई मेहमान तो आता होगा ?

हाँ, आता है, ब्राह्मण ने जबाव दिया।

तुम उसके लिए अच्छी-अच्छी सामग्री भी बनाते होंगे ?

जी हाँ।

यदि वह उन चीजों को ग्रहण न करे तो ?

तो वे हमारी ही चीजें होने के कारण हम ही उन्हें ग्रहण करते हैं।

तो बंधु, तुमने अभी-अभी जो मुझे गालियाँ दीं, उसे मैंने भी ग्रहण नहीं किया है, क्योंकि मैं कभी भी किसी से कटु वचन नहीं कहा करता। भला बताओ, वे गालियाँ तुम्हें ही मिली न ?

यह सुन उस ब्राह्मण का सिर लज्जा से झुक गया। उसने बुद्धदेव से क्षमा माँगी और स्वयं भी उनका शिष्य हो गया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्त : 06:47, चन्द्रोदय : 19:21

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : विशाखा, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : बालव (18:05 तक), द्वितीय करण : कौलव (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 15:06 से 16:50, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:41, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:25 से 09:03, होमाहुति : चन्द्र (24:41 से मंगल), दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : गौरी के साथ।

प्रो. संजय द्विवेदी

काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता के आचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने 'आदि पत्रकार नारद का संचार दर्शन' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी है। संचार के विद्वान और हरियाणा उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष प्रो. बृजकिशोर कुठियाला मानते हैं, नारदजी सिर्फसंचार के ही नहीं, सुशासन के मंत्रदाता भी हैं। वे कहते हैं- व्यास ने नारद के मुख से युधिष्ठिर से जो प्रश्न करवाये उनमें से हर एक अपने आप में सुशासन का एक व्यावहारिक सिद्धांत है। 123 से अधिक प्रश्नों को व्यास ने बिना किसी विराम के पूछवाया। कौतुहल का विषय यह भी है कि युधिष्ठिर ने इन प्रश्नों का उत्तर एक-एक करके नहीं दिया परंतु कुल मिलाकर यह कहा कि वे ऋषि नारद के उपदेशों के अनुसार ही कार्य करते आ रहे हैं और यह आश्वासन भी दिया कि वह इसी मार्गदर्शन के अनुसार भविष्य में भी कार्य करेंगे।卐 एक सुंदर दुनिया बनाने के लिए सार्वजनिक संवाद में शुचिता और मूल्यबोध की चेतना आवश्यक है। इससे ही हमारा संवाद लोकहित केंद्रित बनेगा। नारद जयंती के अवसर नारद जी के भक्ति सूत्रों के आधार पर आध्यात्मिकता के घरातल पर पत्रकारिता खड़ी हो और समाज के संकटों के हल खोजे, इसी में उसकी सार्थकता है।

लोकमंगल के संचारकर्ता हैं नारद

ब्रम्हर्षि नारद लोकमंगल के लिए संचार करने वाले देवता के रूप में हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में एक अनिवार्य उपस्थिति हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए जो कुछ करते और कहते हैं, वह इतिहास में दर्ज है। इसी के साथ उनकी गंभीर प्रस्तुति 'नारद भक्ति सूक्ति' में प्रकट होती है, जिसकी व्याख्या अनेक आधुनिक विद्वानों ने भी की है। नारद जी की लोकछवि जैसी बनी और बनाई गई है, वे उससे सर्वथा अलग हैं। उनकी लोकछवि झगड़ा लगाने या कलह पैदा करने वाले व्यक्ति कि है, जबकि हम ध्यान से देखें तो उनके प्रत्येक संवाद में लोकमंगल की भावना ही है। भगवान के दूत के रूप में उनकी आवाजाही और उनके कार्य हमें बताते हैं कि वे निरर्थक संवाद नहीं करते। वे निरर्थक प्रवास भी नहीं करते। उनके समस्त प्रवास और संवाद सायास हैं। सकारण हैं। उद्देश्य की स्पष्टता और लक्ष्यनिष्ठा के वे सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। हम देखते हैं कि वे देवताओं के साथ राक्षसों और समाज के सब वर्गों से संवाद रखते हैं। सब उन पर विश्वास भी करते हैं। देवताओं, मनुष्यों और राक्षसों के बीच ऐसा समान आदर तो देवाधिदेव इंद्र को भी दुर्लभ है। वे सबके सलाहकार, मित्र, आचार्य और मार्गदर्शक हैं। वे कालातीत हैं। सभी युगों और सभी लोकों में समान भाव से भ्रमण करने वाले। ईश्वर के विषय में जब वे हमें बताते हैं, तो उनका दार्शनिक व्यक्तित्व भी हमारे सामने प्रकट हो जाता है।

पुराणों में नारद जी को भागवत संवाददाता की तरह देखा गया है। हम यह भी जानते हैं कि वाल्मीकि जी ने रामायण और महर्षि व्यास ने श्रीमद्भागवत गीता का सृजन नारद जी प्रेरणा से ही किया था। नारद अप्रतिम संगीतकार हैं। उन्होंने गंधर्वों से संगीत सीखकर खुद को सिद्ध किया, नारद संहिता ग्रंथ की रचना की। नारद ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु से संगीत का वरदान लिया। सबसे खास बात यह है कि वे महान ऋषि परंपरा से आते हैं, किंतु कोई आश्रम नहीं बनाते, कोई मठ नहीं बनाते। वे सतत प्रवास पर रहते हैं ,उनकी हर यात्रा उदेश्यपरक है। एक सबसे बड़ा उद्देश्य तो निरंतर संपर्क और संवाद है,साथ ही वे जो कुछ वहां कहते हैं, उससे लोकमंगल की एक यात्रा प्रारंभ होती है। उनसे सतत संवाद,सतत प्रवास, सतत संपर्क, लोकमंगल के लिए संचार करने की सीख ग्रहण की जा सकती है।

भारत के प्रथम हिंदी समाचार-पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के लिए संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने देवर्षि नारद जयंती (30 मई, 1826 / ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया) की तिथि का ही चुनाव किया था। हिंदी पत्रकारिता की आधारशिला रखने वाले पंडित जुगलकिशोर शुक्ल ने 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रथम अंक के प्रथम पृष्ठ पर आनंद व्यक्त करते हुए लिखा कि आद्य

पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती के शुभ अवसर पर यह पत्रिका प्रारंभ होने जा रही है। इससे पता चलता है परंपरा में नारद जी की जगह क्या है। इसी तरह एक अन्य उदाहरण है। नारद जी को संकटों का समाधान संवाद और संचार से करने में महारत हासिल है। आज के दौर में उनकी यह शैली विश्व स्वीकृत है। समूचा विश्व मानने लगा है कि युद्ध अंतिम विकल्प है। किंतु संवाद शास्वत विकल्प है। कोई भी ऐसा विवाद नहीं है, जो बातचीत से हल न किया जा सके। इन अर्थों में नारद सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक हैं। सबसे बड़ी बात है नारद का स्वयं का कोई हित नहीं था। इसलिए उनका समूचा संचार लोकहित के लिए है। नारद भक्ति सूत्र में 84 सूत्र हैं। ये भक्ति सूत्र जीवन को एक नई दिशा देने की सामर्थ्य रखते हैं। इन सूत्रों को प्रकट ध्येय तो ईश्वर की प्राप्ति ही है, किंतु अगर हम इनका विश्लेषण करें तो पता चलता है इसमें आज की मीडिया और मीडिया साथियों के लिए भी उचित दिशाबोध कराया गया है। नारद भक्ति सूत्रों पर ओशो रजनीश, भक्ति वेदांत,स्वामी प्रभुपाद, स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि,गुरूदेव श्रीश्री रविशंकर,श्री भूपेंद्र भाई पंड्या, श्री रामावतार विद्याभास्कर,स्वामी अनुभवानंद, हनुमान प्रसाद पोद्दार, स्वामी चिन्मयानंद जैसे अनेक विद्वानों ने टीकाएं की हैं। जिससे उनके दर्शन के बारे में विस्तृत समझ पैदा होती है। पत्रकारिता की दृष्टि से कई विद्वानों ने नारद जी के व्यक्तित्व और कृतित्व का आकलन करते हुए लेखन किया है। हालांकि उनके संचारक व्यक्तित्व का समग्र मूल्यांकन होना शेष है। क्योंकि उनपर लिखी गयी ज्यादातर पुस्तकें उनके आध्यात्मिक और दार्शनिक पक्ष पर केंद्रित हैं।

काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता के आचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने 'आदि पत्रकार नारद का संचार दर्शन' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी है। संचार के विद्वान और हरियाणा उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष प्रो. बृजकिशोर कुठियाला मानते हैं, नारदजी सिर्फ संचार के ही नहीं, सुशासन के मंत्रदाता भी हैं। वे कहते हैं- व्यास ने नारद के मुख से युधिष्ठिर से जो प्रश्न करवाये उनमें से हर एक अपने आप में सुशासन का एक व्यावहारिक सिद्धांत है। 123 से अधिक प्रश्नों को व्यास ने बिना किसी विराम के पूछवाया। कौतुहल का विषय यह भी है कि युधिष्ठिर ने इन प्रश्नों का उत्तर एक-एक करके नहीं दिया परंतु कुल मिलाकर यह कहा कि वे ऋषि नारद के उपदेशों के अनुसार ही कार्य करते आ रहे हैं और यह आश्वासन भी दिया कि वह इसी मार्गदर्शन के अनुसार भविष्य में भी कार्य करेंगे।÷ एक सुंदर दुनिया बनाने के लिए सार्वजनिक संवाद में शुचिता और मूल्यबोध की चेतना आवश्यक है। इससे ही हमारा संवाद लोकहित केंद्रित बनेगा। नारद जयंती के अवसर नारद जी के भक्ति सूत्रों के आधार पर आध्यात्मिकता के घरातल पर पत्रकारिता खड़ी हो और समाज के संकटों के हल खोजे, इसी में उसकी सार्थकता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1611 में आज ही के दिन मुगल शासक जहांगीर ने मेहरून्निसा से निकाह किया था। 1831 में 25 मई को ही प्रसिद्ध उर्दू शायर दाग़ देहलवी का जन्म हुआ था। 1877 में 25 मई को ही 2 यात्रियों से भरा स्टीमर 'सर जॉन लारेंस उड़ीसा तट के पास डूब गया था और स्टीमर में कुल 732 लोग सवार थे। 1886 में आज ही के दिन प्रख्यात वकील और शिक्षाविद रास बिहारी बोस का जन्म हुआ था। 1899 में आज ही के दिन बंगाल के विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम का जन्म हुआ था। 1922 में 25 मई के दिन ही इतालवी राजनीतिज्ञ एनरिको बर्लिंगर का जन्म हुआ था। 1963 में आज ही के दिन अफ्रीकी देशों को एकजुट करने के इरादे से 32 देशों ने अफ़्रीकी संघ का गठन किया था। 1991 में 25 मई को ही इस्राइल ने 14 हजार यहूदियों को इथियोपिया से निकाला था। 1998 में आज ही के दिन यूरोपीय संघ के सदस्य देश परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए सहमत हुए थे। 2005 में आज ही के दिन हिंदी फिल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ सुनील दत्त का निधन हुआ था। 2007 में 25 मई के दिन ही श्रीलंका की सरकार ने तमिल शरणार्थियों की नागरिकता पर सैद्धांतिक अनुमति दी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दुनिया की सबसे मासूम

दुनिया की सबसे मासूम प्रजाति कौन है? जब पत्नी रील बना रही हो जिसमें पति को डेडिकेट करता हुआ एक रोमेंटिक गाना हो और पत्नी प्यार बरपा सॉरी बरसा रही हो और ना चाहते हुए भी पति ऑस्कर विनिंग एक्टिंग कर रहा हो। उस समय मैं दुनिया के सबसे मासूम प्रजाति उस पति में देख रहा होता हूं। **- पथिक मनीष**

उसके मन की थाह मिली

उसके मन की थाह मिली तो मेरे मन की चाह खिली.... मेरे मन की हर दुविधा को एक सुकोमल राह मिली... उसका ले कर नाम सदा ही मैंने तो हर काम किया.... हर ली उसने बाधा पथ की, मुझको केवल वाह मिली....

- अल्का अग्रवाल

ख़ास पाती | दिन बहुत हुए अब,यादों के साथ

दिन बहुत हुए अब,यादों के साथ में थोड़ा सुकून ले कुछ, वादों के साथ में। मत तलाश कर तू,मुकम्मल कुछ नहीं, बीत रही उम्र इन्हीं,ख्यालों के साथ में। तेरा -मेरा करते -करते दूर निकल गए, थोड़ा तो रुकते, हमनिवालों के साथ में। ये एशो-आराम चंद साँसो का मोहताज है, जाना है सबको चार कांधो के साथ में। मैं का गुरुर जिस दिन,तुममें आ गया, रह जाओगे तन्हाँ, सवालों के साथ में। साथ बैठोगे तो ,मसले भी हल होंगे, कुछ देर तो बैठ कभी,अपनों के साथ में। **- सपना परिहार**

हम तटबंध हैं दूर से आती सागर की

हम तटबंध हैं दूर से आती सागर की उछलती कूदती खिलखिलाती फेनिल लहरों को हसरत से देखते हैं। कब समाएगीं हमारे आग़ोश में हम अपनी बाहें फैलाए करते रहते हैं इंतज़ार। अक्सर ही हमारे पास आने से पहले ही शांत हो जाता है उनका मधुर कलरव बंद हो जाती हैं उनकी अठखेलियाँ। प्रायः लहरें अपने तीव्र आवेग में हमें अपने से दूर बहुत दूर कर देती हैं और बड़ी निर्ममता से छोड़ जाती हैं हमारी छाती पर तड़पती मछलियाँ, किरकिराती रेत, टूटी- फूटी सीपियाँ। **- अंशु विनोद गुप्ता**

जो बीत गया सो बीत गया

जो बीत गया सो बीत गया अब आगत ही की बात करो,, नव साहस नव कर्मठता से हर असफलता को मात करो,, हर बाधा जय जय कार करे दिन जैसी जगमग रात करो ,, अंधियारा एक पल में हारे तुम हासिल वो प्रभात करो ,, पीछे न मुड़कर देख पथिक नूतन नव का सौगात करो ,, अब तक जो बाज़ी हारे थे अब जीत की ही बस बात करो ,, जीवन के कोरे प्रष्ठ खुले शुभ मंगल की बरसात करो ,, हर लम्हा अब ये गान करे तुम हर बाधा को मात करो,, जो बीत सो बीत गया अब आगत की ही बात करो .. **- मधुलिका शुक्ला**

इक अदद दीद को, दोनों शदीद शिद्दत से तरसते

इक अदद दीद को,दोनों शदीद शिद्दत से तरसते रहे कैलेंडर को साल-दर-साल... चुपचाप बदलते रहे बालपन की पहली कशिश का वह असर था शायद उम्र गुजरी मगर वो रूमानी ख़्वाब दिल में पलते रहे मुद्दतें गुजरी मगर ताबिदां-ए-इश्क धूमिल ना हुआ विरह की कड़ाही में दोनों.....हौले-हौले पिघलते रहे इत्तफ़ाकन जो सामना हुआ,मुजस्समा बने रहे दोनों तन्हाई-ए-तसव्वुर में बेशक....रोते रहे-बिलखते रहे मुलाकात हुई, गुफ्तगू किया..दुआ सलाम भी हुआ पर कह ना पाए जो दिल में था...बाद में तड़पते रहे मिलन का अहसास,शाद बनकर कमरे में फैल गया और दोनों देर तक...खुशबू से बेतहाशा लिपटते रहे दोनों को इल्म है....गुस्ताखियाँ नाकाबिले माफी हैं फिर भी ÷वंदन÷..चाहत की ढ़लान पर फिसलते रहे शदीद : प्रबल ताबिदां : चमक मुजस्समा : बुत शाद : खुशी तसव्वुर : ख्याल इल्म : जानकारी **- मनीष सिंह वंदन**

एक दिन सबसे सरल शब्द खोज लिए

एक दिन सबसे सरल शब्द खोज लिए जाएंगे सबसे द्वंद्वपूर्ण बाते कहने के लिए भी एक सहज मार्ग ढूंढ लिया जाएगा गंतव्यों की परिक्रमा करने हेतु एक दिन दिन भी इतना सरल होगा कि आप इसकी संध्या बेला पर उसे अश्रुपूर्ण विदा देंगे। एक दिन रात इतनी सुहानी होगी कि इसकी मादकता में इसकी गहनता के साथ ढलेंगे। और ये एक दिन आयु के समस्त उलझे दिनों विचलित रातों और संघर्षों के सागर मंथन से निकला सत्व होगा। जीवन उस एक दिन की प्रतीक्षा में की गई। कई दिनों की पदयात्रा है। **- कुलदीप वर्मा**

अंदर का शैतान किसी को

अंदर का शैतान किसी को ,बुद्ध नहीं होने देता। क्रूर नृशंस पातकी रखता ,शुद्ध नहीं होने देता। अगर विधर्मी समझे होते,प्रेम धर्म की भाषा को, जगत नियंता वंशी वाला ,युद्ध नहीं होने देता।। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

QUIZ TIME

1) हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा किस दिन को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित किया गया?

2) सैन्धव सभ्यता का स्थल आलमगीरपुर कहाँ स्थित है?

3) बृहस्पति के वलय किस पदार्थ से बने होते है?

4) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में देश को किन नामों से पुकारा जाता है?

5) हाल ही में इदाशीशा नोंग्रांग को किस राज्य की पहली महिला पुलिस महानिदेशक(डीजीपी) नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 25 मई (2) मेरठ (उत्तर प्रदेश) (3) सिलिकेट (4) भारत और इंडिया (5) मेघालय

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के प्रथम भाग मे आप किसी कार्य को लेकर भाग्य के भरोसे रहेंगे लेकिन आज आपको भाग्य पक्ष का साथ बहुत कम मिलेगा।

वृषः आज के दिन आपके आस पास की परिस्थिति पल पल में बदलती रहेंगी। अन्य लोगो की देखा देखी के चक्कर मे मानसिक रूप से अशांत रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन बीते दिन की तुलना में थोड़ा ठीक रहेगा लेकिन आज आर्थिक एवं पुराने पारिवारिक उलझनों के चलते किसी न किसी से गरमा गरमी होने की संभावना है।

कर्कः आज आपको किसी पुरानी गलती अथवा गुप्त रोग का भय मन ही मन सताएगा लेकिन मामला अंदरूनी होने के कारण किसी से बांट नही सकेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये धन लाभ वाला रहेगा लेकिन आज आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतने की भी आवश्यकता है।

कन्याः आज का दिन सामान्य ही रहेगा मन मे।यात्रा की योजना दिन भर लगी रहेगी लेकिन किसी न किसी कारण से आगे के लिये टालनी पड़ेगी।

तुलाः आज के दिन आपका चाल चलन एवं व्यवहार परिजनों के मन मे शंका पैदा करेगा। विपरीत लिंगीय आकर्षण अधिक रहेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी लापरवाह कार्य शैली के कारण सार्वजनिक क्षेत्र पर अपमानजक स्थिति बन सकती है।

धनुः सार्वजनिक क्षेत्र पर आज आपके लाभ के संबंध बनेंगे लेकिन इनसे तुरंत लाभ उठाने के प्रयास ना करें अन्यथा संबंध ज्यादा देर नहीं टिकेंगे।

मकरः आज परिस्थिति अन्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाली है किसी भी कार्य मे लाभ पाने के लिये सनकी स्वभाव त्यागना पड़ेगा।

कुंभः आज के दिन भी धार्मिक भावनाएं जागृत रहने से दिन की मुश्किल परिस्थितियां भी ज्यादा विचलित नही कर पाएंगी।

मीनः आज भी दिन में मध्यान तक सेहत सम्बन्धित समस्या परेशान करेंगी बीच मे।थोड़ा बहुत सामर्थ्य बनने पर भी बहाना बनाकर परिश्रम करने से बचेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -067

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 066 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तौं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

जनसमस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण कर जनसमस्याओं की हकीकत से वाकिफ होकर इसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है। एक ओर किसानों को आवश्यकता के मुताबिक वाजिब दाम पर कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं पेयजल की समस्या से निपटने के उपाय भी किये जा रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार आज जनपद पंचायत सभाकक्ष में एसडीएम मुकेश रावटे द्वारा समिति प्रबंधकों और कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर खाद-बीज के भंडारण, उठाव की समितिवार समीक्षा की गई। खाद बीज के कालाबाजारी रोकने, नकली खाद निर्माण के विरुद्ध लगातार जांच कर राजस्व एवं कृषि विभाग संयुक्त कार्यवाही करने तथा किसानों को समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने सतत् मॉनिटरिंग करने कहा गया है। इसके अलावा आधार सीडिंग करने, गिरदावरी की शुद्धतापूर्ण कार्यवाही करने सहित अन्य विषयों पर भी निर्देश दिए गए। एसडीएम पाटन दीपक निकुंज द्वारा सहकारी समिति तेलीगुंडरा तथा कृषि बीज और खाद खरीदी केंद्र पाटन का निरीक्षण किया गया। कुम्हारी के नर्मदा कृषि केंद्र एवं कान्हा कृषि केंद्र कुम्हारी में उर्वरक विक्रेता के लाइसेंस एवं गोदाम में उपलब्ध उर्वरक का निरीक्षण किया गया। साथ ही दुकानदारों को सही रेट पर किसानों को खाद एवं उर्वरक बेचने और स्टॉक पंजी दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत द्वारा ग्राम पंचायत मेड़ेसरा में वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में कुछ परिवारों को पेयजल की समस्या के संबंध में मौका निरीक्षण किया गया। प्रभावित परिवारों के घरों में नल कनेक्शन लगा हुआ है, परंतु टंकी से दूरी बहुत अधिक होने के कारण और साथ ही अधिकांश घरों में नल कनेक्शन में अंतिम छोर वाले घरों में पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। सरपंच एवं सचिव द्वारा अवगत कराने पर तत्काल उपलब्ध कराया।

निगम टीम संपत्ति कुर्की करने पहुंची तो व्यापारियों ने जमा कराए लाखों रुपए

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र में ऐसे संपत्ति करदाता जो मार्च अप्रैल में संपत्ति कर जमा नहीं किए थे उन्हें नगर निगम अधिनियम 1956 के धारा 174 के तहत नोटिस तामील कराई गई गई थी। इसमें से कुछ व्यापारियों द्वारा संपत्ति कर की राशि जमा कर दी गई थी परंतु कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे थे। उन व्यापारियों के विरुद्ध आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा धारा 175 के तहत वारंट शक्ति पत्र जारी किया गया। इसके लिए सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू द्वारा मदर टैरेसा नगर जोन क्रमांक 3 के राजस्व के आमला को लेकर पावर हाउस सर्कुलर मार्केट जाकर बकायादारो से संपर्क किया गया। नोटिस तामील की सूची दिखाई गई। इसके बाद आज कुर्की दल द्वारा संपत्तिकर वसूली की गई। 4 व्यवसाईयों से राशि 148000 वसूली की गई।

न्यूज गैलरी

पिंकी सहित 3 पर मामला दर्ज

भिलाई। निगम रिसाली के ठेकेदार की अपहरण कर बंद कमरे में लोहे की रॉड से जमकर पिटाई कर दी गई। इस मामले में नेवई थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 342, 365, 506 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नेवाई थाना पुलिस से जानकारी के अनुसार ठेकेदार विपीन कुमार सिरसाम उम्र 33 पिता शंकरलाल सिरसाम ने शिकायत दर्ज कराया कि 23 मई की रात्रि करीब 10 बजे घर के सामने निगम से लगा तामेश दुकान के पास दोस्त पंचराम देवांगन आकाश सिंह राजपूत, आशीष कुर्रे के साथ बात करते खड़े थे। उसी समय एक नीले रंग की एक्सयूवी-700 कार से पिंकी राय ऊर्फ ब्रिजेन्द्र राय, शैलेष निर्मलकर, ओम तीनो अपने हाथ में लोहे का रॉड लेकर एकाएक मां बहन की गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारे और जबरदस्ती बल पूर्वक गाडी में बैठाकर स्टेशन मरोदा उमरपोटी रोड राय ट्रेडर्स दुकान के अंदर ले जाकर मारपीट किये। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

अग्निवीर में भर्ती का अवसर

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के पात्र उम्मीदवारों (जाट रेजीमेंट में कार्यरत सैनिक, भूतपूर्व सैनिक एवं युद्ध विधवाओं, खेल परीक्षण के दौरान चयनित खिलाड़ी) के लिए जाट रेजिमेंट बरेली (उ.प्र.) में 01 जुलाई को अग्निवीर सामान्य डयुटी, टेड्र्मेन के लिए तथा 8 जुलाई को अग्निवीर लिपिक के लिए आवेदन कर सकते है।

मृत्यु के बाद राजकुमारी जैन ने की ऑख व स्किन का दान

भिलाई नगर/नवप्रदेश। ओल्ड नेहरूनगर निवासी

राजकुमारी जैन पति स्व. डॉ ज्ञानचंद जैन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ प्रवीण जैन व डॉ प्रणव जैन की माता थीं। उन्होंने मृत्यु पश्चात अपनी आंखों के साथ-साथ अपनी स्किन भी दान देने की घोषणा की थी। उनके पुत्रों एवं परिजनों ने उनकी इच्छानुसार उनकी आंखों और स्किन का दान कर दिया। मानवता की सेवा के लिए संभवतः स्किन दान करने का यह पहला उदाहरण है।

हत्या मामले में तीन गिरफ्तार, एक फरार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। थाना सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की नाका चौक गंजपारा दुर्ग में 01. अक्षत दुबे 02. अमिताभ दुबे उर्फचंदु 03. शुभम शर्मा 04. वंश राजपूत के द्वारा पुरानी रंजीश व वाद-विवाद के कारण एक राय होकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने की नियत से धारदार चाकू से मृतक श्रीराम यादव उर्फ मंत्री यादव पिता बहलराम यादव उम्र 48 साल निवासी पचरीपारा कुआ चौक दुर्ग को पैर, पेट एवं शरीर के अन्य स्थानों पर धारदार चाकू से मारकर हत्या कर फरार होने की सूचना पर थाना दुर्ग में मर्ग क्रमाक 28/2024 धारा 174 जाफौ. कायम व अपराध कंमाक 272/2024 धारा 302, 120बी, 341, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। तत्काल थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक महेश ध्रुव हमराह स्टाफ के घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन/निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अति. पुलिस अधीक्षक एसीसीयू सुश्री ऋचा मिश्रा, तथा नगर पुलिस अधीक्षक चिराग जैन के निर्देशन में एवं एसीसीयू प्रभारी उप. पुलिस अधीक्षक हेम प्रकाश नायक, निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय (एसीसीयू) एवं थाना प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु रवाना किया गया।

आरोपी पतासाजी हेतु अलग-अलग क्षेत्रों में टीम भेजकर आरोपियों का पता-तलाश कर आरोपी अक्षत दुबे उर्फ मान्य पिता विजयशंकर दुबे उम्र 23 निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग, शुभम शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा उम्र 25 निवासी आदित्य नगर दुर्ग, वंश राजपूत पिता सतीश राजपूत उम्र 19 निवासी गयानगर दुर्ग को पुलिस अभिरक्षा में लेकर शक्ति से पूछताछ करने पर आरोपियों के द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी अक्षत दुबे के द्वारा बताया गया कि विगत कुछ माह पहले मृतक के द्वारा आरोपी के चाचा अजय दुबे के साथ मारपीट किया गया था। जिस बात को लेकर अजय दुबे के द्वारा अपने भतीजों को बताया गया था, की मंत्री यादव को छोडना नहीं है, मौका देखकर निपटना है, तथा अजय दुबे व उसके भतीजे अक्षत दुबे व चंदु दुबे हमेशा ताक में रहते थे कि पूर्व में मंत्री यादव और अन्य जो मारपीट किये थे, उनको कैसे भी निपटना है। आरोपी अक्षत दुबे के द्वारा घटना दिनांक को अपने अन्य साथियों अमिताभ दुबे उर्फ चंदु, शुभम शर्मा, वंश राजपूत के साथ गंजपारा में घूम रहा था, तबी वह देखा की शराब भट्ठी के पास अपने साथी के साथ खड़ा हुआ है, तो अक्षत दुबे व उसके साथीगण रेकी करते हुये गंज चौक के पास गाड़ी रोककर मंत्री यादव व उसके अन्य साथी के साथ मारपीट करना चालू कर दिये। मारपीट होता देखकर बलराम यादव वहा से भाग गया और चंदु दुबे, अक्षत दुबे और शुभम व अन्य मिलकर चाकू व कड़ा से जाघं, कुले, सीना और पीट में वार किये, जिससे मंत्री यादव की ईलाज के दौरान मौत हो गयी। आरोपियों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत् गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपी अमिताभ दुबे उर्फ चंदू एवं संदेही अजय दुबे की पता-तलाश हेतु टीम रवाना किया गया है।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक 24 मई को मुख्य महाप्रबंधक लर्निंग एण्ड डेवलपमेंट एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता सुश्री निशा सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समस्त कार्यपालक निदेशकगण तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुखगण, सदस्य के रूप में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक सुश्री सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। अपने सहकर्मियों के साथ हिंदी में वार्तालाप करना, कार्य को समझने में सहायता करने के साथ ही साथ उन्हें अपनेपन की अनुभूति देता है। अतः हम सबका अधिक से अधिक प्रयास होना चाहिए कि हम हिंदी में ही समस्त कार्य करें और विशेषकर जब लिखने की बारी आए तो हिंदी में ही लिखें। उन्होंने कहा कि हमारा संयंत्र हिंदी में कामकाज करने के लिए अधिसूचित संस्थान है। हमारे संयंत्र को शत प्रतिशत कामकाज हिंदी में करने निर्देशित किया गया है। हमें इसके अनुपालन की दिशा में हर संभव प्रयास करना है।

अवैध कब्जाधारियों पर निगम की कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र के निचली बस्तियों में बरसात के समय पानी न भरे इस हेतु आयुक्त देवेश ध्रुव द्वारा सभी को निर्देश दिए थे। बारिश के समय किसी भी तरह से कहीं पर भी निचली बस्तियों में जल जमाव न हो, मानसून की आने की संभावना समय पर होने के कारण युद्ध स्तर पर सफाई अभियान शुरू हो गया है। जोन-2 कमिश्नर ईशा लहरे अपने दल के साथ वार्ड 23 एवं 25 में हुए नाली के ऊपर अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए पहुंच गई। नालियों के ऊपर स्लैब बनाकर लोग पार्किंग का उपयोग कर रहे थे। पहले भी हटाने का निर्देश दिया था लेकिन लोग नहीं माने। जिसे जेसीबी से तोड़ा गया। उन्होने बताया कि बरसात के समय बुद्ध विहार के पास लगभग 50 घरों में पानी भर जाता था। सूर्यकुंड के पास 10 लोग ऐसे मिले जो अपने सामने सरकारी पक्के नाली पर स्लैब बना दिए थे जिससे सफाई नहीं हो पा रही थी। निर्माण को तोड़ा जिससे समुचित सफाई हो पाए। बुध विहार एवं सूर्य कुंड का तालाब के आसपास रहने वाले लगभग 100 परिवार को आने वाली बारिश के दिनों में जल भराव से निजात मिल सके। कार्रवाई दौरान जोने स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा दल के साथ उपस्थित थे।

कार से ठोकर मार की मारपीट

कुम्हारी/नवप्रदेश। कुम्हारी से रायपुर की ओर जा रहे डॉक्टर की कार को एक गाड़ी ने पीछे ठोकर मार दी पूछने पर की मारपीट, स्थानीय पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना मंगलवार की है कुम्हारी स्थित एपेक्स हॉस्पिटल के डॉ सिद्धार्थ दोपहर 12 बजे के करीब अपने निवास रायपुर लौट रहे थे तभी टोल प्लाजा के करीब पीछे से एक सफेद रंग की महिंद्रा एक्स यू वी क्रमांक सी जी 07 ए एक्स 6112 लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को पीछे से ठोकर मार दी। जब डॉ सिद्धार्थ ने कार से उतरकर पूछना चाहा तो गाड़ी चला रहे युवक और उसके साथियों ने डॉ सिद्धार्थ के साथ मारपीट शुरू कर दी जिससे उन्हें गर्दन के पीछे चोट आई है। डॉक्टर की शिकायत पर थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भादस धारा 279,323 एवं 34 के तहत कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी जेआर कुर्रे ने बताया कि वाहन के पंजीयन के आधार पर वाहन मालिक की जानकारी निकाल ली गई है।

बच्चों को दिया अगासदिया प्रतिभा सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के दो प्रतिभाशाली बच्चों को कुम्हारी में अगासदिया डॉ. खूबचंद बघेल प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने बच्चों की प्रेरक उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि रिया साहू पिता राकेश साहू ने हिन्दी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। महर्षि विद्या मंदिर टाटीबंद में पढ़ने वाली अंतरा वर्मा ने सूचना प्रोद्योगिकी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उसने भी हिन्दी में 99 प्रतिशत अंक लेकर कीर्तिमान रचा। 9वीं कक्षा में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्मान प्राप्त किया। दोनों बच्चें दुर्ग जिले के निवासी है। अंतरा पाटन क्षेत्र के पहड़ोर गांव की मूल निवासी है। रिया कुम्हारी के आत्मानंद विद्यालय में

पढ़कर निकली है। दसवीं बोर्ड में मेरिट में स्थान बनाने वाली रिया ने अपने हिन्दी के पाठ्यक्रम में सम्मिलित डॉ. वर्मा लिखित कहानी मरिया के कथानक के सम्बन्ध में भी बताया। यह कहानी विगत 10 वर्षों से पाठ्यक्रम में सम्मिलित है। बच्चे गणित विषय लेकर आगे की पढ़ाई करने संकल्पित हैं। इस दौरान गणित की व्याख्यता प्रतिभा वर्मा, राकेश साहू, रमेश वर्मा, कलाकार राजेन्द्र साहू, दक्ष वर्मा उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400040 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका देवल साय आ./पति अमर साय निवासी सेक्टर-02 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 864/5 रकबा 0.021 हें/ 2220 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400235 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आरती कुमारी आ./पति गूंजेश्वर प्रसाद निवासी सेक्टर-06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 173/2 रकबा 0.0110 हें/ 1250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400234 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ममता देवांगन आ./पति कमलेश देवांगन निवासी शक्तिनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1174/11 रकबा 0.0028 हें/ 300 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400233 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सत्यम देवांगन अन्य 01 आ./पति बीरेन्द्र देवांगन निवासी बेरला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1179/12 रकबा 0.0075 हें/ 803 वर्गफीट के पुस्तकालय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-03/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रौनक देशलहरा पिता अनिल देशलहरा पता जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पोटियाकला, प.ह.नं.38 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 13/4, 13/6, 13/5, 11/4, 12/4 रकबा कमशः 0.1290, 0.0890, 0.1130, 0.0492, 0.0472 हे. भूमि को संविलियन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेष कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-03/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रौनक देशलहरा पिता अनिल देशलहरा पता जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पोटियाकला, प.ह.नं.38 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.37/2, 27/5, 24/1, 24/2, 23/4, 27/09, 33/1, 34/1, 34/2, 27/1, 26/2, 26/1, 24/3, 25/1, 33/2, 34/5, 34/6, 35, 19/7, 19/8, 19/9, 19/2, 19/5, 19/3, 19/4, 19/6, 28/2, 25/2, 28/3, 27/2, 28/1, 36, 34/3, 34/4, 37/1 रकबा कमशः 0.3760, 0.2670, 0.6030, 0.390, 0.2000, 1.0830, 0.2010, 1.0800, 0.1170, 2.4640, 0.3850, 0.3840, 0.6920, 0.0530, 0.9380, 0.9280, 0.6110, 0.4060, 0.3120 हे. भूमि को संविलियन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेष कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401103200004 /अ-21/वर्ष 2023-24
ग्राम-अगार, प.ह.न. 04

एतद् विषयान्तर्गत लेख है कि न्यायालय कलेक्टर जिला दुर्ग के पृष्ठां कमांक 328/प्र0कले. /2023, दुर्ग दिनांक 11-10-2023 एवं अनुविभागीय अधिकारी धमधा के ज्ञापन कमांक 2854/अ.वि.अ./वाचक-1/2023 दिनाक 07-11-2023 के साथ सलग्न आवेदक उदय सिंह पिता श्री ददन सिंह जाति-गोड (आदिवासी) निवासी वार्ड नं. 14. अंधियारखोर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया। उक्त आवेदन पत्र अतंर्गत धारा 165(2) भू-राजस्व संहिता वास्ते आदिवासी की भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदन अनुसार उनके हक एवं स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम अगार प.ह.नं. 04 में स्थित खसरा नंबर 703/2, 940/1, 940/2 रकबा क्रमश 0.40, 0.62, 0.61 हेक्टेयर (कुल रकबा 1.63 हे0) जो कि आवेदक के संयुक्त नाम पर भूमि दर्ज है। यह कि आवेदक को अपने पारिवारिक कार्य, अपने परिवार के निवास के लिये मकान बनाने हेतु रकम की आवश्यकता एवं आवेदक बिलासपुर का निवासी है तथा उक्त आवेदित भूमि तहसील धमधा जिला दुर्ग लगभग 200 किलो मीटर की दूरी में होने के कारण कृशि कार्य करने में परेशानी होने के कारण अपने स्वामित्व की उक्त भूमि को क्रेता एन.आर. वायर्स प्रा.लि.लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा डायरेक्टर श्री संदीप अग्रवाल पिता श्री नेतराम अग्रवाल जाति बनिया निवासी नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग के पास विक्रय करने अनुमति चाहता है। जिसके संबंध में जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदक के उक्त खसरा नंबर 703/2, 940/1,940/2 रकबा 0.40, 0.62, 0.61 हेक्टेयर भूमि जिसे क्रेता के पास विक्रय करने से कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11-06-2024 को लिखित में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

ई,.कोर्ट.क्र.202405100400068 मा.श्रेणी/अ-6अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश कुकरेजा पिता स्व.शांतिलाल उम्र 60 वर्ष, निवासी हाउस न. 181/ के.एच. सड़क न. 01 वार्ड नं. 53 सांई कृपा भवन विवेकानंद नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17 स्थित भूमि खसरा नं. 175/14 रकबा 0.4450 है. जो कि कय दिनांक से वर्ष 2019-20 तक आवेद व अन्य 02 के नाम पर दर्ज थी किंतु वर्श 2022-23 से आवेदक का नाम उक्त खसरा नंबर से ऑनलाईन रिकार्ड से विलोपित हो गया है। का लेख करते हुए अपना नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजो को संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है। जो अ.वि.अ.(रा.) दुर्ग के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालाय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक. 29/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पष्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/05/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202405103000017 /अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पदमा वारियार अन्य 01 पिता/पति पी.आर.के वारियार निवासी ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 307/11 रकबा 0.0200 हे. 1743 वर्गफीट भूमि को विक्रेता आर.एम. निवासा वारियार पिता/पति एम. रामाचन्द्रन वारियार निवासी जुनवानी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.01.2012 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम भिलाई-3, प.ह.न. 04 तह. भिलाई-3

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री सचिन कुमार पिता स्व. रामअवतार श्रीवास निवासी सेक्टर-11 खुर्सीपार भिलाई द्वारा ग्राम भिलाई03 प.ह.न. 04 रा.नि.मं. व तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 362/61, 362/63 रकबा 0.018, 0.018 हे. भू. रा. 0.01 रुपए को छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 के तहत् आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 31.05.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण दिनांक 31.05.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403104300061 /अ-02(1)/ सन्- 2023-24

ईश्तहार

आवेदिका ढेला बाई पति स्व. रामचंद्र निवासी इमली बगीचा भिलाई-03 न.पा.नि. भिलाई चरोदा जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा रामचन्द्र पिता अलाली के नाम पर छ.ग. नगरीय क्षेत्रो के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारो का प्रदाय किया जाना) अधिनियम 1984 के तहत इंदिरा पारा भिलाई 03, न.पा.नि. भिलाई चरौदा स्थित भू-खंड कमांक 632, क्षेत्रफल 4м4 वर्गमीटर के प्रदत्त पट्टे पर उसके पति रामचन्द्र पिता अलाली की मृत्यु दिनांक 07/10/2023 को हो जाने के कारण उसके स्थान पर उसके वारिसानों का नाम दर्ज कर पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं पट्टे की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 10.06.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो, वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10.06.2024 को समय सुबह 11.00 बजे तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202405101400017 /अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गिरिजा साहू पति स्व. हेमंत कुमार साहू निवासी- ग्राम धनोरा तहसील व जिला दुर्ग ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के पति हेमंत कुमार साहू पिता प्रेमलाल साहू के नाम पर हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा धनोरा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि खसरानंबर 98/10 रकबा 0.0110 हे. लगान 988.00 रू. राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। वर्तमान में आवेदिका के पति हेमंत कुमार साहू की मृत्यु दिनांक 26.10.2023 को हो चुकी है जिससे उसकी फौती दर्ज वारिसानों गिरिजा साहू पत्नि, नीतेश कुमार साहू पुत्र, नम्रता देवी साहू पुत्री, मृतक भूमिस्वामी की फौती दर्ज कर उसके उपरोक्त वर्णित वैध वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/06/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-03/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती हितैशी मध्यानी भागीदार गणपति बिल्डर्स गणपति विहार कालोनी बोरसी दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पोटियाकला, प.ह.नं.38 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 369/5, 369/6, 369/9, 369/75, 370/8, 370/12, 371/51, 371/66, 374/46, 369/24 (शामिल खसरा 371/48), 370/6, 374/2, 369/11, 370/7, 371/1 व 370/4 रकबा कमशः 0.032, 0.032, 0.049, 0.700, 0.025, 0.303, 0.466, 0.1134, 0.0607, 0.252, 0.029, 0.1823, 0.0760, 0.1100, 0.0886, 0.032 हे. भूमि रिक्त कृषि भूमि जो कि गणपति बिल्डर्स के नाम पर भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं। उक्त आवेदित भूमि का सविलियन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00002 कोटनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430106900016

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00002 के अंतर्गत ग्राम कोटनी के वर्तमान भूमिस्वामी हेमराय साहू पिता/पति स्व. उमेंदीराम साहू पता कोटनी, डाकेश कुमार पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार पता कोटनी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 378/2 (0.7900), 57/2(0.0300), 421 (0.5800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हेमराय साहू पिता/पति स्व. उमेंदीराम साहू पता कोटनी, डाकेश कुमार पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार पता कोटनी जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.06.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430103900146

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी भैयाराम पिता/पति प्राणसिंह ठाकुर पता नया आमापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 41/12(0.0170), 41/52(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती अनिता ध्रुव, श्रीमती ललिता ध्रुव, श्रीमती सुनीता ठाकुर, श्रीमती विनिता अरोरा पिता/पति स्व. भैयाराम ठाकुर पता नयापारा चौक दुर्ग, ना.बा. शौर्य ठाकुर पिता/पति स्व. संतोष ठाकुर वली माता श्रीमती शीला ठाकुर पता नयापारा चौक दुर्ग, श्रीमती अमृता ठाकुर पिता/पति स्व. भैयाराम ठाकुर पता नयापारा चौक दुर्ग, ना.बा. सृष्टि ठाकुर, ना.बा. श्रेया ठाकुर पिता/पति स्व. संतोष ठाकुर वली माता श्रीमती शीला ठाकुर पता नयापारा चौक दुर्ग, दिवाकर ठाकुर पिता/पति स्व. भैयाराम ठाकुर पता नयापारा चौक दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.06.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-06/ सन्- 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम प्रसाद आ. पुनाराम साकिन 12 ए डी पाकेट मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तहसील व जिला दुर्ग मे उसके नाम पर भूमि खसरा नं. 392/21 रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परंतु वर्तमान अभिलेख में ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज को सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोद्य दुर्ग के न्यायालय में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज को सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.06.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 22.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

कान्हा जी महाराज कुरूद में बहाएंगे 7 दिवसीय भक्ति की अविरल गंगा

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद ग्राम के ईष्ट देवी - देवताओं की कृपा और पितरों के पुण्य प्रताप से भगवान आशुतोष देवाधिदेव श्रीमहादेव जी की कथा हरिहर शिव पुराण एवं विष्णु महायज्ञ का आयोजन 27 मई से 2 जून तक किया जा रहा है। जिसमें व्यासपीठ से राष्ट्रीय धर्माचार्य परमपूज्य कान्हाजी महाराज श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से संगीतमय कथा प्रवाहित होने जा रही है। इस हरिहर शिवपुराण का कथा स्थल रामेश्वर शिव मंदिर प्रांगण महानदी तट कुरूद (कुटेला) में होगा। इस कथा के आयोजक समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत करूद (कुटेला) के शिव और विष्णुभक्त है। सोमवार 27 मई को कलश यात्रा सुबह 9 बजे गायत्री मंदिर से प्रस्थान होगी। शिव महापुराण, महात्म्य बिंदुग, उपाख्यान की कथा होगी। 28 मई मंगलवार को चंचुला कथा, शिवलिंग प्राकट्य रूद्राक्ष महिमा, नारद मोक्ष। 29 मई बुधवार को सती चरित्र, दक्ष यज्ञ, तारकासुर जन्म, शिव विवाह।

इंस्टीट्यूट ऑफपब्लिक आडिटर ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारम्भ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), श्री यशवंत कुमार द्वारा इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) के छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारम्भ किया गया। श्री यशवंत कुमार आईपीएआई-छत्तीसगढ़ चेप्टर के पदेन-अध्यक्ष भी हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का कार्य, समन्वित रूप से अब तक मध्यप्रदेश चेप्टर, भोपाल द्वारा संचालित किया जाता था।

गौरलतलब है कि इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआइ) की स्थापना वर्ष 1966 में एक सोसायटी के रूप में की गई थी, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के लेखांकन, ऑडिटिंग और सार्वजनिक वित्त क्षेत्रों की विशेषज्ञ सेवाएं शामिल हैं। देशभर में पेशेवर सेवाएं प्रदान करने वाली इस संस्था के 18 क्षेत्रीय कार्यालय और 2600 से अधिक सदस्य हैं।

वर्तमान में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक श्री गिरीश चंद्र मुर्मू, आईपीएआई के पदेन-संरक्षक और भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव डॉक्टर सुभाष चंद्र पाण्डेय (सेवानिवृत्त आईएएस), अध्यक्ष हैं।

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा (आईएएएस), भारतीय नागरिक लेखा सेवा (आईसीएस), भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस), भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस), भारतीय भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस), भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी संवर्ग के सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण, इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) के सदस्य होते हैं।

टेका के सांई पीकरीधाम को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित करने शासन से मांग की

गरियाबंद/नवप्रदेश। सांई पीकरी धाम टेका के श्रद्धालुओं द्वारा गुरुवार को गरियाबंद पहुंच कर टेका सांई पीकरी धाम को धार्मिक पर्यटन स्थल का दर्जा देने की मांग का पांपप्लेट नगर वासियों को वितरण किया। उन्होंने राज्य सरकार से इसे पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की।

सांई पीकरी धाम टेका के सांई भक्तों ने बताया गरियाबंद जिले में स्थित छोटा-सा गांव टेका जहां सदियों पहले श्री शिरडी सांई बाबा का आगमन हुआ था उनके चले जाने के बाद उस स्थान को गांव के मालगुजार ठाकुर हरदेव सिंह द्वारा सांई बाबा की प्रेरणा में पत्थर नुमा चबुतरा बना कर ग्राम देवता के रूप में पुजा करने लगे तब से लेकर आज तक यहां सांई बाबा की ग्राम देवता के रूप में पुजा होती है। भक्तों ने बताया टेका में सांई बाबा के द्वारा लगाए गए पीपल का वृक्ष के कारण इस स्थान को सांई पीकरी कहा जाने लगा बाद में 25 मई 2006 को मालगुजार के वंशज मोहन ठाकुर द्वारा इस स्थान में सांई बाबा की प्रेरणा से छोटा सा मंदिर बना कर सांई बाबा की मूर्ति की स्थापना की गई तब से यह स्थान सांई मंदिर कहलाने लगा। सांई भक्तों के माध्यम से और शिरडी सांई ग्लोबल फाउंडेशन के माध्यम से यहां की चर्चा पूरी दुनिया में होने लगी तब चन्द्रभानू सतपथी भारतीय धर्म गुरु द्वारा यहां के लिए सांई बाबा की बड़ी सी प्रतिमा भिजवाती गई तब से यह स्थान सांई पीकरी धाम बन गया। उसके बाद से यहां पूज्य गुरुदेव और सांई बाबा के बताए मार्ग के अनुसार समय समय पर दीन दुखी गरीब अनाथ की सेवा निशुल्क दवाई वितरण वस्त्र दान बुजुर्ग जनों का सम्मान व जरुरत मंदो को कम्बल शाल वितरण स्कूली बच्चों को पेश कापी किताब आदि वितरण कर श्री सांई बाबा की सेवा होने लगी।

दस हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की तैयारी करें: पी दयानंद

- छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पॉवर कपनीज के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा सचिव पी.दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कामकाज, प्रचलित और भावी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लगभग 10 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं की चर्चा की तथा विभिन्न परियोजनाओं के कार्य आगे बढ़ाने हेतु निर्देश दिये।

श्री दयानंद ने डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में यह बैठक ली जिसमें एम.डी. जनरेशन एस.के. कटियार द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारियां दी गई। वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों को श्री दयानंद ने सराहनीय बताया तथा इसकी निरंतरता बनाये रखने के लिये समुचित मार्गदर्शन दिया। हमारे ताप बिजली घरों का देश के स्टेट सेक्टर यूटिलिटीज में अव्वल आना गौरव का विषय है। वर्ष 2023-2024 में अनाके ंक्षित आंकड़े के अनुसार 800 करोड़ रूपए से अधिक आय की संभावना पर श्री दयानंद ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने 2×660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना कोरबा पश्चिम, 1×660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत विस्तार परियोजना मड़वा की प्रगति की समीक्षा की। कोरबा पूर्व में 440 मेगावाट की बंद परियोजनाओं की भूमि पर नये बिजली घर लगाने की संभावनाओं पर विचार विमर्श कर निर्देश दिए। श्री दयानंद ने पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 6000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिये आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

सोलर पीबी आधारित लगभग 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर भी कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश श्री दयानंद ने दिये।

घोटिया और मलांजकुडुम जलप्रपात में सज रही जुएं की महफिल

- कोतवाली पुलिस के निकट जुएं की महफिल की भनक तक नहीं ?
- गांव के युवा भी जुएं की चपेट में

कांकेर/नवप्रदेश। इन दिनों भीषण गर्मी और तपती दुपहरी में सड़कें सुनसान हो रही हैं। भीषण गर्मी के बावजूद जुआरी पुलिस की नाक के नीचे ताश पर हार जीत का दांव वो भी मुख्यालय के इर्दगिर्द महफ़िल सजाकर कानून की धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार

कांकेर से सटे ग्राम घोटिया के जंगलों में कांकेर का पर्यटन स्थल कहलाने वाला मलांजकुडुम जलप्रपात में भी जुआरियों की महफ़िल सज रही हैं। अब ये तो कांकेर मुख्यालय का रूख साफ हुआ अब आगे लखनपुरी और हाराडुला गांव में रोजाना सुबह शाम जुएं की महफ़िल सजाई जा रही है। इन सभी जगहों में ताश पर बाकायदा लाखों रुपए के जीत हार का दांव लगाकर कानून को ठेंगा दिखाते धड़ल्ले से जुएं का कारोबार चल रहा है।

लेकिन कानून के रखवालों को इन जगहों पर चल रही जुएं की भनक तक नहीं लगना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है।

लखनपुरी और हाराडुला में भी सज रही महफ़िल

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार कांकेर कोतवाली के अंतर्गत शहर से महज चंद कदमों की दूरी पर बसे ग्राम घोटिया में दो से तीन लोग मिलकर लाखों का जुआ खिलाया जा रहा है। इतना ही नहीं सुबह और शाम को शहर के अंदर से दस बीस जुआरियों का दल रवाना होता है। और घोटिया के जंगलों या किसी मकान में जुआ के खेल को अंजाम दिया जाता है। इस खेल के लिए जुआ खिलाने वाले पूरे रास्ते में पांच सौ रुपए में एक एक आदमी तैनात करते हैं। ताकि किसी भी तरह के खतरे को रास्ते के आदमी भांप कर जुआरियों को सतर्क करते हैं।

इसी तरह कांकेर जिले का सबसे सुंदर जलप्रपात के नाम से मशहूर मलांजकुडुम जैसे पर्यटन स्थल को भी जुआरियों ने नहीं बक्शा है। शहर के आसपास जुआ जैसे कृत्य को अंजाम दे रहे जुआरियों पर कोतवाली पुलिस को सूचना तक नहीं होना समझ से परे हैं?अब बात करे लखनपुरी और हाराडुला जैसे गांव में जुआ खिलाया जा रहा है।

> **पुलिसिया तंत्र असफल**
>
> शहर सहित ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर जुआ का खेल पनप रहा है। गांव के शांत वातावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। साथ ही युवा पीढ़ी जुआ सट्टा के मकड़जाल में हौले हौले फंसती जा रही है। इधर कानून के रखवालों की माने तो जुआ सट्टा जैसे मकड़जाल में फंसते युवा पीढ़ी की चिंता ही नहीं है तो मान लिया जाए की हमारी पुलिसिया तंत्र पूरी तरह विफल साबित होती दिखाई दे रही है।

मनरेगा में कम मजदूरी पर ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यालय घेरा

- जमकर नारेबाजी कर सब इंजीनियर को हटाने की मांग की

गरियाबंद/नवप्रदेश। मनरेगा कार्य में कम मजदूरी मिलने पर ग्रामीण मजदूरों ने मनरेगा कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी कर सब इंजीनियर को हटाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीण मजदूर घंटों तक चिलचिलाती धूप में बैठकर प्रदर्शन करते रहे। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।

मामला गरियाबंद के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम बिरोड़ा का है, जहां मनरेगा के तहत तालाब निर्माण में ग्रामीण मजदूर कार्य कर रहे हैं। जिसमें कम मजदूरी मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार 24 मई को बड़ी संख्या में फिंगेश्वर स्थित मनरेगा ऑफिस पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए घंटों तक प्रदर्शन किया। उन्होंने सब इंजीनियर पर मनमानी और बिना सत्यापन के कम मजदूरी देने का आरोप लगाया है। इस दौरान ग्रामीण मजदूरों ने सब इंजीनियर को हटाने की मांग भी किया। बताया कि जितना काम किए हैं, उतना दाम नहीं मिल रहा है, उन्हें एक सौ दो रुपए दिया गया है, इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों की मांग पर मनरेगा की कार्यक्रम अधिकारी रीना धुर्वे ने कहा कि स्थल निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या दूर करने की बात कही है।

नक्सलियों ने शांति वार्ता को लेकर जारी किया पत्र

- शर्तों के साथ बातचीत संभव नहीं

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभग में लगातार हो रही मुठभेड़ और सरकार की तरफ से नक्सलियों के साथ शांति वार्ता करने की पहल को लेकर नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य प्रताप ने चार पन्ने का पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में सरकार के उन सवालों का जवाब भी दिया हैं जो उनसे पूछे गए थे। नक्सलियों का मानना हैं कि सरकार एक तरफ निऱ्शर्त वार्ता का दावा करती हैं, जबकि दूसरी तरफ उनकी तरफ से कई शर्ते लाद दी जाती हैं, ऐसे में बातचीत संभव नहीं हैं। पत्र में नक्सलियों ने अपने आंदोलन को जनता का आंदोलन बताते हुए कहा हैं कि उनका आंदोलन कमजोर नहीं बल्कि मजबूत हुआ हैं। अपने पत्र में नक्सलियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का जिक्र करते हुए कहा गया है कि विपक्ष को भी सत्तापक्ष बर्दाश्त करने की स्थिति में नही हैं, उन पर गंभीर आरोप लगाकर जेल में ठूंस दिया गया है।

नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी के सदस्य प्रताप ने कहा कि बस्तर में हो रहे खून खराबा को रोकने के लिए हम वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन इससे पहले कुछ बातें हैं जिसे स्पष्ट करना है। उन्होंने कहा कि दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प दो बार वार्ता के लिए अपनी राय दे चुके हैं। लेकिन उस पर सरकार की ओर से ईमानदारी के साथ कुछ भी प्रतिक्रिया नहीं आया है। अब ऐसे में यह कहा जा रहा है कि हम वार्ता के लिए तैयार नहीं हैं। माहौल ऐसा बना है कि हमने कुछ शर्त रखी हैं, लेकिन यह गलत है। हम एक जनवादी माहौल में वार्ता चाहते हैं, शांतिपूर्ण माहौल को कायम रखने के लिए वार्ता चाहते हैं। खून खराबा को रोकने के लिए वार्ता को स्वीकारते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना संबंधी जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आज ग्राम नाथियानवागांव के पॉलिटेक्निक स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर प्रत्येक व्यवस्था की सूक्ष्मता से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना कक्ष, प्रवेश एवं निर्गम द्वार और पृथक पार्टीशन व बेरिकेडिंग आदि से अवगत हुए।

आज शाम 04 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ग्राम नाथिया नवागांव के पॉलिटेक्निक कॉलेज में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्ष में बैठक व्यवस्था, पर्याप्त लाइट, पंखे आदि का समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत करते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर और ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार भवन के प्रथम तल में स्थापित किए गए मतगणना कक्षों में एआरओ, काउंटिंग करने वाले कर्मचारियों एवं अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं का पृथक प्रवेश द्वार, पार्टीशन आदि की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम को लाने, ले जाने के रूट का बारीकी से निरीक्षण किया।

साथ ही ईटीपीबीएस, स्केनिंग हॉल, डाक मतपत्र की गणना से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं से कलेक्टर रू ब रू हुए। उन्होंने सभी कक्षों में कूलर की व्यवस्था के साथ ड्यूटी में तैनात निर्वाचन कर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों के लिए पेयजल, छाया एवं शौचालय की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल ने मतगणना में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश एवं रूट प्लान के बारे में विधानसभावार जानकारी दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

19 आदिवासियों की मौत: हाईकोर्ट ने ..

विजय शर्मा भी शामिल हुए. इस दौरान आदिवासी समाज के संरक्षक ने सरकार से पीड़ति परिवार को सरकारी नौकरी और एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा राशि देने की मांग की है. हालांकि घटना के बाद सरकार ने मृतकों के परिवार को 5 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है. साथ ही घायलों के बेहतर उपचार के निदेश दिए हैं।

नक्सलियों के लीडर्स को मुख्य...

कि सेंट्रल कमेटी अगर बात करती है, तो हर्ष का विषय है. उन्होंने कहा कि जो टॉप कैडर है वह आंध्र और तेलंगाना के हैं और छत्तीसगढ़ कैडर उसके नीचे है। इसलिए जो भी बात करना चाहेंगे, इस समस्या का हल निकल सकता है।

नक्सलियों का सरकार को पत्र

नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने सरकार को पत्र लिखकर बातचीत के लिए पहले माहौल तैयार करने की बात कही है। नक्सलियों ने अपने पत्र में कहा था कि सरकार पहले वार्ता के लिए माहौल बनाए इसके बाद बात आगे बढ़ेगी। सेंट्रल नक्सल कमेटी के सदस्य प्रताप ने कहा था कि शांति वार्ता के लिए शांतिपूर्ण माहौल जरुरी है। नक्सल संगठन ने वार्ता के लिए कोई शर्त नहीं रखी है। हम क्रांतिकारी है तो भला सरेंडर के साथ वार्ता कैसे करेंगे?

1 महिला सहित 3 नक्सलियों ...

अंजाम देते थे। तीन नक्सलियों ने किया सरेंडर: दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के गाइडेंस में दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान (घर वापस आईये) चलाया जा रहा है। जिससे प्रभावित होकर नीलावाया पंचायत जनताना सरकार सदस्य और मेडिकल टीम कमाण्डर हांदा मंडावी (22), बुरगुम पंचायत मिलिषिया सदस्य शशि मड़काम (23), बुरगुम पंचायत सीएनएम सदस्य बंडी पोड़ियाम (27) ने 24 मई को पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया है।

-आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जायेगा।

- गौरव राय, एसपी, दंतेवाड़ा

अब तक 805 नक्सलियों ने किया सरंडर

सरकार की पुनर्वास नीति का दिख रहा असर: नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की "पुनर्वास नीति" के तहत भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है। नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव गांव तक किया जा रहा है। इन अभियानों का असर भी देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ माह में कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 180 ईनामी नक्सली सहित कुल 805 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

लौट रही टीम से फिर..

के निर्देश पर बस्तर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और एसटीएफ के करीब एक हजार जवानों की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया था। पुलिस जैसे ही जंगल के भीतर दाखिल हुई, नक्सलियों ने उनपर फायरिंग खोल दिया। जिसके बाद दोनों ही तरफ से कई घंटो तक गोलीबारी होती रही। इस मुठभेड़ के बाद जब मौके की तलाशी ली गई तो सात नक्सलियों के शव मिले। पुलिस ने घटनास्थल से नक्सलियों के शव के साथ बड़े पैमाने पर हथियार और दूसरे सामान जब्त किए। इस एनकाउंटर के बाद आज जब पुलिस टीम वापस मुख्यालय लौट रही थी तभी रास्ते में एक बार फिर से नक्सलियों ने उन्हें घेरने की कोशिश की और उनपर फायरिंग की। वही इस मुठभेड़ में पुलिस ने एक और नक्सली को मार गिराया है। खबर लिखे जाने तक यह मुठभेड़ जारी थी।

वोटिंग परसेंटेज को लेकर ..

करते हुए कहा कि वह फिलहाल ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकते क्योंकि पांच चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं और दो चरण के मतदान बाकी हैं। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग के लिए अपनी वेबसाइट पर मतदान डाटा अपलोड करने के लिए कर्मचारियों को लगाना मुश्किल होगा।

प्रशांत भूषण ने की थी जल्द सुनवाई की मांग इससे पहले एडीआर एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाए। पिछले हफ्ते एडीआर एनजीओ ने अपनी 2019 की जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया था। आवेदन में चुनाव पैनल को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी मतदान केंद्रों के आंकड़े मतदान के तुरंत बाद वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं।

जनता की समस्या का त्वरित...

और अपर संचालक को अपीलीय अधिकारी का दायित्व मिलने जा रहा है। जबकि संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक नोडल अफसर होंगे और अपर कलेक्टर अपीलीय अधिकारी होंगे।

साय सरकार ने जनता से मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक और त्वरित गति से निराकरण के लिए अफसरों को केवल पंद्रह दिन का समय देना निर्धारित किया है। संबंधित विभाग अथवा शाखा के द्वारा आवेदनों के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत संबंधित नोडल अधिकारी उसका परीक्षण करेंगे और अंतिम निराकरण की कार्यवाही पर अपनी मुहर लगाएंगे। व्यवस्था यह होगी कि जिन विभागों या जिलों के द्वारा पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का सही तरीके से निराकरण नहीं किया जा रहा हो तो उसकी सूची स्वतः ही पोर्टल पर प्रदर्शित हो जाएगी। इतना ही नहीं साय सरकार ने आवेदकों को उसके आवेदन के निराकरण की जानकारी तथा निराकरण के बाद फीडबैक एवं अपील करने की सुविधा दिया जाना तय किया है। जिससे आवेदक के प्रकरणों के निराकरण की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

जालंधर में पीएम ने कांग्रेस को..

बात करेंगे। तो वोटबैंक नाराज हो सकता है।

अपनी उपलब्धियां गिनवाईं

अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनवाया। हमने दर्शन करने, शीश नवाने के लिए रास्ता खोला। पहले हरमंदिर साहिब में विदेशों से चंदे पर रोक थी। वो रोक हमने हटाई। हमारी सरकार ने गुरुओं के प्रकाश पर्व को पूरी श्रद्धा से देश-विदेश में मनाया।

देश में पांच चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण का मतदान भी कल होने जा रहा है। कल तक जो लोग भाजपा के खिलाफ गुब्बारा फुल रहे थे, उनका गुब्बारा भी फूट चुका है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को कोई वोट देना नहीं चाहता।

20 साल पुराने मानहानि मामले में..

में फंसे हुए हैं. तब मेधा पाटकर ने अपने और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ मुकदमा दायर किया था।

अदालत ने क्या कहा?

साकेत कोर्ट ने मेधा पाटकर को दोषी ठहराते हुए कहा, शिकायतकर्ता को कायर, देशभक्त नहीं और हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाने वाले आरोपी के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी तैयार किए गए थे।

क्या है मामला?

अगर भारत की सीमाएं ...

महत्वपूर्ण हैं। यह हमारी संप्रभुता को परिभाषित करती हैं। भारत आने वाले वर्षों में और अधिक विकास करेगा

डोभाल ने कार्यक्रम में कहा कि भारत बहुत तेजी से बदल रहा है। अगले 10 वर्षों में हम 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। यह एक बड़ी उपलब्धि है। मौजूदा सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान सीमा सुरक्षा पर बहुत अधिक ध्यान दिया है। हमारी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति काफी बढ़ी है।

बच्चों को सोशल..

अधिकतम करके यूजर्स जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। एलन मस्क ने इस कॉन्फ्रेंस का एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। एलन मस्क ने तर्क दिया है कि सोशल मीडिया कंपनियों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति युवा दिमागों के लिए हानिकारक परिणामों का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि डोपामाइन हिट उत्पन्न करने के लिए एआई सिस्टम के बीच भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण अत्यधिक सोशल मीडिया बच्चों के लिए हानिकारक है। यह पहला मौका नहीं है जब एलन मस्क ने बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर कुछ कहा है। पहले भी कई बार वे बच्चों पर फेसबुक और इंस्टाग्राम के प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं। पिछले साल दुबई में हुए इवेंट सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि मैंने अपने बच्चों को कभी भी सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से नहीं रोका जो कि मेरी गलती थी।

ये है चक्रवाती तूफान की टाइमलाइन..

करवाई है। लेकिन दुनिया के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मौसम शोध मॉड्यूल का दावा है कि रविवार को रेमल लैंडफॉल कर सकता है। दावा किया जा रहा है कि प्राथमिक रूप से यह तूफान बांग्लादेश में लैंडफॉल करता दिखाई दे रहा है, लेकिन यह कभी भी अपना रास्ता बदल सकता है। इसका लैंडफॉल बांग्लादेश के सुंदरवन से लेकर ओडिशा के समुद्र तट में से कहीं भी हो सकता है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400208 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका माधुरी वर्मा आ./पति बाबा वर्मा निवासी रावणभाठा जामुल द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1003/24 रकबा 0.020 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202405100400209 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जहाना खातून आ./पति महफूज आलम निवासी खेदमारा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदमारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 147/26 रकबा 0.01 हें/ 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

जल चढ़ाने से ही प्रसन्न हो जाते हैं भगवान भोलेनाथ: आचार्य नारायण

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम रत्नाबांधा पंचमुखी हनुमान नगर में साहू परिवार के द्वारा शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इसके कथाकार पंडित आचार्य नारायण महाराज हैं। इस पावन अवसर पर आचार्य नारायण जी से भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक रंजना साहू ने भगवान शिव की कथा श्रवण कर उनका आशीर्वाद लिया। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भगवान शिव महापुराण कथा श्रवण करने का परम सौभाग्य व आनंद की प्राप्ति मानव जीवन में मिलती है, निरंतर क्षेत्र के अनगिनत अनेक स्थानों में भगवान शिव की कथा बह रही है। भगवान भोलेनाथ भोले भंडारी हैं जो सभी की मनोकामनाएं पूरी करते हैं एक लोटा जल व बेलपत्र मात्र से सभी समस्याओं का हल हो जाता है। इसलिए सदैव भगवान शिव की भक्ति हम सभी भक्तजनों को करनी चाहिए। इस अवसर पर जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू समाजसेवी लीना साहू, समाजसेवी मनीषा उमेश साहू, कोमल सार्वा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन श्रोतागण भगवान शिव की कथा का रसपान करने कथा प्रांगण में उपस्थित थे।

24 वर्षों बाद मिले सहपाठी, पुरानी यादों को किया ताजा

धमतरी/नवप्रदेश। 22 मई को 24 वर्षों के बाद मिले दोस्त जो मेनोनाइट हायर सेकंडरी स्कूल के 1999-2000 बैच के छात्र थे। सकैफे के संचालक आशीष भी इस बैच के छात्र थे। सभी दोस्तों ने सबसे पहले अपने परिवार एवं कार्यक्षेत्र की जानकारी शेयर की। सभी ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को याद कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हरिशंकर शांडिल्य, प्रणय लाल, नितेश बेथे, प्रशांत मेश्राम, आशीष साहेब, मुकेश राठौर, डॉ. दीप सौरभ चंद्राकर, डॉ. छबिकांत साहू, संजय सिन्हा, उमेश राव, राजेश मिश्रा, चंदन मानकर, गौरव सोनकर, झंकार मिश्रा, स्वाति शबनम सोनवानी, अर्पिता पटेल, जसप्रीत चंद्राकर, संगीता साहू, गीतांजली साहू, डॉ. रश्मि खुजुर, आरती मिश्रा और कोमल जैन आदि शामिल थे।

लेवई में दशगात्र के दौरान मृतक की याद में नीम का पौधा रोपा

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम लेवई निवासी तुकाराम वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उनका दशगात्र कार्यक्रम ग्राम लेवई में किया गया। भीषण गर्मी एवम समाज में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने मृतक के परिवार द्वारा उसकी याद में तालाब किनारे नीम के पौधे का रोपण किया गया।

अवैध और मिलावटी शराब बिक्री पर प्रशासन सतर्क

■ **जुआ- सट्टा व अवैध महुआ शराब निर्माण पर होगी सख्त कार्यवाही**

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर केएल चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कानून एवं व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस के समन्वय से अवैध एवं मिलावटी शराब की बिक्री, जुआ - सट्टा, अवैध महुआ शराब निर्माण, तेज ध्वनि से डीजे बजाना, माल वाहक वाहनो में लोगों के आवागमन, वाहन फिटनेस,सडक दुर्घटना पर नियंत्रण पर जोर दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सभी अलर्ट मोड़ पर रहें। अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारी को दें। राजस्व व पुलिस के अधिकारी स्व प्रेरणा से भी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मिलावटी शराब या स्प्रिट बिक्री बढ़ना चिंता की बात है। इसके सेवन से लोगों की मृत्यु होने की घटना भी सामने आती है जो गंभीर मामला है। स्प्रिट की बिक्री को रोकने के लिए राजस्व, आबकारी व पुलिस सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जुआ - सट्टा पर अंकुश लगाना जरूरी है।इससे शराब के अवैध बिक्री भी जुड़ा होता है। कलेक्टर ने मालवाहक वाहनों खासकर पिकअप के द्वारा लोगों को आवागमन कराने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए इस पर कार्यवाही करने के निर्देश परिवहन अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि माल वाहक वाहनों में आवागमन को सख्ती से हतोत्साहित करें। लगातार जांच करें और ऐसे वाहनों पर कार्यवाही भी करें। इसके साथ ही बिना परमिट के चल रहे वाहनों एवं स्कूल बसों की भी जांच करें। स्कूल बसों के ड्राइवर के लाइसेंस भी चेक करें। उन्होंने डीजे की तेज आवाज से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए डीजे संचालकों की बैठक लेकर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाने पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन कराने कहा। उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने एवं ब्लैक स्पॉट के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आबादी एवं बसाहटों के आस -पास गतिसीमा बोर्ड लगवाने, ब्लैक स्पॉट पर यदि सड़क निर्माण में कोई कमी है तो संबंधित विभाग को जानकारी देने तथा सड़क किनारे के पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा संबंधी वस्तुस्थिति का जायजा लेने के लिए एसडीएम एवं एसडीओपी को संयुक्त रूप से साप्ताहिक भ्रमण करने कहा।

राहुल का मीडिया को बिकाऊ और ब्लैकमेलर कहना निंदनीय और शर्मनाक: रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में भारतीय मीडिया को बिकाऊ एवं ब्लैकमेलर कहने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता और उसकी विश्वसनीयता को कलंकित करने का काम कांग्रेस हमेशा करती है,राहुल गांधी द्वारा मीडिया को बिकाऊ और ब्लैकमेलर कहना निंदनीय ही नहीं शर्मनाक है। देश में आपातकाल लगा कर प्रेस की स्वतंत्रता छिनने से लेकर देश की मीडिया को बिकाऊ और ब्लैकमेलर कह कर लोकतंत्र को सदैव कटघरे में खड़ा करना इनकी सोच और नीयत है,आज मैदान से खुद को गायब देखते हुए कांग्रेस जब खुद नहीं लड़ पा रही तो मीडिया पर ऐसा ओछा लांछन लगाना बेहद शर्मनाक है,उनका कहना है कि मीडिया पैसा कमाने के लिए राजनीतिक रूप से ब्लैकमेलिंग करने की व्यवस्था है,राहुल गांधी का यह बयान बेहद आपत्तिजनक और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार है। यह आपातकाल वाली मानसिकता है। जबकि 200 साल से साख और विश्वसनीयता बनाई मीडिया के लिए गंदी सोच रखना बताता है कि आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस भूल गई है की गैर-संवैधानिक तरीके से लोकतंत्र में संशोधन कर इमरजेंसी लगाई और प्रेम को बाधित कर लाखों लोगों को जेलों में बंद कर दिया।

आरटीई के बच्चों का ड्रॉपआउट रोकने करें समुचित पहल : कलेक्टर

■ **नये सत्र में 18 जून को मनाया जायेगा शाला प्रवेश उत्सव**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार 24 मई को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में जिले के आरटीई नोडल प्राचार्यो और प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में जिले में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत बच्चों को दिये जाने वाले प्रवेश और आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम गरीब एवं असहाय परिवार के बच्चों को निजी स्कूलों में भी निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कानून है। इसका जिले में समुचित और नियमानुसार पालन किया जाए। निजी स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों का नियमानुसार प्रवेश सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पिछले पांच वर्षों के दौरान निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों और उनके ड्रॉपआउट के संबंध में जानकारी लेकर बच्चों के ड्राप आउट को रोकने समुचित पहल करने के निर्देश दिए। जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार कानून से वंचित न हो पाये। साथ ही सभी को शिक्षा मिले। उन्होंने आरटीई नोडल प्राचार्यो से इसकी नियमित समीक्षा कर आरटीई अधिनियम का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। नये सत्र 18 जून से प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शाला प्रारंभ के पूर्व शाला भवनों परिसर, अध्यापन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत तथा आवश्यक रंग-रोगन समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अध्ययन, अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार करने तथा स्कूलों बच्चों को आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के लिए अच्छे और खुशहाल वातावरण में बच्चों का शाला प्रवेश किया जाएगा। कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव की सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर आगामी शिक्षा सत्र में स्कूलों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित बच्चों की संख्या, गणवेश एवं शिक्षण सामग्री वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रवेशित बच्चों को नियमानुसार इसका लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

देवभोग के गांवों में स्वच्छता दीदियों ने संभाली कमान

■ **होने लगा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के दूरस्थ ब्लाक देवभोग के गांव भी स्वच्छ होने लगे है। देवभोग ब्लाक के विभिन्न गांवों को स्वच्छ रखने का इरादा कर स्वच्छाग्रही दीदियों ने स्वच्छता की कमान संभाल ली है। स्वच्छाग्रही महिलाएं अपने गांव में गांव की आबादी के अनुसार पंचायत द्वारा निर्धारित सप्ताह में दो दिन अथवा तीन दिन घर-घर से कचरा कलेक्शन करने निकल रही है। कचरा कलेक्शन के साथ-साथ ये समूह की महिलाएं ग्रामवासियों को गीला कचरा / किचन वेस्ट या खाद बनाने योग्य कचरे को घर स्तर पर निपटान करने हेतु गांव वालों को प्रेरित कर रही है। गांव के घरों से केवल सूखा कचरा कलेक्ट किया जायेगा, जिसे पृथक्करण शेड में ले जाकर डंप करेंगे फिर सप्ताह में एक दिन समूह की महिलाएं बैठकर उन सूखे कचरे को अलग-अलग वर्गीकृत करेगीं। पर्याप्त मात्रा में कचरा संग्रहण होने पर उसे बेचकर आय अर्जित करेगीं। देवभोग के ग्राम पंचायत डोहेल में मां अम्बे समूह, धौराकोट में जय मां काली समूह, डुमरबहाल में ममता माई समूह, मुडागांव में मां तारिणी समूह, सितलीजोर में जय मां संतोषी समूह, रोहनागुड़ा में आदि शक्ति समूह व विभिन्न पंचायतों में समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर कचरा कलेक्शन कर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के उददेश्यों को चरितार्थ किया जाने लगा है।

जिला समन्वयक परवेज हनफी ने बताया कि इन समूहों को मानदेय के लिए 15वें वित्त के टाइड फंड से प्रतिमाह 6000 रू. का प्रावधान किया गया है, इसके अलावा गांव स्तर पर प्रति घर से 10 रुपए तथा गांव की दुकानों से 50 रुपए प्रतिमाह स्वच्छता शुल्क लेकर समूह को दिया जायेगा तथा माह में एक बार पर्याप्त सूखा कचरा इकट्ठा होने पर उसको कबाड़ी वाले को बेचकर जो भी आमदनी होगी वो सीधे समूह की महिलाओं को प्राप्त होगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने की अपराध की समीक्षा

अपराधों के लंबित रहने पर प्रभारियों को लगाई फटकार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने शुक्रवार 24 मई को अपराध समीक्षा बैठक ली। जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि के मामलों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में श्री कुमार द्वारा स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया कि क्षेत्र अंतर्गत अपराधिक, अंवैधानिक एवं असामाजिक कार्यो में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही कर तत्काल गिरफ्तार करें। जिले के कई थाना/चौकी में काफी अधिक संख्या में अपराधों के लंबित रहने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में नाराजगी व्यक्त कर एवं सबंधित प्रभारियों को फटकार लगाते हुए मौके पर ही उनकी सेवा पुस्तिका में सजा आदेशित किया गया।

श्री कुमार ने संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी 15 दिवस में सभी लंबित अपराधों का निकाल करने हेतु हिदायत देते हुए धारा 363 भादवि के मामले में गुम बालक-बालिकाओं की सकुशल वापसी के लिए साइबर टीम का सहयोग को लेकर समुचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री, विशेषकर महुआ शराब का निर्माण कर बिक्री करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर, महुआ दारू पर रोक लगाने हेतु समस्त प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र अंतर्गत थाना/चौकी का नियमित अंतराल में निरीक्षण कर, अपराध, मर्ग, शिकायत आदि का पर्यवेक्षण करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निकल करने हेतु निर्देश दिया गया।

मतगणना अधिकारी व माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य के लिए शुक्रवार 24 मई को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष एवं जनदर्शन कक्ष में 170 मतगणना अधिकारियों तथा 85 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझने के लिए भी प्रेरित किया।

गौरतलब है कि जिले के तीनों विधानसभा कसडोल-44, बलौदाबाजार-45 एवं भाटापारा -46 के इव्हीएम मतों की गणना 4 जून को नवीन मंडी परिसर में होगी। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष में 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। मास्टर ट्रेनर एस के तिवारी के द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, काउंटिंग प्रोसीजर व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

त्रिवेणी संगम साहित्य समिति का बुद्ध पूर्णिमा पर काव्य गोष्ठी

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम ने बुद्ध जयंती परगायत्री मंदिर परिसर में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इसके सभापति नरेंद्र पार्थ शिक्षक अभनपुर ब्लॉक थे। इसकी शुरुआत माता सरस्वती और गौतम बुद्ध के चित्र पर चंदन वंदन माला अर्पण कर की गई। इसमें रोहित साहू माधुर्य ने माता सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। युगल किशोर साहू मानस टिकाकार, ने रामचरितमानस के के संकट मोचन हनुमान पर कविता प्रस्तुत किया। श्रवण कुमार साहू प्रखर ने संस्कार से संबंधित मन में रखो तुम शांति रिश्तों में ना हो भ्रांति की पंक्तियों के साथ शानदार प्रस्तुति दी। छग्गूराम आडिल ने कहा पहले के जैसे अब जिंदगी नहीं है हम सही हैं या समय सही नहीं है। कोमल सिंह साहू ने बेटी पर कविता पढ़ी मकसूदन राम साहू बरीवाला ने सामाजिक विषमता पर कविता पढ़ी, भरत लाल साहू उर्फ प्रभु ने जल संरक्षण के महत्व जल की उपयोगिता पर कविता पढ़ी, तुषार शर्मा ने महाकाल भगवान शिव शंकर पर भक्तिमय कविता पढ़ी, किशोर निर्मलकर, गीतकार ने निंदिया उड़ा के चैन गवा के प्रेम रस की कविता पढ़ी प्रिया देवांगन मां की आंचल मां की ममता सारे जग से न्यारी है जो सबसे ही प्यारी है मां पर कविता पढ़ी, रोहित साहू माधुर्य ने पाषाण पत्थर की महिमा पर कविता पढ़ी डॉ रमेश कुमार सोनसायटी करमवीर से सम्मानित कवि ने पेड़ और पर्यावरण पर कविता पढ़ी नरेंद्र पार्थ साहू सभापति ने गौतम बुद्ध के के के संपूर्ण जीवन पर आधारित कविता पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन किशोर निर्मलकर गीतकार ने किया और आभार व्यक्त डॉ रमेश सोनसायटी ने किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. .... ग्राम बालोद
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उषा गुप्ता पति श्री विनय कुमार गुप्ता निवासी ग्राम सिंधिया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 120/13 रकबा 0.096 हे. कुल रकबा 0.096 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 05/06/2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2024 को जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला-बालोद

न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ______ वर्ष 2023-24
भूमि आबंटनपेशी दिनांक 31.05.2024

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायपुर विकास प्राधिकरण भक्त माताकर्मा व्यवसायिक परिसर न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर जिला रायपुर द्वारा अपने पत्र क्र./6022/रा.शा./वि.प्रा/2024 रायपुर दिनांक 26.04.2024 द्वारा रायपुर विकास प्राधिकरण के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु नजूल भूमि मौजा सिविल स्टेशन ब्लॉक न. 10 प्लाट न. 3/1 रकबा 104482 वर्गफुट भूमि जो कि आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर के नाम पर दर्ज है को यथावत् रखते हुए शेष भूमि रकबा 80000 वर्गफुट भूमि को निःशुल्क या 1/- रु. प्रति वर्गफुट की दर पर आबंटित करने की मांग हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दि. 31.05.2024 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 17.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार नजूल
रायपुर (छ.ग.)

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

शाखा कार्यालय : सेक्टर-1, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन : 0788-2223583, ई-मेल : bhilai@ucobank.co.in

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	प्रकार / बकाया ऋण	संपत्ति का विवरण
श्रीमती नेहा मिश्रा एवं श्री स्वप्निल मिश्रा, फ्लैट नं. 204, सोनिया रेसीडेंसी, राम नगर, कोहका, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) श्रीमती नेहा मिश्रा एवं श्री स्वप्निल मिश्रा, एलआईजी- 42, वार्ड नं. 10, वैशाली नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)	TERM LOAN; कुल बकाया 30.04.2024 (31.01.2024 तक ब्याज सहित) ₹ 15,43,878.53 एनपीए तिथि: 30.04.2024	स्वामित्व का नाम: श्रीमती नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा, खसरा नं. 9296, वार्ड नं. 14, फ्लैट नं. 204, द्वितीय तल, सोनिया रेसीडेंसी, मौजा- रामनगर, कोहका, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1194 वर्गफीट। चौहद्दी: उत्तर- खुला आसमान, दक्षिण- फ्लैट नं. 203, पूर्व- सीढ़ी एवं लॉबी, पश्चिम- खुला आसमान।

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर यूको बैंक, शाखा सेक्टर-1, भिलाई (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 24.05.2024, स्थान: भिलाई (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/ यूको बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 26.06.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 26.06.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
ऋणी- 1. श्रीमती वंदना आचार्य पुत्री- संजय कुमार आचार्य, क्वा.नं. सी/364 कोल नगर, जिला-सुंदरगढ़, राउरकेला, उड़ीसा-769014, 2. श्री शुभाशीष त्रिपाठी पिता- संतोष कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक नं. 20, फ्लैट नं. 404, अशोका रतन सोसायटी, विधानसभा रोड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)	अपार्टमेंट नं. 04, छठी मंजिल, ब्लॉक-बी, खसरा नं. 91/1-2 का भाग, प.ह.नं. 44, प्रोजेक्ट नाम- ओवरसीस पाम रिसॉर्ट, मौजा- सड्डू, आरआईसी- रायपुर-1, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 644.524 वर्गफीट। चौहद्दी: उत्तर- फ्लैट नं. 05, छठी मंजिल, ब्लॉक-बी, दक्षिण- खुला, पूर्व- कॉरीडोर, पश्चिम- खुला।	07.02.2024 / 30.04.2024 / ₹ 30,57,102.75/- 24.05.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 32,30,000/- / ₹ 3,23,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Sankay Kumar Nayak (Mo. 9425503882) Raipur Mova Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0006007 Email: cb6007@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 25.06.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 25.06.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID:- eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 25.05.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 24.05.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

बीकाम फाइनल में अखिल प्रथम

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मिदेवी महाविद्यालय मे बीकाम फाइनल के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्र अखिल नामदेव ने बीकाम फाइनल मे पहला स्थान प्राप्त किया । बी काम फाइनल मे इस सत्र मे कुल 42 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था । सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए । अखिल ने पिछले साल की तरह इस साल भी अपना दबदबा कायम रखा और पूरे महाविद्यालय मे पहला स्थान प्राप्त करने मे सफल रहे । अखिल खिलेन्द्र नामदेव के पुत्र है । बीकाम फाइनल मे पहला स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय प्राचार्य डा जितेन्द्र साखरे सहित शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है ।

नारद जयंती पर पत्रकारों का श्रीफल देकर सम्मान

कवर्धा/नवप्रदेश। विश्व संवाद केंद्र रायपुर छत्तीसगढ़ प्रचार विभाग जिला -कबीरधाम (दुर्ग) द्वारा श्री नारद जयंती का आयोजन होटल सेलीब्रेशन इन रायपुर रोड, कवर्धा में किया गया। नारद जयंती के मुख्यवक्ता श्रीमति प्रियंका कौशल वरिष्ठ पत्रकार एवं स्थानीय संपादक भारत न्यूज एक्सप्रेस रायपुर, अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार तिवारी, रवि वर्मा जिला सह कार्यवाह, बोधीराम निषाद दुर्ग विभाग प्रचार प्रमुख ने नारद जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर ,दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद तिवारी ने कहा कि नारद जयंती को हम सभी पत्रकारों बंधुओं को बडे धुमधाम से मनाते रहना चाहिए। मुख्य वक्ता श्रीमति प्रियंका कौशल ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होती है, जो समाज में घटित घटनाओं को उजागर करती है और लोगों को जागरूक करती है। भारतीय संस्कृति में प्रथम पत्रकार के रूप में ऋषि नारद माने जाते है। वे देवताओं और मानवों के बीच, देवताओं और दानवों के बीच संवाद का माध्यम थे। वर्तमान समय में पत्रकारिता ने तकनीकी और सैद्धांतिक दृष्टिकोण से बहुत प्रगति की है। आज की पत्रकारिता बहुत बदल गई है फिर भी ऋषि नारद की पत्रकारिता ध्रुव तारे के समान उच्च आदर्शो का पथ प्रदर्शक है। आज की पत्रकारिता चुनोतियों से परिपूर्ण कंटकाकीर्ण मार्ग है, फिरभी समाधान का मार्ग खोजना होगा। नारद जी के बताए चार बातों पर हमें अवश्य चलाना चाहिए। नारद जयंती के कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारो का श्रीफल देकर सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया।

चेकिंग अभियान, 87 प्रकरणों में 26800 रुपए जुर्माना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना गैंदाटोला, छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, ओपी चिखली, मोहारा एवं थाना यातायात पुलिस एवं द्वारा दिनांक 22 मई 2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के कुल 87 प्रकरण में 26,800 रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया।

ऑटो चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस की उपस्थिति में शहर में यातायात का दबाव, ट्रैफिक जाम एवं प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का यातायात कार्यालय, राजनांदगांव में मीटिंग लिया गया। जिसमें समस्त ई-रिक्शा, ऑटो चालकों को समझाईश दिया गया कि शहर में निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करें, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन न चलायें एवं सवारी बैठाते समय कही भी वाहन खड़ी न करें, निर्धारित संख्या में ही सवारी बैठाये एवं चालक के बगल में सवारी न बिठायें एवं दुर्घटना से बचे। यातायात नियमों का पालन नही करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया जायेगा।

सीईओ ने किया सहकारी समितियों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के द्वारा आज सेवा सहकारी समिति बारगांव, आनंदगांव एवं खुड़मुडा विकासखंड बेरला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति के गोदाम में भण्डारित उर्वरक यूरिया, डीएपी, पोटास, एनपीके व अन्य खाद के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय समिति बारगांव में 3.24 मेट्रिक टन यूरिया, 25.75 मेट्रिक टन डीएपी, 17.85 मेट्रिक टन पोटाश व 18.6 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट समिति खुडमुडा में 21.51 मेट्रिक टन यूरिया, 49.95 मेट्रिक टन एनपीके व 6.3 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट एवं समिति आनंदगांव में 22.77 मेट्रिक टन यूरिया, 21.6 मेट्रिक टन डीएपी, 8.85 मेट्रिक टन पोटाश व 4.8 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा समिति में भण्डारित खाद को जल्द से जल्द वितरण करने, एवं समय पूर्व आरओ डीडी जारी करने ताकि समय पर खाद भण्डारण हो सके।

आईपीएल सट्टा, 6 गिरफ्तार, दूसरे का सिम इस्तेमाल कर चलाते थे कारोबार

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश।। सटोरियों के खिलाफ एक्शन में पुलिस पेंड्रा,गौरेला, मरवाही। जिले में इन दिनों पुलिस सट्टा एवं अन्य आपराधिक प्रकरणों को लेकर सजग दिखाई दे रही है. इसी तरह से कुछ दिन पहले स्काई एक्सचेंज राजा रानी ऐप के जरिए ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाने वालों की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल एवं पेंड्रा थाना ने कार्रवाई की.

इसमें एक आरोपी रितेश सुलतानिया मौके से भागने में कामयाब हो गया था. उसके जब्त मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर जीपीएम पुलिस ने सटोरियों को किराए पर अपने खातों का उपयोग करने के लिए देने वाले और सट्टे का पैसा खाते में लेने वाले युवकों को गिरफ्तार किया हैं.

सट्टा खाईवाल रितेश के इस्तेमाल किए जा रहे नंबरों की जानकारी ली गई तब लोकेट करते हुए साइबर सेल की टीम पेंड्रा के एक युवक के पास पहुंची, जिसे उसके नाम से सिम जारी होने का जरा भी इल्म नहीं था. उसने बताया कि पेंड्रा का एक युवक योगेश देवांगन कुछ माह पहले एक बैंक के पास सिम बेचने का स्टाल लगाया था, जहां एक माह के लिए अनलिमिटेड डाटा इत्यादि जैसे लुभावने ऑफर्स के साथ वह सिम बेच रहा था.युवक जब योगेश देवांगन के स्टाल गया तो योगेश ने दो बार उससे थंब इंप्रेशन की पंचिंग और फोटो करवाई जिसमें पहले बार एक्टिवेशन न होने पाने की बात कही फिर युवक को एक सिम देकर दो दिन बाद चालू हो जाएगा कहकर भेज दिया, जो बाद में एक्टिवेट भी नहीं हुआ. बयान के आधार पर योगेश देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह इसी तरह स्टाल में आए भोलेभाले ग्राहकों के नाम सिम एक्टिवेट करने के बहाने सट्टा खाईवालों के लिए सिम पोर्ट किया करता था. इस तरह ग्राहकों की आईडी भ्रमित करके सिम अलॉट करने हासिल करता है, जिससे वह हजारों सिम एक्टिवेट कर चुका है. बहरहाल कुल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, जिनसे बरामद हुए कई मोबाइल, सटोरियों के कई सिम और उनसे जुड़ी बैंक जानकारियां पुलिस टटोल रही है. योगेश देवांगन की पुलिस रिमांड और अन्य सभी पांच आरोपियों पर ठगी, आपराधिक षडयंत्र समेत आईटी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा है.

पुलिस ने अजय यादव आ. रामजी यादव आयु 27 वर्ष पतगंवा, थाना पेंड्रा, जितेन्द्र कुमार सोनवानी आ. सुदामा प्रसाद आयु 23 वर्ष, बड़का मोहल्ला ग्राम बरवासन थाना गौरेला. राजकुमार कश्यप आ. गंगाराम कश्यप आयु 40 वर्ष, ग्राम कुडकई, थाना पेंड्रा. राहुल कोरी आ. सुरेश कोरी आयु 24 वर्ष, डाईट कॉलोनी पेंड्रा. अनुराग सोनी आ. संतोष सोनी आयु 19 वर्ष ग्राम बंधी थाना पेंड्रा, योगेश देवांगन आ. स्व. संतोष कुमार देवांगन, सकर्रा स्कूलपारा पोस्ट/थाना मालखरौदा जिला सक्ती. को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए कार्रवाई की है।।

कीचड़ में मिली लाश की गुत्थी सुलझी, अवैध संबंधों के चलते कर दी हत्या

■ पत्नी का ड्राइवर के साथ था अवैध संबंध, पति ने सुन ली दोनों की गन्दी रिकार्डिंग

कोरबा/नवप्रदेश। हरदीबाजार रोड में कांटाघर नंबर-19 के पास कीचड़ में मिली ड्राइवर की लाश और उसकी मौत की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। यह पूरा मामला दीपका थाना क्षेत्र का है।

छत्तीसगढ़ से आए दिन प्रेम-प्रसंग की घटना सामने आती है। लोग अपने प्यार के लिए क्या कुछ नहीं कर जाते। कपल एक-दूसरे के लिए अपनी जान भी दे देते है। अगर यह प्रेम-प्रसंग शादीशुदा महिला और ड्राइवर केर बीच हो तो क्या होगा? इनके अवैध संबंध की बात उसके ही पति को पता चल जाए तो क्या होगी ? ऐसा ही एक मामला सामने आया है।

कोरबा से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। पत्नी अपने ही पति को धोखा देकर ड्राइवर के साथ अवैध संबंध बनती थी। आए दिन दोनों प्रेम-प्रसंग और गन्दी बातें करते थे। एक दिन पति ने मोबाइल पर दोनों की रिकार्डि सुन ली और वह आग बबूला हो गया।

कोरबा हरदीबाजार रोड में कांटाघर नंबर-19 के पास कीचड़ में मिली ड्राइवर की लाश और उसकी मौत की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। यह पूरा मामला दीपका थाना क्षेत्र का है।

घटना का कारण अवैध संबंध और इसे लेकर मोबाइल फोन की रिकार्डिंग को बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि 1 मार्च को दीपका के कांटाघर नंबर-19 के पास गड्ढे में कीचड़ से लथपथ एक युवक की लाश मिली थी। शव की पहचान ट्रेलर चालक अजय भार्गव से की गई थी। पुलिस ने अजय के बारे में छानबीन की। उसके फोन की जानकारी ली तो पता चला कि अजय एक महिला के संपर्क में था।

पुलिस ने संबंधित महिला को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके पति को भी थाने लाया। पता चला कि अजय भार्गव का दीपका क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से अवैध संबंध था। अजय उक्त महिला से अक्सर मोबाइल फोन पर बातचीत करता था। एक दिन मोबाइल की रिकार्डिंग महिला (च्शहल्ड्डू ष्टह्लद्बद्द ह्द्द2ह्य) के पति के हाथ लग गई। उसने अजय और पत्नी के बीच हुई बातचीत को सुन लिया। इसके बाद वह आक्रोशित हो गया और अजय को मारने की योजना बनाई।

मोटर साइकिल पर अपने ममेरे भाई के साथ पहुंचा और अजय को पकड़कर पिटाई किया। गला दबाकर मार दिया और कीचड़ में फेंक कर फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। पुलिस ने आरोपी के ममेरे भाई को भी जिला जांजगीर-चांपा बलौदा क्षेत्र से गिरफ्तार (स्ह्वह्लस्रद्दह्र ह्द्द2ह्य) किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। यहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

हत्या का फरार सह आरोपी गिरफ्तार अन्य आरोपियों की तलाश जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11 मार्च 2024 को मेरा लड़का किशन साहू उर्फ झिल्ली अपने दोस्तों के साथ मोटर सायकिल से काई तालाब की ओर गया हुआ था, जहां पर करीबन 3 बजे दोपहर रोहित, हरसु, अम्मु यादव, विन्नु तलकई व अन्य मिलकर मेरे लड़के किशन साहू उर्फ झिल्ली को पुरानी रंजिश को लेकर मां-बहन की गाली-गलौच करते हुए जान से मारने के लिए चाकू, हॉकी स्टीक, डंडा से घेरकर मारपीट किये। चाकू से सीना, पेट, पीठ पर प्राणघातक चोट लगने से ईलाज हेतु भर्ती किये थे, जहां उसकी मृत्यु हो गयी। रिपोर्ट पर धारा 302, 34 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामले में आरोपी अमित यादव, हर्षु बघेल, रोहित मंडावी को गिरफ्तार कर लिया गया था, अन्य आरोपी फरार थे। आरोपियो की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर फरार सह आरोपियों की पता साजी हेतु लगातार दबिश

दिया जा रहा था, जो कि दिनांक 23 मई 2024 को विश्वस्त मुखबीर की सुचना पर प्रकरण के सह आरोपी मानव कन्हैया पिता कमलेश कन्हैया, उम्र 25 साल, निवासी जमातपारा, राजनांदगांव को गुरूनानक चौक से घेराबंदी कर पकडा गया। पुछताछ करने पर आरोपी मानव कन्हैया द्वारा घटना घटित करना स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त डंडे को जप्त कराया आरोपी को विधिवत गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। प्रकरण के अन्य फरार सह आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टंडन, आरक्षक मनोज जैन, सिन्धु सिन्हा, राजकुमार बंजारा, कमल साहू का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

कलेक्टर ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले में मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। 04 जून 2024 को प्रातः 08 बजे से कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड़ कवर्धा में विधानसभा 71-पंडरिया एवं 72-कवर्धा के हुए मतदान की गणना कार्य किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज मतगणना स्थल की तैयारियों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कहा कि टेंट, विद्युत, सफाई कर्मी सहित अन्य कार्य करने वाले कर्मी को आई कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। बिना आई कार्ड के स्थल में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग सौंपे दायित्व के अनुरूप कार्यों अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है वे निर्धारित समय में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

जल संरक्षण का महाअभियान, लोगों को पानी बचाने किया जा रहा है जागरूक

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में गुरुर ब्लाक कुछ सालों से वाटर लेवल के मामले में डेंजर जोन में है इस समस्या से निपटने केलिए जिला प्रशासन ने मुहिम छेड़ी है और आने वाले बारिश के पहले कई गांव में सरकारी पहल सहित स्व प्रेरणा से सोखता गड्ढे बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा और भी कई आयोजन के जरिए लोगो को पानी बचाने जागरूक किया जा रहा है । जनपद के अफसरों से प्राप्त जानकारी जल संरक्षण महाअभियान के तहत विकासखण्ड गुरूर के 78 ग्राम पंचायत के 121 गांवों में बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को संरक्षित करने के लिए यह महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लक्ष्य के रूप में कुल 30899 परिवार के घरों में सोकपीट एवं रिचार्ज पिट निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से जल शक्ति अभियान 2019 के तहत 13858 परिवारों में मनरेगा एवं स्वप्रेरणा से 3570 परिवारों में सोकपीट का निर्माण हो चुका है, जिसमें से 10431 सोकपीट क्रियाशील है, तथा 3420 अक्रियाशील है, जिसे प्रथम पखवाड़े में क्रियाशील बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सामुदायिक भवन एवं अन्य स्थानों में 1379 सामुदायिक सोकपीट एवं रिचार्ज पिट मनरेगा, एसबीएम, 15वें वित्त एवं अन्य योजनाओं से निर्मित है। साथ ही शेष बचे 17041 परिवारों में सोकपीट निर्माण के लिए विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। जिला कार्यालय द्वारा जल स्तर संरक्षण एवं भू-जल स्तर बढ़ाने के लिये 22 मई से 05 जून तक जल संचय पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। जिसके परिपालन में विकासखण्ड गुरूर एवं जिला स्तर के अधिकारी/कर्मचारी गांव-गांव जाकर व्यक्तिगत सोकपीट एवं वाटर रिचार्ज पिट निर्माण किये जाने हेतु रैली, नारा, एवं मनरेगा कार्यस्थल में पहुँचकर जनसमुदाय को जल संरक्षण के बारे में एवं गिरते हुये भू-जल स्तर के बारे में प्रेरित कर रहे है। जिससे ग्रामीण जन जल संरक्षण के महत्व को जन कर सोकपीट एवं रिचार्ज पिट स्वयं से ही सोकपीट निर्माण कर रहे है, इसमें ग्रामीण महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है।

डिप्टी सीएम ने तरेगाँव में क्षेत्रवासियों से की मुलाकात

कवर्धा/नवप्रदेश। स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम में तरेगाँव जँगल जाकर क्षेत्र वासियों से मुलाकात की । इस दौरान ग्रामीणों से अपने विधायक का आत्मीय स्वागत किया । इस दौरान ग्रामीणों ने अपने समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा लोगो को अपनी छोटी छोटी समस्या के लिए भटकना न पड़े इसलिए क्षेत्र में ही समस्या का समाधान हो इस दिशा में कार्य किया जाएगा । अभी आचार संहिता की मर्यादा है इसलिए चुनाव आचार संहिता की बाध्यता समाप्त होने के बाद बहुत जल्द समस्याओं का निराकरण की दिशा में तेजी से कार्य हम सब मिलकर करेंगे । इस दौरान उन्होंने कहा तुंहर बीच रेहे म मोला बने लगथे बिकट दिन हो जथे त रहासि नई पड़य त आज मेल मुलाकात करे बर आय हव ,तुंहर हाल चाल जाने बर । मोर मन म सेवक के भाव हे । तुमन ल छोटे छोटे काम बर भटके ल न पड़य ये भाव हे ओखर बर बढ़िया व्यवस्था तुंहर सँग मिल के खड़ा करबो ।

बारिश के पूर्व बड़े नाली-नाला की सफाई का काम जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली-नालों की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत फरवरी से नाली सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है। चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालों की सफाई कराई जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेनुवल एवं जेसीबी के माध्यम से कर रहे है। जिसकी सतत निरीक्षण भी स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव व सफाई दरोगा के द्वारा किया जा रहा है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से होने बसंतपुर, इंदिरा नगर, जिला चिकित्सालय के सामने, नंदई, गंज चौक मुरारजी पुलिया, गुरूद्वारा के पास, पुराना अस्पताल के पास, मोहारा रोड़, जीई रोड़ के नालों की सफाई कराई गयी है। चिखली, शांति नगर, मोतीपुर, ढाबा, पेंड्री के नालो की सफाई भी कराई जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि शहर के सभी नालों की सफाई अच्छे से कराकर समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जावे, ताकि बारिश में पानी भरान की स्थिति न हो तथा स्वास्थ्य अमला भी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेंगी।

अंतर्राज्यीय शराब कोचिया से बड़ी मात्रा में महाराष्ट्र निर्मित शराब जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके तहत 22 मई 2024 को कोतवाली पुलिस द्वारा 34 (2) के 1 प्रकरण में आरोपी के कब्जे से 49 पौवा देशी शराब कीमती 4410 रूपये, बिक्री रकम 5700 रुपए, बसंतपुर पुलिस द्वारा 34 (1) के 02 प्रकरण में 2 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2880 रूपये, बिक्री रकम 280 रुपए, गैंदाटोला पुलिस द्वारा 34 (2) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 288 पौवा देशी प्लेन महाराष्ट्र निर्मित कीमती 20160 रूपये एवं 180 नग बियर कीमती 32400 रुपए, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34 (2) के 2 प्रकरण में 3 आरोपी के कब्जे से 67 पौवा देशी-विदेशी शराब कीमती 7,430 रूपये एवं छुरिया पुलिस द्वारा 36 (च) के 01-01 प्रकरण कुल 7 प्रकरणों पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।इस प्रकार जिले में दिनांक 22 मई 2024 को कुल 7 प्रकरणों में 8 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 436 पौवा देशी-विदेशी व देसी प्लेन महाराष्ट्र निर्मित शराब 34880 रूपये, 180 नग बियर 32400 रुपए एवं बिक्री रकम 13280 रुपए एवं परिवन में प्रयुक्त वाहन 1 रीड़ कार कीमती 300000 रूपये जुमला कीमती 380560 रूपये जप्त किया गया।

कलेक्टर ने ली निजी स्कूल संचालकों की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में मुख्य शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार जिलें के सभी निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार पर अशासकीय स्कूलों के प्रबंधन एवं प्रिंसिपल के साथ बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के समस्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत निर्धारित पात्रता अनुसार बच्चों के प्रवेश और ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी संकलित करने पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत प्रवेश दिए गए बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्रदान करने पर जोर देते हुए इन बच्चों पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने स्कूल प्रबंधक से कहा की जिले के गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्यो की बैठक 3 दिन के भीतर बुलाकर यह समीक्षा करें।

स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के बाद जगमगाई सड़क

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर की मुख्य सड़को का अंधेरा दूर करने मे जुटी पालिका प्रशासन इसके लिए अभियान चला रही है । जिला प्रशासन के सड़क दुर्घटना को रोकने जारी अभियान के तहत शहर की प्रमुख सड़को की बंद सड़क बत्ती को मरम्मत सुधार के बाद शुरू करने के निर्देश दिए गए थे । इसके बाद से पालिका की बिजली टीम शहर के सड़को मे लगे स्ट्रीट लाइट का फाल्ट ढूंढ कर उसके मरम्मत और सुधार मे जूटी है । दो दिन मे ही पालिका टीम शहर के सिविललाइन, दाउचौरा, मुख्य मार्ग ,धमधा मार्ग सहित आधे से %यादा इलाको मे बंद पड़े 70 से अधिक स्ट्रीट लाइटो का मरम्मत सुधार कर उसे शुरू कर चुकी है । अभियान मे मुख्य मार्गो मे राजनांदगांव कवर्धा, धमधा डोगरगढ़, दूर्ग मार्ग को चिन्हित किया गया है । शहर की प्रमुख सड़को मे महीनो से बंद पड़े स्ट्रीट लाइटो के चलते अंधेरा होने से सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रही है । शहर के कलेक्टर कार्यालय से लेकर एसपी कार्यालय तक बड़ी संख्या मे बिजली पोल मे लगे स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी थी । प्रशासनिक बैठक के बाद पालिका प्रशासन ने इसके सुधार की कवायद शुरू की । राजनांदगांव कवर्धा मार्ग पर अमलीपारा, ईतवारीबाजार, पूराना और नया बस स्टैण्ड, कलेक्टर कार्यालय के सामने, सिविललाइन, एसपी कार्यालय , शासकीय महाविद्यालय सहित पिपरिया तक मुख्य मार्ग मे कई जगहे स्ट्रीट लाइट बंद होने से शाम होते ही लोगो को आवाजाही मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था । अंधेरा होने के चलते सड़को पर मवेशियों के बैठने के च लते छोटीमोटी दुर्घटनाएं भी सामने आ रही थी । एसडीएम टं केश्वर साहू यातायात प्रभारी शक्ति सिंह नपासीएमओ प्रमोद शुक्ला की अगुवाई मे प्रशासनिक बैठक मे सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने सड़को मे पर्याप्त बिजली व्यवस्था बनाने निर्देश दिए गए थे । इसके बाद कार्यवाही शुरू कर दी गई । शहर के अंदरूनी मार्गो मे भी बंद पड़े स्ट्रीलाइट सुधारने के निर्देश दिए गए है।

न्यूज गैलरी

कार 20 फीट खाई में गिरी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा के समीप हंसडाड़ में एक कार 20 फीट गहरे खाई में गिर गया। कार में सफ़र सवार सलामत रहे। बुधवार रात तकरीबन 10 बजे कार क्रमांक बीआर 05 बीबी 3008 बिहार मोतिहार से बिलासपुर की ओर जा रही थी जहां चालक जोसेफ को झपकी आने कारण सड़क किनारे लगी स्पीड बोर्ड को ठोकर मारते हुए खाई में जा गिरा गनीमत चालक बाल-बाल बचा। सूचना पर लखनपुर थाना से उपनिरीक्षक एल आर चौहान अपने सहयोगी स्टाफ के साथ घटनास्थल में पहुंचे।

घर के सामने से बाइक चोरी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है इसी कड़ी में 18 मई को ग्राम जोधपुर में घर के सामने खड़े एक बाइक को अज्ञात चोर ले उड़े। बाइक मालिक ने थाना लखनपुर में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दरअसल सुखसाय देवसाय उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम निम्हा थाना उदयपुर ग्राम बेलदगी अपने जीजा के अंतिम संस्कार में शामिल होने गाया था। वापसी में ग्राम जोधपुर में दिन के 3 बजे जगजीवन के घर के पास पानी पीने के लिए बाइक खड़ा किया। करीब आधे घंटे बाद बाहर निकला तो बाइक अपने स्थान पर नहीं था। प्रार्थी के शिकायत पर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर बाइक एवं अज्ञात चोर की तलाश करने जुटी है।

फोटो केप्सन- 02 तैराकी प्रशिक्षण में शामिल खिलाड़ी

बच्चों को दिया जा रहा तैराकी का प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में तैराकी कैंप ग्राम लालपुर में आयोजित किया गया है। लालपुर एवं आसपास ग्राम के बच्चे तैरने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला के सभी विद्यालयों में विभिन्न खेलों का समर कैंप आयोजन किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी आकाश सिंह परिहार के उपस्थिति में बच्चों के द्वारा फ्री स्टाइल तैराकी का प्रदर्शन किया गया। श्री परिहार के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन एवं तैराकी के लाभ के बारे में बताया गया। खेल प्रशिक्षक राम भजन देवांगन, ग्राम पंचायत के पंच द्वारा बच्चों को शपथ दिलाया गया कि वे तालाब को गंदा ना करेंगे ना करने देंगे।

सहकारी समिति के भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेमरकोना में प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. भवन निर्माण हेतु शासन से राशि स्वीकृत हुई है। जिसे बिलासपुर निवासी मेसर्स कालिका ट्रेडर्स, ठेकेदार विकास सैनी ने टेंण्डर लिया है। उक्त भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 1 एच.पी. मोटर, 1 नग स्ट्रीट लाइट, पाइप व केबल लगाया गया था। 15 मई को रात्रि में अज्ञात लोगो द्वारा चोरी कर ली गई है। कोसमतरा निवासी रविन्द्र कश्यप ने थाना फास्टरपुर में घटना के संदर्भ में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों से खिलवाड़

जिले के स्वास्थ्य अधिकारी उदासीन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले और नगर में चल रहे नर्सिंग होम की आड़ में होने वाले एबॉर्शन और डॉक्टरों द्वारा वसूले जाने वाली मोटी रकम पर नकेल कसने में नाकाम रहे स्वास्थ्य महकमे को अब कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करते हुए झोलाछाप पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी करते आसानी से देखा जा सकता है। जिला बनने लगभग सात साल हो चुके हैं ऐसे में अब दूसरे जगह के बड़े डॉक्टरों की नजर मुंगेली में पड़ने लगी हैं, जिसके चलते मुंगेली में नर्सिंग होम की बाढ़ सी लग गई है, बिना सरकारी मापदंड को पूरा किये ये लोग जल्दबाजी में नर्सिंग होम का उद्घाटन तो कर लेते हैं, और कुछ महीनों के बाद या तो ये नर्सिंग होम बंद हो जाते हैं या फिर किराए के डॉक्टरों के भरोसे छोड़ दिये जाते हैं, जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ता है, और डॉक्टर अपनी मोटी कमाई पर अपना सारा ध्यान लगा देते हैं, भले ही मरीज की स्थिति उनके फीस को भरने की हो या न हो।

झोलाछाप डॉक्टरों का वर्चस्व

जिले और आस पास के गावो में झोलाछाप डॉक्टर का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, कुछ समय पहले हाईकोर्ट के आदेश के बाद इन झोलाछाप पर कार्रवाई कर कड़ाई तो बरती गई पर बाद में विभागीय शिथिलता के कारण ये फिर सक्रिय हो गये। इन झोलाछाप डॉक्टरों की तादाद मुंगेली ब्लाक और लोरमी ब्लाक में ज्यादा है लोरमी के वनांचल भाग में इनका दबदबा काफी कायम है, जिसके चलते वहाँ की ऐसी कई शिकायतें सुनने को मिलती है जिसमे मरीजो को अपनी जान तक गवानी पड़ी थी, लोरमी ब्लाक की एक महिला का कमर से नीचे का हिस्सा भी खराब होते होते बचा। गरीबी और अशिक्षा की वजह से ग्रामीण में सरकारी अस्पताल के बजाय इन झोलाछाप डॉक्टर को ज्यादा तवज्जो देते है, जिसका ये लोग फायदा उठाकर लोगो की जान से खेलते हैं।

बिना मापदंड के नर्सिंग होम

नर्सिंग होम एक्ट के तहत नर्सिंग होम खोलने की परमिशन निर्धारित मापदंड को पूरा करने के बाद ही मिलती हैं, पर ये डॉक्टर शिर्फआवेदन करने के बाद धड़ल्ले से अपना कारोबार शुरू कर देते हैं, न वो वहां व्यवस्थित रूप से कोई व्यवस्था उपलब्ध होती हैं और न ही उनके द्वारा मेडिकल कचरे को व्यवस्थित रखा जाता है। नर्सिंग होम की आड़ में दुकानदारी की प्रथा चल पड़ी है, जिसके चलते इलाज के लिये आये मरीजो के परिजनों को जो दवा की पर्ची थमाई जाती है वो दवा शिर्फपरिसर में स्थित मेडिकल में ही मिल सकता हैं, बाहर से लाने पर स्टाफया डॉक्टर द्वारा इसे अमान्य कर दिया जाता है।जो एक गंभीर विषय है, जिस ओर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

बिना अनुमति ऑपरेशन और एबॉर्शन

ज्यादातर नर्सिंग होम के पास मान्यता की कमी है उनके द्वारा सिर्फविभाग को आवेदन दिया गया है, उनकी मान्यता अभी विभाग द्वारा प्रदान नही किया गया है, फिर भी ये नर्सिंग होम बिना किसी भय के ऑपरेशन और एबॉर्शन का कार्य संचालित करते हैं, जो एक गैर कानूनी अपराध की श्रेणी में आता हैं, परंतु कुछ वरदहस्त होने के कारण ये बिना डर भय के अपने काम को अंजाम देने में लगे रहते हैं। प्रायः ये देखा जा सकता है कि इन झोलाछाप डॉक्टर और नर्सिंग होम के बीच साठगांठ होती हैं, जिसका फायदा दोनो मिलकर उठाते हैं। जिले में विगत कुछ दिन पहले झोलाछाप डॉक्टर पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई आलम ये रहा कि दो लोगों के पास से अंग्रेजी दवाओं से साथ साथ सर्जिकल समान भी बरामद किया गया,, परंतु क्या इन छोटी मछलियों को पकड़ कर विभाग अपनी पीठ थपथपायेगी या फिर बड़ी मछलियों पर कुछ ठोस कदम उठाया जाएगा। ये तो आनेवाला समय ही बताएगा।

ट्रेलर की ठोकर से बाइक सवार की मौत,चालक फरार

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार ठोकर मारी दी। युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गुस्से में ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर में 3 घंटो तक चक्का जाम किया। पुलिस टीम और प्रशासन के अधिकारियों ने आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया। वहीं ट्रेलर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, जावलपुर का रहने वाला कलेश्वर साहू बाजारों में जाकर चना बेचने का काम करता है। वह गुरुवार की देर शाम बलौदा से अपने घर वापस बाइक से लौट रहा था। तभी नैला की ओर से जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन से उसे सामने से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में घटना स्थल पर युवक ने तोड़ा दम।

धर्म-समाज की अच्छी बातें ग्रहण करें युवा : पांडेय

मुंगेली/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 6 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर 20 से 25 मई तक किया जा रहा है। शिविर में युग निर्माण योजना के तहत युवाओं को श्रेष्ठ संस्कार एवं मार्गदर्शन देने, चरित्रवान व्यक्तित्व गढ़ने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में प्रशिक्षित किया जा रहा है। गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन मां वैष्णवी मंगलम एलआईसी आफिस के पास किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे जपं उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने युवाओं को शिविर में सिखाये जा रहे जीवन उपयोगी बातों को अच्छे से ग्रहण करने की बात कही। उन्होने कहा कि स्वामी विवेकानंद के सूत्र वाक्य युवा वर्ग उठो, जागो, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक रूको नहीं, को ध्यान में रखकर कार्य करें। गायत्री परिवार से पधारे प्रशिक्षक डीआर चौहान, पार्वती चौहान ने बताया कि शिविर में 35 ग्रामों से 120 युवक-युवतियां भाग ले रहे है। 6 दिवसीय शिविर में युवाओं को जीवन लक्ष्य, कैरियर निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण, बुद्धि बल बढ़ाने, कर्म फल का सिद्धांत, स्वध्याय, पर्यावरण संरक्षण, यज्ञ एवं संस्कार आदि के संबंध में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में झालेश्वर साहू, राजेश केशरवानी, जितेन्द्र साहू, विवेक , योगेन्द्रपुरी गोस्वामी, सतीश केशरवानी, महेन्द्र ठाकुर, रवीन्द्र यादव, गणेश यादव, गायत्री प्रसाद साहू, नोहर प्रसाद साहू, ऋषि कुमार राजपूत, ररूहा सिंह राजपूत, झाड़ूराम साहू, सुरेश साहू, अन्नू साहू, पुहुप राम साहू सहित गायत्री परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

नशीले इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत प्रतिबंधित मादक पदार्थो की तस्करी करने से जुड़े मामले में 115 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 23 मई को पुलिस थाना गांधीनगर टीम कों मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि राजमोहनीदेवी भवन के बगल गली में मोटरसायकल सवार दो युवक अपने कब्जे मे भारी मात्रा मे प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए राजमोहनी देवी भवन के बगल गली में संदेहियो की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया पूछताछ मे संदेहियो द्वारा अपना नाम मोहित कुमार शर्मा उर्फ़ मोहित भारद्वाज उम्र 26 वर्ष निवासी रायपारा साईं मंदिर रोड़ सुभाषनगर थाना गांधीनगर वहीं दूसरे ने माशुक खान उम्र 23 वर्ष निवासी बरडीह मस्जिद के बगल मे थाना लुन्ड्रा हाल मुकाम गोधनपुर थाना गांधीनगर का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाशी लेने पर झोला मे रखे हुए कुल 115 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन कीमत अनुमानित 57000/- रुपये जप्त किया गया, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोटरसायकल जप्त किया गया हैं, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 285/24 धारा 22 (सी) एन. डी. पी. एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों कों गिरफ़्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

जिले में सुपर स्पेशियलिटी और नवीन मानसिक चिकित्सालय खुलेगा

कलेक्टर सरगुजा ने की भूमि आबंटित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में शासन की मंशानुरूप सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय और नवीन मानसिक चिकित्सालय भवन का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर सरगुजा श्री विलास भोसकर द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि आबंटित कर दी गई है।

राज्य शासन के द्वारा सभी संभागों में एम्स के तर्ज पर सिम्स का निर्माण किया जाना है। इसी क्रम में राजमाता श्रीमती देवेंन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के अधिष्ठाता के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर सरगुजा द्वारा तहसील अम्बिकापुर ग्राम मेण्ड्राकला स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1057 रकबा 26.350 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 8.094 हेक्टेयर भूमि आबंटित कर दी गई है। उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय की स्थापना हेतु इसका अग्रिम आधिपत्य राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के अधिष्ठाता को तत्काल प्रभाव से इस शर्त पर प्रदान की गई है कि उपरोक्त भूमि का उपयोग केवल आवेदित प्रयोजन के लिये ही किया जाए।

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्य शासन के वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में प्रावधान अनुसार सरगुजा जिला में नवीन मानसिक चिकित्सालय के लिए भवन निर्माण कार्य हेतु चिन्हांकित कर उपलब्ध कराने की मांग की गई थी।जिसपर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर सरगुजा द्वारा तहसील अम्बिकापुर के ग्राम मेण्ड्राकला स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1057 रकबा 26.350 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 2.023 हेक्टेयर भूमि को नवीन मानसिक चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु इसका अग्रिम आधिपत्य संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ को तत्काल प्रभाव से प्रदान किया गया है।

साहू समाज के सामूहिक विवाह में 5 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

मुंगेली/नवप्रदेश। सामूहिक आदर्श विवाह में 5 जोड़ों का विवाह सामाजिक रीति रिवाज से सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैंड में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व सांसद लखनलाल साहू सहित अतिथिगणों ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए सुखी जीवन की कामना की। सामूहिक आदर्श विवाह एवं भक्त माता कर्मा जयंती जिला साहू संघ द्वारा आयोजित किया गया। प्रथम दिन तेल चूलमाटी का कार्यक्रम रखा गया था। द्वितीय दिवस सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा बारातियों द्वारा मुंगेली नगर का बाजे-गाजे के साथ भ्रमण किया गया। सामूहिक विवाह में 5 जोड़ों का विवाह सामाजिक रीति रिवाज से सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैंड में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले, प्रमुख अतिथि पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ थानेश्वर साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लखन लाल साहू सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर नव दंपत्तियों को हार्दिक बधाई देते हुए सुखी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने आदर्श विवाह को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला साहू संघ के अध्यक्ष पुहुप राम साहू एवं समस्त पदाधिकारी कार्यकर्तागण जुटे रहे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ मुंगेली के प्रवक्ता डॉ. रामकुमार साहू ने दी।

रकम तिगुना का लालच देकर ठगी, गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। रकम तीगुना करने का लालच देकर लोगों को ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से मोबाइल और 65 हजार नकद बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार चौकी फगुरम थाना उभरा के अपराध कमांक 211/2024 धारा 420 के प्रार्थी किर्तन सिंह मरावी पिता वरूण सिंह मरावी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम झर्रा द्वारा 20 मई को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ब्लाक चैन डी सेन्ट्रलाईज (युबीसी इंटरनेशनल) के नाम से नेटवर्क बनाकर जय कुमार वैष्णव पिता भागीरथी वैष्णव निवासी ग्राम बड़कीमहरी जिला बलरामपुर द्वारा बैंक एवं फोन पे के माध्यम से उसका लगभग 1.45000 रूपये एवं नगदी रकम लगभग 1,00000 रूपये तथा अन्य लोगो को रकम तीन गुना करने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर जमा करवाया गया है, लेकिन जय कुमार वैष्णव के द्वारा लगभग 01 साल बीत जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक कोई भी राशि वापस नही किया गया है, जिससे प्रार्थी को महसुस हुआ कि वे सभी लोग ठगी के शिकार हो गये है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस, अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के द्वारा आरोपी के धरपकड़ हेतु सायबर सेल प्रभारी निरी प्रवीण सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल बलरामपुर रवाना किया गया। टीम आरोपी का पतासाजी करने उसके सकुनत ग्राम बड़की महरी पीपरपारा बलरामपुर जिला बलरामपुर मे पहुंचने पर आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे टीम के द्वारा घेराबंदी कर बड़ी मुश्किल से पकड़कर पूछताछ किया गया, जो प्रारंभिक पूछताछ में घटना कारित करना स्वीकार हुये बताया गया की वह प्रार्थी एवम अन्य लोगों से पैसों को डालर में बदलकर क्रीप्तो करेंसी में निवेश कर रकम तीन गुना करने का झांसा देकर ठगी करता है आरोपी को चौकी लाकर हिकमातमली से पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक रेडमी कंपनी का मोबाईल तथा धोखाधड़ी रकम मे से बचत रकम 65,000 रूपये जप्त किया गया है।आरोपी के विरुध्द पर्याप्त सबूत मिलने एवम आरोपी के द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 23 मई के 15 बजे गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनो को दी गई है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपुत, चौकी फगुरम प्रभारी भूपेन्द्र चन्द्रा, प्रधान आरक्षक नौदित्य वर्मा सायबर सेल, सउनि श्रवण चौहान, आरक्षक अविनाश देवांगन सुभाष राज, जयदेव साहु का योगदान रहा।

चुनाव | तालमेल के साथ कार्य करने किया गया प्रोत्साहित

मतगणना के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के दिशा-निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में काऊंटिंग पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर और टेबुलेशन प्रभारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए गए। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 04 जून को मतगणना कार्य होना है, जिसके लिए आज प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, काउंटिग प्रोसीजर व्यवस्था, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में

कण्ट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा ने कहा की मतगणना से सम्बंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को सभी अधिकारी कर्मचारी अच्छी तरह से समझ लें तथा किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में ही मास्टर ट्रेनर तथा संबंधित अधिकारी से उसका उपाय समझे। ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने बताया कि 04 जून को कृषि उपज मंडी परिसर, नंदेली भांठा में मतगणना कार्य की जाएगी। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सक्ती-35, चंद्रपुर-36 और जैजैपुर-37 के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाने हैं। इस दौरान सक्ती एआरओ के एस पैकरा , चंद्रपुर एआरओ बालेश्वर राम , जैजैपुर एआरओ रूपेंद्र पटेल, डाक मतपत्र नोडल अधिकारी विश्वास कुमार, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर, टेबुलेशन प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सेमरकोना में देशहा कुर्मी क्षत्रिय समाज केन्द्रीय महासभा का वार्षिक महाअधिवेशन का आयोजन 21 मई को किया गया। अधिवेशन में आमंत्रित समस्त अतिथिगण एवं समाज के पदाधिकारियों का स्वागत किया। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय ईकाई के सचिवों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन एवं कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गई। तत्पश्चात् महासचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । तत्पश्चात् केन्द्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन किया। अध्यक्ष पद के लिए हीरा सिंह कश्यप, महासचिव रामशंकर कश्यप, कोषाध्यक्ष रामनारायण कश्यप, आडिटर भीखम कश्यप एवं प्रवक्ता हेतु अशोक कश्यप को मनोनीत किया गया। अधिवेशन में महेत्तर राम, दुकालू राम, भगतराम, खडानंद, भरतलाल, आत्माराम, एमन कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, उमेश कश्यप, पूनाराम ,श्रीराम, जुठेलराम, मन्नूलाल, नीलकंठ, जोगीराम, प्रद्युमन कश्यप, थकीराम, कामता, बद्री, कृष्णा पटवारी, सदाराम, रोशन, अशोक कुमार, रामसनेही, मुनीराम, रामदेव, ज्ञानेंद्र, संजय कश्यप, रोहित कश्यप, राजेश, दिनेश सहित सैकड़ों स्वजातीय उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

छेड़छाड़, एचडीएफसी बैंक मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। एचडीएफसी बैंक में मैनेजर और अन्य कर्मचारियों के ऊपर आरोप लगा है कि एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। पूरे मामले की जानकरी पुलिस को होने पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कोरबा के एचडीएफसी बैंक में मैनेजर और अन्य कर्मचारियों के ऊपर आरोप लगा है कि एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। पूरे मामले की जानकरी पुलिस को होने पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। निहारिका स्थित एचडीएफसी बैंक में एक युवती काम करती थी, युवती का आरोप है कि बैंक में काम करने वाले शनि सिंह, बैंक मैनेजर उमाकांत शर्मा, अमन विश्वकर्मा, छेड़छाड़ करते हैं। प्रताड़ित होने के बाद काम छोड़कर दूसरे बैंक में जॉब के लिए गई जहां वहां पर भी इनके द्वारा वहां के कर्मचारियों को युवती के बारे में गलत आरोप लगया गया और किसी युवक के साथ युवती का फोटो भी वायरल किया गया। जब सारी हदें पार हो गईं तब युवती ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई। इस मामले में पुलिस में एचडीएफसी निहारिका बैंक के मैनेजर शनि सिह शारदा विहार निवासी, एचडीएफसी दर्री के मैनेजर उमाकांत शर्मा, अमन विश्वकर्मा तुलसी नगर निवासी और इस मामले में एक युवती मुम्बई निवसी सुजाता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जहां तीन आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल दाखिल किया गया वहीं सुजाता को पुलिस मुंबई से गिरफ्तारी करने की बात कह रही है।

मालवाहक वाहनों से सवारी परिवहन पर चालानी कार्रवाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे सड़क दुर्घटना रोकने प्रभावी उपायो पर कार्यवाही शुरू करते जिला पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मालवाहको मे सवारी भरकर ढोने वाले वाहन चालको और मालिको पर कार्यवाही करते 14 हजार 9 सौ रू का जुर्माना वसूला । एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देश पर शुरू की गई कार्यवाही के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर माल वाहक वाहनों पर सवारी परिवहन कर लोगो की जान जोखिम मे डालने वालो पर सख्ती बरतते चालानी कार्यवाही की गई । कार्यवाही के दौरान जिले के यातायात थाना द्वारा 08 थाना - खैरागढ़ में 04, छुईखदान -04, गंडई - 03, मोहगांव -04, साल्हेवारा -01, बकरकट्टा -03, गातापार - 02, ठेलकाडीह -02, चौकी जालबांधा में 02 कुल 33 प्रकरणों मे कार्यवाही करते इन लापरवाह वाहनचालको से 14 हजार 9 सौ रू का चालान काटा गया । यातायात विभाग खैरागढ़ द्वारा तीन बस संचालकों पर तथा दो स्टंट बाइकर्स पर कार्यवाही करने के साथ अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई किया गया । जुर्माने के साथ साथ पुलिस ने ऐसे पांच मामलें सीधे न्यायालय मे पेश किया है । जिस पर न्यायालय से कार्यवही होगी । सड़क दुर्घटनाओं को रोकने जिला प्रशासन स्थानीय स्तर पर लापरवाही पर कार्यवाही शुरू कर चुका है । चालानी कार्यवाही के साथ लोगो को यातायात नियमों का पालन करने, नियमों मे लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही, जुर्माना भी किया जा रहा है ।

मदराकुही हाईस्कूल मे पंचायत ने उठाया बीड़ा

परीक्षाओं में अव्वल रहे बच्चों को कराया अयोध्या दर्शन

खैरागढ़/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षाओं मे अपने स्कूल मे पहले तीन स्थानों पर रहने वाले छात्रछात्राओं को पंचायत द्वारा अयोध्या धाम का भ्रमण करा रामलला के दर्शन कराया गया । ब्लाक के मदराकुही शाउमाशा मे कक्षा, नवमीं, दसवीं, 11वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणामों मे पहले ,दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे छात्रों ने पंचायत सरपंच उत्तम सिन्हा की अगुवाई मे शिक्षको के साथ अयोध्या, कांशी विश्वनाथ ,प्रयागराज, गंगा मैया का दर्शन किया । शाउमाशा मदराकुही के कक्षा नवमी में प्रथम साहिल वर्मा, द्वितीय गायत्री देवांगन, तृतीय डागेश देवांगन, कक्षा दसवीं मे प्रथम रहे लोमन जंघेल, द्वितीय राहूल साहू, तृतीय हीना साहू, कक्षा 11वीं मे प्रथम भूनेश्वरी साहू, द्वितीय खुशी वर्मा, तृतीय भावना साहू सेवती निर्मलकर,और कक्षा 12 वीं मे प्रथम निलेन्द्र वर्मा, द्वितीय कल्याणी वर्मा, तृतीय मानसी वर्मा रही । सरपंच उत्तम सिन्हा ने गणतंत्र दिवस पर पहले तीन स्थान पर रहने वाले छात्रछात्राओं को बेहतर पढ़ाई और परीक्षा परिणाम लाने प्रोत्साहित करने पंचायत की ओर से अयोध्या दर्शन कराने की घोषणा की थी । इन छात्रों ने प्राचार्य शिवलाल साहू, शिक्षक महेश साहू, पूष्पा सोनी, संगीता बैस भुवनलाल वर्मा, जनपद सदस्य पुकराम सिन्हा, सरपंच उत्तम सिन्हा, अनुज सिन्हा के साथ अयोध्या मे रामलला,वाराणसी मे कांशीविश्वनाथ, प्रयागराज मे मां गंगा का दर्शन कर मप्र के मऊ स्थित मंदिर का भी भ्रमण कर दर्शन किया ।

संगीत विवि परिसर में चल रहा योग शिविर

खैरागढ़/नवप्रदेश। निर्मल त्रिवेणी अभियान द्वारा संगीत विवि के परिसर एक मे योग शिविर का आयोजन पिछले चार माह से लगातार जारी है । योग शिविर मे असाध्य रोगो, गैस, बीपी, शुगर, थाईराईड, मोटापा, आदि जटिल बिमारियों का योग के माध्यम से निदान कराया जा रहा है । स्कूली बगों को स्वस्थ रहने विशेष योगाभ्यास शिविर का आयोजन रोजाना सुबह 6 बजे से डेढ़ घंटे तक आयोजित किया जा रहा है ।योग शिविर का लाभ कोई भी आम नागरिक उठा सकते है । शिविर पूरी तरह निशुल्क है । योग शिविर मे योग प्रशिक्षक गौतम सोनी प्रशिक्षण दे रहे है । योग शिविर का संयोजन मंगल सारथी, जहीन खान, उमेन्द्र पटेल, अभिलेख सिंह,द्वारा किया जा रहा है ।

‘बुलडोजर कार्रवाई, तालाब मेड कब्जा मुक्त 31 दुकानों पर बड़ा एक्शन

कपड़े में आग लगाकर बुलडोजर को जलाने की कोशिश

बसना/नवप्रदेश। पदमपुर सड़क मार्ग के किनारे शासकीय घास भूमि की जमीन डबरी मेड पर दुकान और मकान बनाकर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने बुलडोजर कार्रवाई की. अतिक्रमण की हटाने की कार्रवाई हल्त्र्ञ के गाइड लाइन के तहत की गई. इस दौरान अतिक्रमणकर्ताओं ने कब्जा हटाने पहुंची नगर पंचायत, राजस्व विभाग एवं पुलिस के साथ जमकर नोकझोंक भी हुई. नगर पंचायत बसना द्वारा इसके पूर्व 3 दिनों में कब्जा हटाने लगभग 31 लोगो नोटिस दिया गया था. अतिक्रमणकर्ताओं को इस त्वरित कार्रवाई का जरा भी अंदेशा नहीं था, बेफिक्र होकर ये अपना व्यवसाय कर रहे थे. लेकिन अचानक नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो इन अतिक्रमणकर्ताओं के साथ पूरे नगर में हडकंप मच गया.

जब इन कब्जों पर बुलडोजर चलने लगा तब तक अतिक्रमणकर्ताओं ने अपने जगह से सामान भी नहीं हटाया था. कब्जा तोड़ते देख सभी लोगों ने आनन-फानन में अपने कब्जा किये हुए घरों और दुकानों से सामान निकालने लगे. साथ ही कुछ लोगों ने इस अतिक्रमण के हटाये जाने का विरोध भी किया. जमकर विरोध किये जाने के बावजूद ये अतिक्रमणकर्ता प्रशासन के बुलडोजर को रोकने में नाकाम रहे. इसी बीच अतिक्रमण हटाये जाने का विरोध करने नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू भी पहुंचे. अतिक्रमणकर्ताओं में नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू का नाम भी शामिल था जिनके घर पर भी बुलडोजर चलाया जाना था.

इस बात को लेकर न.पं. अध्यक्ष की नाराजगी देखी गई. अध्यक्ष की नाराजगी को देख अतिक्रमणकर्ताओं को भी बल मिलता गया. इसी बीच अतिक्रमण हटाये जाने से नाराज एक युवक ने कपड़े में आग लगाकर बुलडोजर को जलाने की कोशिश की हालांकि वह अपनी इस कोशिश में नाकाम रहा.

जिसके बाद पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ कर लिया और थोड़ी देर के लिए बुलडोजर चलना बंद हो गया. लेकिन थोड़ी देर बाद फिर से बुलडोजर ने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया.

लीज खदान के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण, बंद नहीं होने पर दी आत्मदाह की चेतावनी

खसरा नंबर 491 में रेत खदान को दिया गया है लीज पर

बलोद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम सलोनी के ग्रामीण आज शासन द्वारा लीज में दी गई रेत खदान को बंद करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट पहुंचे। लगभग 300 की संख्या में ग्रामीण खनिज शाखा के सामने बैठे रहे। ग्रामीणों का कहना है की शासन द्वारा खसरा नंबर 491 में रेत खदान को लीज पर दिया गया है जिसे खदान शुरू करने की तैयारी की जा रही है जिसे हम बंद करवाने के लिए आए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर जब रेत का खनन किया जाता है तो हमारे गांव में पेयजल संकट आता है और निस्तार की समस्या भी उत्पन्न होती है।

भीषण गर्मी का मौसम है और यदि रेत खदान का संचालन किया गया तो हमें पानी के लिए मोहताज होना पड़ेगा पूरे मामले पर यह पहलू नजर आता है कि लीज में दी गई विधिवत खदान को बंद करने के लिए सैकड़ो ग्रामीण पहुंचे हुए हैं परंतु बालोद जिले में आधा दर्जन से अधिक अवैध रेट खदान संचालित है जिसे लेकर अब तक संबंधित गांवों और प्रशासनिक वर्ग में चुप्पी देखने को मिल रही है।

लीज में लेने के बाद नहीं खोद पाया रेत

खनिज विभाग द्वारा ग्रामीणों की सहमति लिए बिना यहां पर रेत खदान को लीज में दिया गया है जिसका खामियाजा संबंधित ठेकेदार को उठाना पड़ रहा है क्योंकि प्लीज में लेने के बाद उसने उसे जगह पर रेत खनन नहीं किया है जब भी वह रेत निकालने की तैयारी करता है ग्रामीण कलेक्ट्रेट जाकर उसे बंद कर देते हैं। अब समस्या यह है कि सरकार द्वारा खदानें लीज पर तो दी गई है परंतु ग्रामीण की सहमति न होने के कारण सरकार के जेब में पैसा तो चला गया परंतु जिस ठेकेदार ने रेट खदान को लीज कराया है उसका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा 50 लख रुपये की लागत इस खदान में लगाई गई है जिसे वह वसूल भी नहीं पाया है।

होती है पानी की कमी

ग्रामीण देशमुख ने बताया की रेत निकालने से पानी वहां पर रुकता नहीं है अभी हम 30 मीटर में पानी निकाल लेते हैं उन्होंने कहा कि इस मामले पर यदि कोई कार्रवाई नहीं की जाती है प्रधान को बंद नहीं किया जाता है तो हम सब ग्रामीण प्रेत खदान में धरना प्रदर्शन करेंगे और जरूरत पड़ी तो हम आत्मदाह भी करेंगे। निस्तार पर जल हम सब नदी पर ही निर्भर है उन्होंने कहा कि हमारा पूरा गांव नदी पर आश्रित है ऐसे में सरकार ने यदि लिख दिया है तो सरकार जाने हमें किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

कोई सुनने वाला नहीं

ग्रामीण केदार देशमुख ने बताया कि हम यहां पर आए हैं तो हमारी बातों को सुनने वाला कोई नहीं है। खनिज अधिकारी से मिलने के बाद हमें कलेक्टर और अपर कलेक्टर से मिलने के लिए कहा गया परंतु यहां पर कलेक्टर भी नहीं है और अपर कलेक्टर नहीं है। हमारा जीवन यापन नदी पर निर्भर है ऐसा लगता है मानो कि प्रशासन और रेत खदान संचालकों की सेटिंग हो गई हो।

व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति करते है सांसद संतोष पाण्डेय : तुकाराम

19 लोगो की जान से ज्यादा चुनाव सांसद के लिए प्रचार जरूरी

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने सांसद संतोष पाण्डेय पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते सोमवार कवर्धा जिला के बांहपानी में हुए भीषण सड़क हादसे में सेमरहा गांव के 19 लोगो को दर्दनाक मौत से न केवल सेमरहा गांव बल्कि कवर्धा जिला और छत्तीसगढ़ सहित देश के लोगो की आंखें नम हो गई मगर सांसद संतोष पाण्डेय को थोड़ा भी लज्जा नहीं आई ।

तुकाराम चंद्रवंशी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा इस दुखद हादसे के बाद देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त किए थे वही इस लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए हाल ही चुनाव मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और साथ ही घायलों से मिलकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया इसके साथ ही शासन प्रशासन और राजनीतिक दल से जुड़े तमाम लोग पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचकर इस संकट की घड़ी से उबरने के लिए पीड़ित परिवारजनों हौसला दे रहे है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय को इस दर्दनाक हादसे से शायद कोई वास्ता नहीं इसलिए तो घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी सांसद संतोष पाण्डेय लापता है हालाकि संतोष पाण्डेय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से पता चला संतोष पाण्डेय ओडिसा के केंदुझर लोकसभा में चुनावी प्रचार में मशगूल है अगर उनको अपने संसदीय क्षेत्र के लोगो के प्रति थोड़ा सा भी संवेदना या दर्द होता तो वे चुनाव प्रचार छोड़कर 4 दिनों के भीतर पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचते । इस बात से स्पष्ट होता है कि सांसद संतोष पाण्डेय केवल स्वार्थ की राजनीति करते है ।

समर कैंप में बच्चों ने पूछा कब बनेगा शौचालय

भटगांव/नवप्रदेश। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में शासन की निर्देशानुसार समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। इस समर कैंप में प्रति दिवस 35 40 बच्चे नियमित रूप से आकर के विभिन्न गतिविधियां सीख रहे हैं। समर कैंप के चौथे दिवस आखिर बच्चों ने पूछ ही लिया कि आखिर हमारे स्कूल में कब बनेगा शौचालय। विदित हो कि सत्र 2006 से ग्राम डोकरीडीह में मिडिल स्कूल का संचालन किया जा रहा है किंतु वर्तमान में यहां एक भी शौचालय न तो बच्चों के लिए और न ही शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए है। शौचालय नहीं होने से यहां के बच्चों को आवश्यकता पड़ने पर अपने-अपने घर या नाला खुले मे जाना पड़ता है। आखिर कब तक स्कूल के बीच में बच्चे अपने घर या नाला जाएंगे । शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया की पिछले सत्र मैं यहां पदोन्नत होकर आया हूं तब से मैंने लगातार सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक को लिखित मौखिक अवगत कराया गया । इनके साथ ही साथ वर्तमान एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व जिला कलेक्टर तथा बी ई ओ, बी आर सी को लिखित आवेदन अनेक बार दिया जा चुका है किंतु आज तक अभी तक यहां शौचालय नहीं बन पाया ।

अवैध रेत उत्खनन पर सख्ती, रेत से भरी 2 हाइवा और 9 ट्रैक्टर जब्त

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। मामले में प्रशासन सख्त~ राजिम/नवप्रदेश। राजिम में हो रहे अवैध रेत उत्खनन मामले में प्रशासन सख्त हो गया है। लगातर तीसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला खनिज विभाग ने देर रात छापा मारी करके रेत से भरी 2 हाइवा और 9 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

अवैध रेत उत्खनन के मामले में जिला प्रशासन बड़ी-बड़ी कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और अभी भी उन्होंने रेत उत्खनन का काम जारी रखा है। जिला खनिज विभाग ने देर रात जब्त किए गए रेत भरी वाहनों को राजिम थाने में खड़ा करवा दिया है।

प्रशासन ने खड़ी की थी 25 फीट दिवार

वहीं इससे पहले दो बड़ी कार्रवाई के अंतर्गत राजिम में हो रहे लगातार अवैध रेत उत्खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन की टीम ने जिस रास्ते से अवैध रेत की हाइवा जाती हैं उसी रास्ते पर बड़ी दीवार खड़ी कर दी थी।

ग्राम परसदा जोशी में सरपंच निलंबित

दूसरी बड़ी कार्रवाई के तहत राजिम के ग्राम परसदा जोशी में लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन के मामले में सरपंच सुनीता सोनी को नोटिस देने के बाद निलंबित कर दिया गया था। राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक द्वारा यह कार्रवाई की गई। एसडीएम पाठक ने अवैध रेत परिवहन के मामले में 5 सरपंच और सचिवों को भी नोटिस दिया है। नोटिस का सही जवाब नही मिलने पर आगे और कार्यवाही होने की बात आधिकारियों ने कही है।

नपं, पालिका में 4 माह से वेतन नहीं सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका और नगर पंचायत में कार्यरत नियमित / प्लेसमेंट पंचायतों / नगर अधिकारियों / कर्मचारियों को विगत 2 से 4 माह का वेतन भुगतान नहीं हुआ है । जिसके चलते अब सभी को आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ा रहा है । बिना वेतन परिवार चलाना भी संभव नही आखिरकार आज सभी कर्मचारी अधिकारी जिला मुख्यालय पहुंचे और रुके हुए वेतन को जल्द दिलाने की मांग किया है । ज्ञात हो की नगरीय निकायों में वेतन संबंधी समस्या हमेशा ही बना रहता है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निकायों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक



कर्मचारियों का वेतन भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, किन्तु आज दिनांक की स्थिति में संलग्न सूची अनुसार निकायों के कर्मचारियों का वेतन अप्राप्त है। जिसके चलते नगरीय निकाय संघ की ओर से मांग किया गया है कि लंबित वेतन का भुगतान शीघ्र कराया जाये तथा नगरीय निकायों में प्रत्येक माह की 7 तारिख तक वेतन भुगतान की उचित व्यवस्था शासन स्तर से किया जावे। जिसे लेकर आज मुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन के नाम ज्ञापन पत्र कलेक्टर को सौंपा है ।

मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

भाटापारा/नवप्रदेश।, यातायात शाखा भाटापारा में प्रभारी बन कर आए निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है।श्री मिश्रा का मानना है कि सड़को पर बिना अवरोध के यातायात सुचारू चलता रहे, वाहन चालक यातायात नियमों का बखूबी पालन करे तो निश्चित रूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।गुरुवार को यातायात पुलिस ने 47 प्रकरण में 14900 रुपए की मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत समन शुल्क के रूप में वसूल की है।यातायात पुलिस की चली इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से वाहन चालक भी बचने की कोशिश करते नजर आए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के मार्गदर्शन में यातायात शाखा भाटापारा प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान शहर से लेकर विभिन्न प्रमुख मार्गों पर जारी है अभी प्रदेश में जिस तरह सड़क दुर्घटनाओं की खबरे मिल रही है उसको देखते हुए यातायात प्रभारी रितेश मिश्रा स्वयं वाहन चालकों को समझाइश दे रहे। उनका स्पष्ट कहना है कि दुर्घटना से देर भली। किसी भी स्थान पर पहुंचने के लिए समय पूर्व रवाना हो ताकि निश्चित और निर्धारित समय पर वहा पहुंचा जा सके।वही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत उनकी कार्यवाही भी जारी है।

बिरनपुर के खैरी नदी में तैरती मिली लापता युवक की लाश

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला के बहुचर्चित बिरनपुर से एक और घटना सामने आई है. बिरनपुर के पास से गुजरने वाली खैरी नदी में एक युवक की लाश मिली है. शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है. सूचना मिलने पर साजा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा है. साजा पुलिस केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है.

साजा पुलिस थाना के मुताबिक, मृतक युवक नरेंद्र वर्मा पिता नंदराम वर्मा (21 साल) चोरभट्ठी गांव का निवासी था, जो हश्वश्वज्ञ की तैयारी कर रहा था. 21 मई को युवक के परिजनों ने थाने आकर युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी. युवक के परिजन और पुलिस युवक की तलाश में जुटे हुए थे. इसी बीच गुरुवार शाम 5 बजे बिरनपुर गांव के खारी नदी में युवक का शव तैरता हुआ मिला.21 मई को बालक पेटदर्द का इलाज कराने जा रहा हूं कहकर घर से 11 बजे निकला था, जो वापस नहीं लौटा. सूचना मिलने पर पुलिस पता तलाशी कर रही थी. 23 मई की शाम 6 बजे पर्रानाला में डेडबॉडी मिलने की सूचना हम मौके पर गए. वहां पानी में तैरते शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रही है. राजकुमार साहू, थाना प्रभारी, साजा पुलिस थाना

भाजपा गणना अभिकर्ताओं को देशी प्रशिक्षण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश।। भाजपा नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के

संयोजक अशोक बजाज ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता 4 जून को रायुपर में होने वाली मतगणना की तैयारी में जुट गये है। भाजपा द्वारा मतगणना अभिकर्ताओं को 4 जून के पहले प्रशिक्षण दिया जयेगा तथा तकनीकी बातों से अवगत कराया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव साय एवं भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल मतगणना कार्य की तैयारी की सतत् मॉनिटरिंग कर रहे है। श्री बजाज ने आगे कहा कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में जर्बदस्त उत्साह दिखाया, यही वजह है कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 9 विधानसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक 81.19 प्रतिशत मतदान अभनपुर क्षेत्र में हुआ। यही नही बल्कि लोकसभा में 90 प्रतिशत से अधिक पोलिंग वाले 14 मतदान केन्द्रों में से 12 मतदान केन्द्र अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के है। क्षेत्र के बूथ क्रमांक 108 सुन्दरकेरा में सर्वाधिक 93.10 प्रतिशत, बूथ क्रमांक 36 उगेतरा में 91.18 प्रतिशत, बूथ क्रमांक 95 कोलियारी में 91.04 प्रतिशत इसी तरहग अन्य केंद्रों में भी लोगों ने अच्छा मत डाला।

बचेली एनएमडीसी का अपोलो सुपरस्पेशलिटी मेडिकल कैम्प का आयोजन

बचेली/नवप्रदेश। बचेली में 23 मई को एनएमडीसी प्रबंधन के तत्वाधान मे अपोलो सुपरस्पेशलिस्ट मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैम्प मे अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से पधारे डॉ. मोहम्मद अतिक उर रहमान, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. साई किरण राजेश गुडाला, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. व्ही.व्ही.सीएच. शेखर रेड्डी, मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरोलॉजिस्ट) एवं डॉ. कोण्डा रोहित, उदर रोग (जठरांत्र रोग) विषेषज्ञ ने मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श दिया जिसका एनएमडीसी के अधिकारी / कर्मचारी, आदिवासी, नगरवासी एवं दूर-दराज के ग्रामीणों ने भी लाभ ग्रहण किया।

यह मेडिकल कैम्प प्रातः 9.30 बजे दोपहर 1.30 बजे तक एवं पुनः सायंकाल 4.00 बजे से 6.30 बजे तक आयोजित किया गया। कुछ मरीजों ने विशेषज्ञों की सलाहनुसार अपनी जाँच करवाने के पश्चात जाँच रिपोर्ट को अपोलो विशेषज्ञों को पुनः दूसरे पहर मे दिखाकर चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया । इसके पश्चात दिनांक 24 मई, 2024 को अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परियोजना अस्पताल किरंदुल में मरीजों को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक एवं पुनः सायंकाल 4.00 बजे से 6.30 बजे तक चिकित्सा परामर्श दिया जिसका वहाँ के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, आदिवासियों एवं नगरवासियों ने लाभ ग्रहण किया । एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली के प्रभारी मुख्य चिकित्सा प्रशासक डॉ. पी.सी. महन्त, ने बताया कि हर दो-तीन माह के अंतराल में एनएमडीसी प्रबंधन के तत्वाधान मे अपोलो सुपरस्पेशलिस्ट मेडिकल कैम्प का आयोजन निरंतर एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली मे किया जा रहा है, जिससे यहाँ के मरीजों विशेषकर आदिवासी एवं अन्य वर्गों के मरीज जो कि बाहर जाकर सुपरस्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने में सक्षम नही है ऐसे मरीजों को इसका लाभ प्राप्त हो रहा हैएवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के आने से ऐसे मरीज जिन्हे निरंतर चिकित्सा परामर्श कीआवश्यकता होती है उन्हे भी इसका भरपूर लाभ प्राप्त हो रहा है।

सोने के जेवर 9 कैरेट के पड़ेंगे सस्ते

सिर्फ 27770 रुपए प्रति 10 ग्राम बनवाएं ज्वेलरी

नईदिल्ली। मई माह के सिर्फ 6 दिन ही शेष बचे हैं, सोने की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी के होश फाख्ता कर दिये हैं. क्योंकि जून माह में कुछ शादियों की महुर्त हैं. जिसके चलते लोगों को ज्वैलरी बनवानी है. लेकिन आसमान छूती सोने की महंगाई के चलते लोग सर्राफा बाजार की ओर जाते हुए भी डर महसूस कर रहे हैं. लेकिन यहां हम आपको कम पैसों में शादी की ज्वैलरी बनवाने की बात कर रहे हैं.. जी हां यदि आप भी सस्ते में शादी की ज्वैलरी बनवाना चाहते हैं तो 9 कैरेट का सोना आपके लिए विकल्प हो सकता है.

दरअसल, हाल ही में सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी गई है. जिसके चलते ये सोना खरीदने वालों की पहुंच से दूर होता जा रहा है. आपको बता दें कि 24 कैरेट सोने के दाम 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गए हैं. वहीं, चांदी 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के आंकड़े को पार कर चुकी हैं. ऐसे में 14 कैरेट व 9 कैरेट आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है. क्योंकि यह सोना आपको लगभग एक तिहाई रेट पर मिल जाता है. साथ ही इसकी ज्वैलरी भी काफी अच्छी बनाई जाती है. नई बात ये है कि बहुत जल्द 9 कैरेट सोने पर भी आपको हॉलमार्किंग देखने को मिलेगी. दरअसल, सोने के मामले में कैरेट का इस्तेमाल उसकी शुद्धता को मापने के लिए किया जाता है. अगर सोना 24 कैरेट है, मतलब इसमें 99.9 फीसदी शुद्ध सोना है. 22 कैरेट सोने की शुद्धता का स्तर 91.7 फीसदी होता है, जबकि 18 कैरेट सोने में 75 फीसदी सोने की शुद्धता होती है. इसी तरह, 14 कैरेट सोना 58.3 फीसदी तो 12 कैरेट 50 फीसदी शुद्ध होता है. 10 कैरेट में सोने की शुद्धता 41.7 फीसदी और 9 कैरेट में सिर्फ 37.5 फीसदी सोने की शुद्धता है. इसमें भी चांदी, तांबा, जिंक और निकल जैसी धातुओं का मिश्रण किया जाता है.

बुलियन एसोसिएशन के मुताबिक 9 कैरेट के गोल्ड में लगभग 35.5 फीसदी सोना पाया जाता है. यानि लगभग एक तिहाई रेट पर इसकी ज्वैलरी आपको मिल जाती है. अभी तक इस हॉलमार्किंग नहीं मिलती है. लेकिन बताया जा रहा है कि बहुत जल्द 14 व 9 कैरेट के सोने पर भी आपको हॉलमार्किंग देखने को मिलेगी।

निफ्टी खुलते ही 23000 के पार, सेंसेक्स में बंपर उछाल



मुंबई। लोकसभा चुनाव के बीच जहां देश में सियासी पारा हाई है वहीं दूसरी तरफ शेयर बाजार भी रोजाना नई ऊंचाइयां छू रहा है. निफ्टी और सेंसेक्स लगातार ऑल टाइम हाई के स्तर को क्रॉस कर रहे हैं. शुक्रवार को हफ्ते के आखिरी दिन स्टॉक मार्केट ने खुलते ही निवेशकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी. निफ्टी ने जहां 23000 का आंकड़ा क्रॉस कर दिया वहीं सेंसेक्स भी 75500 के स्तर के पार पहुंच गया। खास बात यह है कि यह सबकुछ मार्केट ओपन होने के 15 मिनट के अंदर ही हुआ। शेयर मार्केट में रिकॉर्ड ऊंचाई आने की सबसे बड़ी कुछ शेयरों को दी जा सकती है. इनमें प्रमुख रूप से बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक जैसे शेयर शामिल हैं. वैसे तो मार्केट की शुरुआत लाल निशान यानी गिरने के साथ हुई थी, जिससे निवेशकों को चिंता था कि शेयर बाजार क्या रुख अपनाएगा. सेंसेक्स 82.59 पॉइंट नीचे करीब 75335 के स्तर पर तो निफ्ट 36.9 अंकों की कमजोरी के साथ 22930 पर कारोबार कर रहा था. लेकिन देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में बाजार ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि निवेशकों के बल्ले-बल्ले हो गई. सेंसेक्स में 1200 अंकों का उछाल दिखा और यह 75400 का आंकड़ा पार कर गया। दूसरी तरफ बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में 22 शेयरों में गिरावट से इन्वेस्टर्स में मायूसी का माहौल रहा. सिर्फ 8 शेयर ही अच्छा कारोबार करते दिखे. टीसीएस में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है. यह 1 फीसदी टूटकर 3857 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है. वहीं बीएसई के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल एलएंडटी में देखने को मिला. इसमें 1.2 फीसदी तेजी देखने को मिली. बढ़त के साथ यह स्टॉक 3629 पर ट्रेड कर रहा था।

एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स का आंकड़ा 60 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स (एमएयू) का आंकड़ा 60 करोड़ पहुंच गया है।मस्क की ओर से एक्स (पूर्व ट्विटर) का अधिग्रहण 2022 में 44 अरब डॉलर में किया गया था। इसके बाद से वे इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ एक सुपर ऐप बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर आप फिल्में एवं टीवी शो के साथ डिजिटल भुगतान भी कर सकते हैं।अरबपति टेक कारोबारी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 60 करोड़ को पार कर गई है। इसमें से आधे के करीब लोग प्रतिदिन एक्स का उपयोग कर रहे हैं।

मस्क की पोस्ट का जवाब देते हुए यूजर्स ने कहा कि एक्स शायद मौजूदा समय में दुनिया का सबसे अच्छा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है।बता दें, मस्क लगातार एक्स में बदलाव कर रहे हैं और ऐप में कई नए फीचर जोड़े गए हैं। अधिग्रहण के बाद एक्स पर ब्लू टिक लेने के लिए सब्सक्रिप्शन अनिवार्य कर दिया गया है और इसके साथ ही संस्थाओं के वेरिफिकेशन के लिए गोल्डन टिक शुरू किया गया है।इसके अलावा एक्स पर वॉइस और वीडियो कॉलिंग फीचर भी जोड़ दिया गया है। इसके माध्यम से यूजर्स आसानी से वॉइस और वीडियो कॉलिंग की सुविधा का आनंद उठा सकते हैं।हाल ही में मस्क ने कहा था कि एक्स पर लाइव कंटेंट में सुपर चैट फीचर आने वाले हैं।अब सब्सक्रिप्शन लेने वाले यूजर्स मूवी, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट आदि पोस्ट कर आय अर्जित कर सकते हैं।एक्स की ओर से विज्ञापनदाताओं के लिए भी एक नया एआई टूल लाया जा रहा है, जो कि कुछ ही सेकंड में विज्ञापन के लिए उपयोगी यूजर्स की लिस्ट तैयार कर देगा। मस्क ने एक पोस्ट में कहा था कि वर्तमान एआई के माध्यम से यूजर्स आसानी से क्या आप एक बॉट हैं पास कर सकते हैं।मस्क ने कुछ दिन पहले ऐलान किया था कि अब नए यूजर्स को एक्स पर पोस्ट करने के लिए भुगतान करना होगा।कंपनी की ओर से न्यूजीलैंड और फिलीपींस में यूजर्स से एक्स प्लेटफॉर्म उपयोग करने के लिए अक्टूबर 2023 से ही एक डॉलर प्रति वर्ष चार्ज किए जा रहे हैं।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद गिरे अदाणी के शेयर हुए पूरी तरह रिकवर

नईदिल्ली। अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों ने 2023 की शुरुआत में हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद हुए घाटे को पूरी तरह से रिकवर कर लिया है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर बंदरगाहों से लेकर बिजली क्षेत्र तक कई तरह की गलत गतिविधियों और शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया था। हालांकि, अदाणी समूह ने इन सभी आरोपों को बार-बार गलत बताया है।अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में शुक्रवार को मुंबई में 1.7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई और अब ये फरवरी 2023 में अपने सबसे निचले स्तर से लगभग तीन गुना ज्यादा हो गए हैं। शेयरों में यह तेजी इस उम्मीद में आई है कि अदाणी एंटरप्राइजेज को जून में प्रमुख शेयर बाजार सूचकांक एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में शामिल किया जा सकता है, जिससे कंपनी में और भी निवेश आ सकता है।अदाणी समूह की दूसरी कंपनियां सीमेंट और तांबा कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हैं और इसके लिए वैश्विक निवेशकों से कर्ज जुटाने पर विचार कर रही हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज के अलावा, अदाणी समूह की कम से कम 5 कंपनियां हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पहले के शेयर मूल्य से भी ज्यादा पर कारोबार कर रही हैं।मुंबई के पाइपर सेरिका एडवाइजर्स प्रा. लि. के फंड मैनेजर अभय अग्रवाल का कहना है कि, भारत में कुछ ही ऐसे समूह हैं जो बड़े प्रोजेक्ट कर सकते हैं और अदाणी समूह ने इसमें लीडरशिप की स्थिति ले ली है। निवेशक अदाणी समूह को सरकारी नीतियों के हिसाब से देख रहे हैं और चूंकि देश की नीतियों पर स्पष्ट दिशा है, इसलिए हम सुधार देख रहे हैं। अदाणी समूह की कंपनियों में इस साल सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और अदाणी पावर लिमिटेड शामिल हैं।

15,000 रुपये तक मिलेगा इंक्रीमेंट परफॉरमेंस बोनस का भी ऐलान

एयर इंडिया ने कर्मचारियों को दिया बड़ा तोहफा!

नईदिल्ली। टाटा समूह की प्रमुख विमानन कंपनी एयर इंडिया के कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी होने वाली है। इसके अलावा, कंपनी एम्प्लॉइज को उनके परफॉर्मेंस के आधार पर बोनस भी देगी। इस बात की घोषणा एयर इंडिया ने गुरुवार को।

रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया सीनियर कमांडर, फर्स्ट ऑफिसर्स की सैलरी में हर महीने 5 हजार रुपये से लेकर 15000 रुपये तक का इजाफा करेगा। बता दें कि जनवरी 2022 में टाटा समूह द्वारा अधिग्रहण के बाद एयर इंडिया के कर्मचारियों का यह पहला अप्रैजल है।

एयर इंडिया के सीएचआरओ रवींद्र कुमार जीपी ने कहा कि सैलरी में वृद्धि 1 अप्रैल, 2024 से लागू मानी जाएगी। इसके साथ ही एयरलाइन ने कंपनी और पर्सनल परफॉर्मेंस के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए परफॉर्मेंस बोनस भी देगी। उन्होंने बताया कि एयर इंडिया अगले पांच साल में खुद को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया में है, जिसे देखते हुए कर्मचारियों के हितों को देखते हुए प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धी वेतन वृद्धि दे रहे है। एयर इंडिया में लगभग 18,000 कर्मचारी हैं। विमानन कंपनी एयर इंडिया ने ग्राउंड स्टाफ, केबिन क्रू और पायलटों के अलावा जो कर्मचारी 31 दिसंबर, 2023 से पहले कंपनी में शामिल हुए हैं उन सभी के लिए वार्षिक मूल्यांकन शुरू कर दिया है। टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया के मुख्य कार्य अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने 13 मई को बताया था कि विस्तारा के करीब 7 हजार कर्मचारियों का एकीकरण अगले महीने से शुरू हो जाएगा। साथ ही एयर इंडिया में इसके मर्जर को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का भी लक्ष्य रखा है।इससे पता चलता है कि टाटा समूह ने अपनी दो पूर्ण सेवाओं वाली विमानन कंपनियों की विलय की प्रक्रिया तेज कर दी है और इससे पहले विस्तारा के मुख्य कार्य अधिकारी विनोद कन्नन ने भी इस साल जनवरी में कहा था कि उन्हें साल 2025 के मध्य तक एयर इंडिया के साथ परिचालन विलय की उम्मीद है।

खेल, मनोरंजन

भारतीय टीम अमेरिकी टीम से भिड़ेगी

भारतीय कंपाउंड मिक्स्ड टीम आर्चरी वर्ल्डकप स्टेज-2 के फाइनल में

सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को हराया

दिल्ली। प्रियांश ने सुरेखा वेन्नम के साथ आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेप-2 के मिक्स्ड टीम में फाइनल में प्रवेश किया।

साउथ कोरिया के येचिओन में चल रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में कंपाउंड में भारतीय मिक्स्ड टीम फाइनल में पहुंची। इसके साथ ही भारत के लिए दूसरा मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले बुधवार को विमेंस टीम कंपाउंड के फाइनल में पहुंच चुकी है। ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड के सेमीफाइनल में 16 निशाने में से केवल 2 पॉइंट ही गंवाए। भारतीय जोड़ी ने साउथ कोरिया की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को 158-157 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को गोल्ड मेडल के लिए ज्योति और प्रियांश का सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से होगा। अमेरिकी जोड़ी ने सेमीफाइनल में वियतनाम को 159-152 से हराया। वर्ल्ड नंबर वन भारतीय महिला कंपाउंड टीम आर्चरी के वर्ल्ड कप स्टेज-2 के फाइनल में पहले ही पहुंच गई है। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की तिकड़ी ने सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर की टीम को 233-229 से हराया। इस भारतीय तिकड़ी ने पिछले महीने शंघाई में वर्ल्ड कप स्टेज-1 में गोल्ड मेडल जीता था। भारतीय विमेंस टीम अब शनिवार को गोल्ड मेडल के मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर की टीम तुर्की से भिड़ेगी। दूसरे सेमीफाइनल में तुर्की ने साउथ कोरिया को 234-233 से हराया था। भारतीय महिला टीम के लिए यह आसान सफर था। क्वालिफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम को क्वार्टर में बाई मिली थी। उन्होंने अंतिम 8 में इटली को 236-234 से हराया था। विमेंस टीम गोल्ड मेडल के मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर की टीम तुर्की से भिड़ेगी। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे भी व्यक्तिगत वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीद कर रहे हैं।

कमल हासन की ठग लाइफ ने बनाया एक नया रिकॉर्ड

साउथ सुपर स्टार कमल हासन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे एक बार फिर से दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम के साथ काम कर रहे हैं। कमल हासन के फैंस अभी से ही उनकी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। दर्शक बेसब्री से ठग लाइफ की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने नाम एक रिकॉर्ड बना लिया है।

निर्देशक मणिरत्नम 36 साल बाद एक बार फिर से कमल हासन के साथ काम कर रहे हैं। इन दिनों ठग लाइफ की शूटिंग दिल्ली में चल रही है। हर दिन कमल हासन की इस फिल्म से जुड़ी कोई न कोई खबर आती ही रहती है। वहीं आज जो खबर आई है वह कमल हासन के फैंस को काफी उत्साहित करने वाली है। रिपोर्ट्स की माने तो ठग लाइफ की ओवरसीज राइट्स 63 करोड़ रुपये में बिकी है। ठग लाइफ कॉलीवुड की पहली ऐसी फिल्म है जिसके ओवरसीज राइट्स 63 करोड़ रुपये में बिके हैं। इस खबर के बाद से कमल हासन के चाहने वालों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ठग लाइफ में कमल हासन तीन अलग-अलग किरदारों को निभाते नजर आएंगे। हालांकि अभी तक इस खबर की कोई पुष्टि नहीं की गई है। कमल हासन की यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने जा रही है। ठग लाइफ मणिरत्नम की महत्वाकांक्षी फिल्म है। वे इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस फिल्म में कमल हासन के अलावा तृषा कृष्णन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, गौतम कार्तिक, नासिर, पंकज त्रिपाठी और अली फजल जैसे सितारे अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस फिल्म में संगीत एआर रहमान का होगा। दर्शक बेसब्री इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे

धवन लेंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में धवन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। इस सीजन वह सिर्फ पांच मैचों में नजर आए। इनमें सलामी बल्लेबाज ने 125.62 के स्ट्राइक रेट 152 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक अर्धशतक निकला। भारतीय टीम के दिग्गज सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बताया कि वह ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं जहां वह जल्द ही अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करेंगे। अपने पहले टेस्ट मैच में शतक बनाने और अपने सौवें वनडे मैच में शतक का जश्न मनाने वाले धवन लंबे वक्त से टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2022 में खेला था। अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। धवन ने अपनी मौजूदा परिस्थिति पर चर्चा करते हुए कहा, ÷मैं अभी बदलाव के दौर से गुजर रहा हूं जहां मेरी क्रिकेट विश्राम पर आएगी और मेरे जीवन में एक नया अध्याय शुरू होगा। आपके पास केवल एक निश्चित आयु है। यह ज्यादा से ज्यादा एक वर्ष और है।÷ धवन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2010 में की थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला वनडे मैच खेला था। जून, 2011 में धवन ने टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया जबकि दो साल तक उन्हें टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू के लिए इंतजार करना पड़ा।

चोट की वजह से नहीं खेल सके बाकी बचे मुकाबले

आईपीएल 2024 में धवन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। इस सीजन वह सिर्फ पांच मैचों में नजर आए। इनमें सलामी बल्लेबाज ने 125.62 के स्ट्राइक रेट 152 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक अर्धशतक निकला। चोट की वजह से वह बाकी मैचों का हिस्सा नहीं बन सके। अब उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह जल्द ही अपने करियर को लेकर बड़ा फैसला ले सकते हैं। हालांकि, पंजाब किंग्स के कप्तान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के विषय में चर्चा कर रहे हैं या आईपीएल से संन्यास लेने का विचार कर रहे हैं।

धोनी नहीं लेंगे आईपीएल टूर्नामेंट से संन्यास

नई दिल्ली। सीजन की शुरुआत से पहले ही सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला कर सभी को चौंका दिया था जिससे इस बात की चर्चा तेज हो गई थी कि क्या यह माही का आखिरी सीजन है?

आईपीएल 2024 सीजन अब समाप्ति की ओर है और रविवार को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इस सीजन पर कई रिकॉर्ड टूटे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सफर ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया था और टीम प्लेऑफ में पहुंचने से चूक गई थी। सीजन की शुरुआत से पहले ही सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला कर सभी को चौंका दिया था जिससे इस बात की चर्चा तेज हो गई थी कि क्या यह माही का आखिरी सीजन है? हालांकि धोनी की तरफ से अभी इसे लेकर कोई बयान सामने नहीं आया है, लेकिन टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काशी विश्वनाथन का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि टीम को अगले सीजन भी धोनी की सेवाएं मिलती रहेंगी। विश्वनाथन ने सीएसके के यू-ट्यूब चैनल पर कहा, धोनी कब संन्यास लेंगे इसे बारे में मुझे कुछ नहीं पता है। यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब सिर्फ धोनी ही दे सकते हैं। हमने हमेशा धोनी के फैसले का सम्मान किया है और यह फैसला भी उनके ऊपर ही छोड़ दिया है। सभी को पता है कि उन्होंने अपने फैसले सही समय पर लिए हैं और उनका एलान किया है। हमें उम्मीद नहीं है कि उनके फैसला लेने से पहले हमें जानकारी का पता चलेगा। हमें उम्मीद है कि धोनी अगले सीजन भी खेलेंगे और यह सिर्फ मेरा नजरिया है। धोनी ने इस सीजन 161 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 220.55 का रहा।

किरदार की मासूमियत बरकरार रखना चाहती हूं: राधिका मदान

मिस्ट्री फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में मुख्य किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान ने बताया कि किस तरह फिल्म ने उन्हें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। राधिका ने अपने किरदार सजनी से जुड़ी कुछ बातें शेयर कीं।उन्होंने कहा, सजनी के लिए मुझे वास्तव में दुख हो रहा है। लेकिन इसका उपाय सिर्फ यह है कि आप समाज के लिए अपनी चमक या अपनी मासूमियत को न खोएं। यह बहुत जरूरी है कि आप अपनी नजरों में सही रहें और अपने आप पर भरोसा रखें।राधिका ने कहा, किसी को बाहरी लोगों के अनुसार अपनी जिंदगी नहीं जीनी चाहिए। इसलिए, मैं सजनी की चमक और मासूमियत को अपने अंदर बरकरार रखने की पूरी कोशिश करूंगी। फिल्म की शूटिंग से जुड़े एक किस्से को बताते हुए राधिका ने कहा, हर एक सीन ने हमें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। सिर्फ मुझे ही नहीं, बल्कि निर्देशक, सेट पर मौजूद लोगों, को-एक्टर्स को भी.. मुझे लगता है कि हर सीन इंट्रोस्पेक्शन से भरा था। राधिका ने कहा, आप अपने बारे में नहीं, बल्कि अपने रोल के बारे में सोचते हैं, लेकिन यह फिल्म आपसे यह सवाल करने पर मजबूर करती है कि आप खुद को कैसे देखते हैं।

27 मई से 2 जून तक चलने वाले शिव महापुराण की तैयारियां पूरी

शिव महापुराण की कथा का रसास्वादन करेंगे श्रध्दालु

नारायण वर्मा

अम्लेश्वर/दुर्ग/नवप्रदेश। बाबा हटकेश्वर नाथ की नगरी में शिव महापुराण की तैयारियां जोरों पर है प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। 27 मई से 2 जून तक चलने वाले इस शिव महापुराण कथा में आसपास गांवों के अलावा महाराज की कथा का लाभ लेने के दूर-दराज से भी लोगों का आना प्रारंभ हो चुका है। आयोजनकर्ताओं में मोनू साहू, पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, सागर खंडेलवाल ने बताया कि लगभग 5 से 7 लाख श्रद्धालु के आने की उम्मीद जताई है तथा उनके इंतजाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को रोजाना खाने की व्यवस्था की गई है । आगे संयुक्त बयान में बताया की पहली बार इतने बड़े विशाल मैदान में शिव महापुराण होने जा रहा है इसकी जानकारी प्रशासन को दे दी गई है तथा ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा बलों का पर्याप्त इंतजाम किया है।

मोनू साहू (जिला पंतायत सदस्य दुर्ग) तथा पवन खंडेलवाल (समाजसेवी) ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले इसका प्रयास किया था लेकिन अब यह शुभ कार्य सम्पन होने जा रहा है।

उन्होने आगे कहा कि आज तक सबसे बड़े स्थान लगभग 50 से 55 एकड़ मैदान में शिव महापुराण का आयोजन हो रहा है इसके पहले इतने बड़े स्थान में कहीं पर भी कथा का आयोजन नहीं किया गया है। इसके पर्याप्त इंतजाम के लिए कहीं कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होने बताया कि पहले दिन कलश यात्रा के साथ पूजा पाठ के साथ कथा प्रारंभ होगी। वीवीआईपी, वीआईपी, फैमिली तथा मीडिया वालों के लिये बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। जो भक्त बाहर से आ रहे रहे है। उनके रूकने की व्यवस्था की जा रही है।

आयोजनकर्ताओं की टीम

पवन खंडेलवाल

मोनू साहू

विशाल खंडेलवाल

सागर खंडेलवाल

2 से 3 हजार कार्यकर्ता

आयोजक मंडल ने संयुक्त बयान में कहा कि लगभग दो से तीन हजार कार्यकर्ता लगातार कार्य पर लगे है। तथा आसपास के गांवों से सेवाकार्य करने लोग आ रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये वे दिन रात एक कर रहे है।

भंडारे की व्यवस्था

सुबह व शाम भंडारे की व्यवस्था की गई है जिसमें एक लाख से अधिक लोगों को रोजाना खाना खिलाने की व्यवस्था की गई है। कथा से पहले व कथा के बाद यह व्यवस्था की गई है।

100 से भी अधिक बायो टायलेट

श्रद्धालुओं का पूरा ध्यान रखा गया है बाहर तथा आसपास से आने वाले या रुकने वालो के लिए 100 से भी अधिक बायो टायलेट का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा कथा स्थल से बाहर भी इंतजाम किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम

शिव महापुराण कथा स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम 24 घंटे रहेगी ताकि किसी को भी तुरंत इलाज मुहैय्या कराया जा सके। एम्बुलेंस की सेवा उपलब्ध रहेंगी । विकलांग श्रध्दालुओं के लिए अलग से ट्रायसिकल का इंतजाम किया गया है जिससे कि उन्हें कथा स्थल तक पहुंचने में समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

24 घंटे पानी का इंतजाम

कथा स्थल पर 24 घंटे पानी की व्यवस्था है इसके लिए सिंटेक्स की टंकी चारों ओर लगी है। जिसमे 24 घंटे पीने का ठंडा पानी मिलेगा। तथा पानी टैंकरों का भी पर्याप्त इंतजाम किया गया है। इसके साथ गर्मी को देखते हुए स्प्रिलंकर लगाया गया है जिससे हल्की फुहार रहेगी।

कूलर पंखे व लाइट की व्यवस्था

200 से भी अधिक जंबो कूलर पंखे के अलावा चारो ओर श्रद्धालुओ के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम लगाया गया है ताकि भरी गर्मी से राहत मिलती रहे। लाइटिंग और विद्युत का कार्य पूरा हो चुका है। जनरेटर का भी पर्याप्त इंतजाम किया गया है।

पार्किंग की व्यवस्था

कथा स्थल तक पहुंचने के लिये जो श्रद्धालुओं चार पहिए, दो पहिए से आएंगे उनके लिए अलग अलग स्थानों पर पार्किंग का इंतजाम किया गया है। कथा स्थल के सामने के अलावा, खुडमुडा, भोथली, मगरघटा, कबीरधाम आश्रम, अमलेश्वरडीह, सांकरा, खारून पैलेस, महादेवघाट, मुक्तिधाम, भाटागांव रोड गोकुलधाम के आसपास पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

अमलेश्वर पालिका

अमलेश्वर नगर पालिका से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। समय समय पर सफाई का काम जारी रहेगा। तालाबों की साफ सफाई करा दी गई है। पीने के पानी का भी इंतजाम किया गया है। तथा पालिका से जो सहयोग आयोजनकर्ता की मांग होगी उसे अपनी व्यवस्था के अनुसार मुहैय्या कराएंगे।

- सतीश यादव, सीएमओ अमलेश्वर पालिका

प्रशासनिक व्यवस्था

प्रशासन की ओर से सुरक्षा बलो की इंतजाम किया है जो बाहर और जो कथा स्थल तथा आसपास के स्थानों पर इसकी तैनाती की गई है व्यवस्था सुचारू रूप से चले इसके लिये उनके पास पर्याप्त इंतजाम है तथा प्रशासन की इस पर पूरी नजर है। अमलेश्वर थाने का भी सहयोग रहेगा।

-आशीष बंछोर, एसडीओपी, पाटन

न्यूज गैलरी

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सबेरे 10.00 बजे से न्यू कन्वेन्शन हॉल नवीन विश्राम गृह, सिविल लाईन, रायपुर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय 'जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी चुनौती'रखा गया है। पोस्टर प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में आयोजित होगी जिसमे प्रथम वर्ग में 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग में 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष एवं चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों के लिए होगा।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश गांधी चौक सारागांव में पुरानी रंजिश को लेकर पांच युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी हलेश्वर कुमार साहू 24 वर्ष ग्राम सारागांव का रहने वाला है। प्रार्थी गांव में ही गांधी चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी बिट्टू, गोपाल, जिधन, परमेश्वर व अन्य आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

शराब बेचते अधेड़ पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। गोबरानवापारा पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 16 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली कि टीवीएस स्कूल के पास नवापारा में अधेड़ शराब बेच रहा है।

नशेड़ी ग्राहक बनकर रायपुर पुलिस ने किया ड्रग्स माफियाओं का राजफाश

- **छत्तीसगढ़ में विदेशी ड्रग्स खपाने वाले दिल्ली से गिरफ्तार**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रोफेसर गैंग को ड्रग्स सप्लाई करने वाले चार से ज्यादा आरोपियों को रायपुर पुलिस ने दिल्ली से पकड़ा है। आरोपियों से ड्रग्स, कैश, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पुलिस ने बरामद किया है। आरोपियों को सड़क के रास्ते दिल्ली से रायपुर लाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उनका कहना है कि पूछताछ करने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में दिल्ली से रेल मार्ग से ड्रग्स लाई जाती थी।

पुलिस खुद कस्टमर बनकर पहुंची और गैंग को पकड़ा

तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए पांच दिन पहले रायपुर पुलिस की टीम ने दिल्ली में कैंप लगाया था। प्रोफेसर गैंग से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर कैंप कर रही टीम ने लोकल पॉइंटर लगाया और उसके साथ खुद खरीददार बनकर घूमे। पॉइंटर से तस्करों ने संपर्क किया और तो कैंप कर रही टीम के सदस्य खुद कस्टमर बनकर पहुंचे। इसके बाद आरोपियों की घेराबंदी कर धर दबोचा। पहले दो आरोपी गिरफ्त में आए और बाकी आरोपियों को अलग-अलग ठिकाने से ने गिरफ्तार किया है।

साढ़े 3 हजार से 25 हजार में ऑनलाइन बेच रहे थे माल

आरोपी अपने ग्राहको को साढ़े तीन हजार से लेकर 25 हजार तक का ड्रग्स सप्लाई करते थे। इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पूरी रेट लिस्ट बनाकर रखी थी। इसी रेट लिस्ट को देखकर कस्टमर ड्रग्स की मात्रा बुक करके भुगतान करता था। इसके बाद ऑर्डर डिलीवर किया जाता था।

इन रास्तों से रायपुर पहुंच रही नशीली सामग्री

- **ड्रग्सः** गोवा, दिल्ली, मुंबई से ट्रेन के जरिए रायपुर और प्रदेश के बाकी जिलों में सप्लाई।
- **गांजाः** ओडिशा से सड़क ट्रेन के माध्यम से रायपुर और छत्तीसगढ़ के बाकी जिलों तक भेजा रहा।
- **अफीम, डोडा :** पंजाब से ट्रक के जरिए रायपुर और छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलो में सप्लाई।
- नशीली गोलियां, कफ सिरपः दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बंगाल के तस्कर सड़क, ट्रेन के जरिए छत्तीसगढ़ में नशीली गोलियां बेच रहे हैं।

दो पैडलर से पूछताछ के बाद पकड़ा गया मास्टरमाइंड

रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने 13 मई को खम्हारडीह इलाके में ड्रग्स सप्लाई करने के आरोप में पैडलर कुसुम हिंदुजा और चिराग शर्मा को पकड़ा था।

फिर से रामराज्य लाने में मीडिया की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका: खराड़ी

- **चार दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन एवं रिट्रीट का शुभारंभ**
- **संवाद से निकालें संकटों का समाधान: प्रो.संजय द्विवेदी**

माउंट आबू/ राजस्थान। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के ज्ञान सरोवर परिसर में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन एवं रिट्रीट का शुभारंभ किया गया। नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि और मूल्य- मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, रेडियो और वेब मीडिया से जुड़े संपादक और पत्रकार भाग लेने पहुंचे हैं। शुभारंभ पर राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि आज नेता कुर्सी पाने के लिए और सत्ता में आने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। नेताओ का नैतिक स्तर का गिरना चिंता का विषय है। हम उस महान संस्कृति से आते हैं जहां भरत जैसे राजा हुए जिन्होंने 14 बरस अपने बड़े भाई श्रीराम के पैरो की खड़ाऊ रख कर शासन चलाया। आज लोग पैसे कमाने के लिए किसी भी स्तर पर जाने को तैयार हैं। फिर से राम राज्य आएगा इसे कोई रोक नहीं सकता है। इसमें मीडिया को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

टीकाकरण अभियान और सर्विलांस में स्वास्थ्य संस्थानों की अहम भूमिका

- **एम्स और डब्ल्यूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

रायपुर/नवप्रदेश। वैक्सीन की मदद से बच्चों में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को रोकने और सर्विलांस की मदद से रोग के कारणों की पहचान करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान सर्विलांस कार्यक्रम की मदद से प्रदेश के अंदर बीमारियों को रोकने और वैक्सीन की मदद से रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हैल्थ सर्विलांस और इंटेलीजेंस की मदद से टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने पोलियो और स्माल पाक्स को रोकने में टीकाकरण की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में विभिन्न प्रकार के रोगों की सर्विलांस का सबसे बड़ा कार्यक्रम चलाया जाता है जिससे बड़ी संख्या में डेटा प्राप्त होता है। इसका नई तकनीक के साथ विश्लेषण कर रोगों की रोकथाम और अनुसंधान में अनुप्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कुपोषण और भुखमरी को बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए एम्स के बाल रोग विभाग और राज्य सरकार न्यूट्रीशनल रिहेब्लीटेशन सेंटर बना रही है। जिससे बच्चों में कुपोषण की रोकथाम हो सकेगी।

आयोजन सचिव प्रो. अनिल गोयल ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न प्रकार के टीकाकरण अभियान और सर्विलांस, पोलियो की स्थिति, विभिन्न प्रकार के रोगों की रिपोर्टिंग करना और स्वास्थ्य संस्थानों का टीकाकरण अभियान और रोगों की रोकथाम में हिस्सेदारी को लेकर विभिन्न विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया। इसका आयोजन स्कूल ऑफ पब्लिक हैल्थ और एम्स के बाल रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तिल्दा नेवरा थाना इलाके में पुलिस ने एक अभियान चलाया है जिसका नान रखा है निजात इस अभियान के चलते कई नशे का कारोबार करने वाले आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। अभियान निजात के तहत थाना तिल्दा नेवरा में दिनांक 22/05/24 को अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपी अलग अलग प्रकरणों में गिरफ्तार।

दैनिक नवप्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com